जबलपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष- 03 ■ वर्ष : 19, अंक : 69 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 29 न्यून. 24 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा राष्ट्रपति मुर्मू भी हुईं शामिल

# जय-जय जगन्नाथ


एजेंसी ▶▶ पुरी

**भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा रथ में सवार**

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का उत्सव शुरू हो चुका है। 53 साल बाद यह यात्रा दो दिन की हो रही है। मान्यता के अनुसार स्नान पूर्णिमा पर स्नान के बाद भगवान बीमार हो जाते हैं। इस साल भी स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान ठीक हो चुके हैं। रथयात्रा शुरू होने से पहले होने वाली रस्में रविवार को हुईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी रथ यात्रा में शामिल हुईं।



*पीएम मोदी ने हमेशा की तरह इस बार भी प्रसाद भिजवाया। अमित शाह ने मंगला पूजा की*



### भगवान जगन्नाथ के स्वरूप में महाकाल का श्रृंगार

**उज्जैन।** रविवार को महाकाल की नगरी भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गुंजायमान रही। महाकाल का श्रृंगार भी जगन्नाथ के रूप में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल का पंचामृत पूजन अभिषेक कर देश व प्रदेश के लिए मंगल कामनाएं की।

### राजधानी से 7 जगहों से निकली जगन्नाथ रथयात्रा

**भोपाल।** जगन्नाथपुरी की तर्ज पर शहर में भी रविवार को राजधानी में करीब सात से अधिक जगहों से भगवान जगन्नाथ की रथयात्राएं निकाली गईं। इसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के काष्ट से बने विग्रह थे। राजधानी में सबसे पुरानी करीब 40 साल से श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर बैरसिया रोड से निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ यात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन समिति के प्रमोद नेमा एवं दीपिका माहेश्वरी ने बताया कि दोपहर 1 बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई, जो बस स्टैंड, मंगलवारा, इतवारा, चौक, लखेरापुरा, सोमवारा से वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## प्रदेश स्तरीय भाजपा की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में हुआ मंथन

# 29 सीटें जीतने के 'मॉडल' को अब देश भर में पहुंचाएगी भाजपा

इसके जरिए प्रदेश भाजपा संगठन की बूथ स्तर की तैयारियों व चुनाव की रणनीति को देश भर के संगठन में पहुंचाया जाएगा

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि सत्ता व संगठन दोनों से सरकार चलेगी तो आम लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा। संगठन के साथ मिलकर सरकार काम कर रही है। लेकिन, जरूरी यह भी है कि संगठन के लोग सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और लाभ दिलाने के लिए सक्रिय रहें।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मप्र की 29 में से सभी 29 सीटें जीत ली थी। भाजपा इसे मॉडल के रूप में देश भर में पहुंचाना चाह रही है। इसके जरिए प्रदेश भाजपा संगठन की बूथ स्तर की तैयारियों व चुनाव की रणनीति को देश भर के संगठन में पहुंचाया जाएगा, ताकि भाजपा उसी तर्ज पर किसी भी चुनाव में तैयारी कर सके।

रविवार की प्रदेश स्तरीय भाजपा की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में इसी मुद्दे पर मंथन हुआ। वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा चुनाव के अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार की कार्य प्रणाली व रणनीति को बखूबी प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में पांचवी बार सरकार बनाई है। इसकी कुछ तो वजह होगी। मैं तो यही कहूंगा कि संगठन समझकर सरकार चलाते रहे। सत्ता व संगठन दोनों से सरकार चलेगी तो आम लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा।

इस मौके पर संगठन पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने टिप्स दिए

बैठक में पहली बार प्रदेश के 1099 मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए



### भाजपा ने 80.56 प्रतिशत बूथ पर जीत का रिकॉर्ड बनाया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 80.56 प्रतिशत बूथ पर जीत का रिकॉर्ड बनाया है। जो 20 प्रतिशत बूथ बचे हैं, उन पर जीत का संकल्प लेकर कार्यसमिति से जाना है। उन्होंने कहा कि 7 विधानसभा ऐसी हैं जो विधानसभा चुनाव में जीती, लेकिन लोकसभा में हारे हैं। इसकी समीक्षा करने की जरूरत है। शर्मा ने कहा कि सभी ने संकल्प लिया था कि 29 की 29 सीटें जीतेंगे और बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत है। छिंदवाड़ा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि गढ़ किसी का नहीं होता। गढ़ बोलने वालों को मप्र से उखाड़कर फेंक दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुड गवर्नेंस पर जोर दे रहे है। पहली बार प्रदेश के 1099 मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। उनके अलावा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, लोकसभा और राज्यसभा सांसद, सभी विधायक, महापौर, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला महामंत्री समेत संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

### 20 जुलाई को जबलपुर में बड़ी समिट होने जा रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के लिए 20 जुलाई को जबलपुर में बड़ी समिट करने जा रही है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार मिलने वाला है। अब जिलों में उद्योग लगाने के लिए कार्यशाला आयोजित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा बनें। प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ पौधे लगाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की तमाम उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मप्र में एयर एंबुलेंस, हवाई यात्रा से लेकर बजट को भी उसी अनुरूप बनाने की कोशिश की गई। इस बार के बजट में यह कोशिश हुआ कि इसे अगले पांच वर्ष में दोगुना कर दिया जाए।

### शिवराज बोले... राहुल गांधी बालक बुद्धि

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी बालक बुद्धि है। हमने राज जन्म भूमि आंदोलन को हराया इससे पता चलता है। वे अभी नेता प्रतिपक्ष भी अच्छे से नहीं बन पाए हैं। शिवराज ने कहा ये 99 सीट के फेर में इतरा रहे हैं। राहुल बाबा हिंदुत्व की परिभाषा नहीं जानते। हिंदू को हिंसक कहने वाले लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां धर्म होता है वहीं जीत हासिल होती है।

## डॉ. यादव मंत्रिमंडल में पहला विस्तार

# मोहन के कुनबे में 'राम'...आज राम निवास रावत लेंगे मंत्री पद की शपथ

राजभवन में सुबह 9 बजे होगा शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कद्दावर नेता रामनिवास रावत सोमवार को मोहन मंत्रिमंडल में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस छोड़कर वे भाजपा में पहले ही शामिल हो गए थे। राजभवन में सुबह 9 बजे उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। फिलहाल, अभी एक ही मंत्री के शपथ लेने की संभावना है। इसकी सूचना भी सुबह ही मिलेगी। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। दरअसल, वरिष्ठ नेता रावत विधानसभा चुनाव जीत कर तो आ आए थे, किंतु पार्टी में उपेक्षा की वजह से कांग्रेस से उनका मोह भंग हो गया।

इसके बाद ही उन्होंने भाजपा में शामिल होने का मन बना लिया था। एक दिन पहले ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मिलकर उनका इस्तीफा तत्काल स्वीकार करने की मांग की थी। इसके बाद से ही लग रहा था कि जल्दी ही मोहन मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और रावत को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। राजभवन सूत्रों ने बताया कि सोमवार को सुबह 9 बजे शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया है।

### रामनिवास रावत 30 अप्रैल को भाजपा में हुए थे शामिल

श्योपुर की विजयपुर सीट से 6 बार के विधायक रामनिवास रावत ने 30 अप्रैल 2024 को कांग्रेस छोड़ी थी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और भाजपा ज्वॉइनिंग टोली के मुखिया नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में श्योपुर के एक कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता ली थी। इधर, कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के पास रावत और बीना विधायक निर्मला सप्रे की सदस्यता खत्म करने के लिए पिटीशन लगाई गई है। अब 3 महीने के अंदर विधानसभा अध्यक्ष तोमर को इनकी सदस्यता के मामले में फैसला लेना होगा।

### राज्यपाल से सीएम ने की मुलाकात

*राजभवन सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री शाम करीब 6 बजे राजभवन पहुंचे थे, उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलकर मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में चर्चा की। मंत्रिमंडल में अभी मुख्यमंत्री समेत कुल 30 मंत्री हैं। संख्या के हिसाब से कुल 34 मंत्री बनाए जा सकते हैं। रावत के शपथ लेने के बाद भी तीन और मंत्री बनाए जा सकते हैं।*


## खबर संक्षेप

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर एफआईआर




**नई दिल्ली।** बीते साल कैश फॉर क्वैरी कांड के आरोप झेल रहीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा अब नए मामले में फंस गई हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की साइबर यूनिट ने एफआईआर दर्ज की है। महुआ पर एक्स पर अपने पोस्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है।

### वॉट्सएप में फोटो रिप्लाई एडिट का तगड़ा फीचर



**नई दिल्ली।** वॉट्सएप यूजर्स के लिए बड़ी खुशखबरी है। कंपनी का नया फीचर फोटो के रिप्लाइ और एडिट करने के अंदाज को बदलने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार वॉट्सएप के इस नए फीचर का नाम रिप्लाइ ऐंड एडिट फोटोज है। फोटो के रिप्लाइ और एडिट का काम मेटा एआई का होगा।

### उत्तराखंड में रेड अलर्ट रोकी गई चारधाम यात्रा



**देहरादून।** उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में दो दिन भारी से बहुत भारी बारिश होने संबंधी मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर चारधाम यात्रा रविवार को अस्थायी रूप से रोक दी गई। गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## आयुष्मान भारत योजना का होगा विस्तार

# 5 नहीं अब 10 लाख हो सकता है बीमा कवर, बजट में ऐलान संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार इसी महीने पूर्ण बजट पेश करने वाली है। इस बार देश में गठबंधन की सरकार बनी है, तो लोगों को इसके लोकलुभावन होने की उम्मीद है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस बजट में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाय) और आयुष्मान भारत योजना को लेकर कुछ बड़े ऐलान किए जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र आयुष्मान भारत योजना के तहत कवरेज लिमिट को 5 लाख से बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

## यूक्रेन से युद्ध के दौरान मोदी की यह पहली यात्रा

# पीएम मोदी आज से जाएंगे रूस व ऑस्ट्रिया की दो दिन की यात्रा पर

40 साल में किसी भारतीय पीएम की ऑस्ट्रिया की यह पहली यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की यात्रा पर 8 जुलाई को रूस जा रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के बीच यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर यात्रा कर रहे हैं। यह सम्मेलन तीन साल बाद हो रहा है।

# अब ग्रीन सिटी में भी इंदौर होगा 'नंबर वन'

### इंदौर में सीएम-केंद्रीय मंत्री ने किया पौधरोपण



**इंदौर।** इंदौर में चल रहे 51 लाख पौधरोपण अभियान में रविवार को बीएसएफ, बिजासन क्षेत्र में पौधा लगाया। 'एक पौधा मां के नाम' से आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सुबह 11 बजे राजबाड़ा पर मां अहिल्या की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वृहद वृक्षा रोपण अभियान का शुभारंभ किया।

## मप्र एटीएस की पूछताछ में आतंकी फैजान का खुलासा

# लोन वुल्फ अटैक के निशाने पर थे सुरक्षा बल और जवान

फैजान मुस्लिम युवाओं को सुनाता था भारत विरोधी जेहादी गाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारत के खिलाफ जेहादी गाना खंडवा से गिरफ्तार आतंकी फैजान शेख मुस्लिम युवाओं को सुनाता था। वह मुस्लिम युवाओं को भारत के विरोध में भड़काता था। फैजान ने गुरदासपुर, अमृतसर, पठानकोट, पुलवामा, भटकल, बैंगलोर, अहमदाबाद, साबरमती, दिल्ली, नेपाल बॉर्डर, मुंबई आदि जगहों की रेकी की। उसने देश के अधिकतर उन स्थानों की रेकी की, जहां-जहां आतंकी हमले हुए हैं। वह 2012 से इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के साथ जुड़कर भारत में दोबारा आईएम को खड़ा करना चाहता था। एटीएस की पूछताछ में आतंकी फैजान शेख ने बताया कि उसकी लोन वुल्फ अटैक की योजना थी। उसके निशाने पर सुरक्षा बल के अधिकारी और जवान थे। वह लगातार सुरक्षा बल के जवानों और उनके परिजनों की रेकी कर रहा था।

### तीन साल में किया 55 आरोपियों को गिरफ्तार

मप्र एटीएस ने बीते तीन साल में प्रदेश में संक्रिय सिमी, पीएफआई, आईएसआईएस, जेएमबी, एचयूटी, एआई-सूफा और एनडब्ल्यूई की गतिविधियों पर लगातार निगरानी कर रही है। तीन साल में मप्र एटीएस ने 55 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद, राष्ट्रविरोधी साहित्य, आपत्तिजनक दस्तावेज एवं डिजिटल उपकरण जप्त किए हैं।

## मुंबई में एक और 'हिट एंड रन' केस

## शिवसेना के शिंदे गुट के नेता का बेटा चला रहा था कार पुलिस केस को मोड़ने कह रही-ड्राइवर चला रहा था कार

# वर्ली में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने बाइक को मारी टक्कर महिला को 100 मीटर तक बोनट पर घसीटा, मौत हुई

कार का बीमा नहीं था, बीमा की अवधि समाप्त हो चुकी थी

पुलिस जांच कर रही है कि क्या आरोपी शराब पीकर गाड़ी चला रहा था?

हादसे के बाद आरोपी ने कालानगर में कार को लावारिस हालत में छोड़ दिया था

### जब कार को पुलिस स्टेशन लाया गया तो कार की नंबर प्लेट हटा दी गई थी

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पुलिस किसी को नहीं बचाएगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई





मुंबई के वर्ली में रविवार सुबह करीब 5.30 बजे अटरिया मॉल के पास एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक दंपती की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे महिला कार के बोनट पर 100 मीटर तक घसीटती चली गई, जिससे उसकी मौत हो गई ।

### शिवसेना नेता हिरासत में, बेटे का फोन बंद, पुलिस ने उसकी गर्लफ्रेंड को बुलाया



*इस मामले में शिंदेसेना नेता राजेश शाह को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने कार चला रहे उसके बेटे मिहिर शाह की गर्लफ्रेंड को पूछताछ के लिए बुलाया है। कार चला रहा मिहिर शाह फरार हो गया। उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया।*

‘विकसित भारत’ का होगा बजट

# मध्यम वर्ग को तोहफा देने के मिले संकेत, भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण दिखेगा

## वित्तमंत्री ने उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों संग किया विचार विमर्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श पूरा कर लिया है। सीतारमण 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक ‘विकसित भारत’ का रास्ता तैयार करेगा। पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि आगामी बजट सत्र में कई ऐतिहासिक कदम और बड़े आर्थिक फैसले के संकेत मिल रहे हैं।

**खास बातें**

- बजट-पूर्व उद्योग जगत से विचार मंथन की प्रक्रिया पूरी
- 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी सीतारमण
- यह नरेंद्र मोदी 3 .0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा



### राष्ट्रपति के संबोधन से अटकलें हो गई थीं तेज



18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक को अपने पहले संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा।उन्होंने कहा था कि इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ-साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आम बजट 2024-25 के लिए बजट पूर्व परामर्श 19 जून से शुरू हुआ और पांच जुलाई, 2024 को समाप्त हुआ।

### 120 से अधिक लोगों ने चर्चा में भाग लिया

विचार-विमर्श के दौरान 10 हितधारक समूहों के 120 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के अलावा व्यापारिक संगठनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, रोजगार और कौशल, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्योग (एमएसएमई), व्यापार और सेवाएं, उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार और बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इन बैठकों में वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय सचिव टी वी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ, निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) सचिव तुहिन के पांडेय, वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी और राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा सहित अन्य ने भाग लिया।

### ये भी रहे बैठक में शामिल

इन बैठकों में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज गोविल, संबंधित मंत्रालयों के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई, 2024 को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक ‘विकसित भारत’ का रास्ता तैयार करेगा।

## खबर संक्षेप

### सत्येंद्र पर 7 करोड़ घूस लेने का मामला दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के एक फैसले से आम आदमी पार्टी सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ा झटका लगा है। उप राज्यपाल ने जैन के खिलाफ 7 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में जांच की सिफारिश की है। यह मामला दिल्ली में सीसीटीवी लगाने में हो रही देरी से जुड़ा है। वे पीडब्ल्यूडी मंत्री थे।

### झारखंड में तीन मंजिला इमारत गिरी,3 की मौत



**रांची।** झारखंड में भी सूरत जैसा बड़ा हादसा हो गया है। यहां 3 मंजिला इमारत गिरने से हड़कंप मच गया है। इस हादसे में अब तक 3लोगों की मौत हो चुकी है जबकि कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है। एनडीआरएफ,जिला अधिकारियों की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। घटना झारखंड के देवघर की बताई जा रही है।

### अब मोतिहारी में गिरी पुलिया, सियासत गरम



**मोतिहारी।** बिहार में पुलों के ध्वस्त होने का सिलसिला जारी है। अब मोतिहारी से एक पुलिया के ध्वस्त होने की खबर आई है। पूर्वी चंपारण के मधुबन प्रखंड के लोहार्गवा गांव में दो लाख की लागत से बना आरसीसी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। 14 में वित्त आयोग के अनुशंसा पर 2019 में इस पुलिया का निर्माण कराया गया था।

### हिसार कैंट के पास तेल टैंकर में लगी आग



**हिसार।** हरियाणा के हिसार में कैंट के पास एक तेल टैंकर में आग लग गई। ड्राइवर राकेश ने सूझबूझ दिखाते हुए टैंकर से कूदकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें देख नेशनल हाईवे पर भीड़ लग गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। टैंकर में सड़क बनाने में प्रयोग होने वाला तेल था।

### कोलकाता सीपी, डीसीपी सेंट्रल पर होगी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने बंगाल में तैनात दो सीनियर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को मंजूरी दे दी है। पुलिस कमिश्नर और डीसीपी सेंट्रल पर कार्रवाई होगी। इन पर राजभवन की छवि को धूमिल करने का आरोप है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस की शिकायत के बाद यह एक्शन लिया है।

तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष की हत्या मामले ने पकड़ा तूल

# राज्य में कानून नाम की कोई चीज नहीं असली अपराधी अब भी पकड़ से दूर क्यों?

## हत्या मामले को लेकर स्टालिन सरकार पर बरसीं बसपा प्रमुख

मायावती ने आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी

न्याय के लिए सीबीआई जांच की जाए

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है।

उन्होंने दावा किया कि अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असली अपराधी नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से पीड़िता को न्याय सुनिश्चित करने के लिए जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया।बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने तमिलनाडु बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी। शहर के पेरंबूर में एक निजी स्कूल में 52 वर्षीय नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### राज्य सरकार को न्याय देना चाहिए

उन्होंने यह भी कहा कि देर शाम हमलावरों के एक समूह द्वारा जिस तरह से आर्मस्ट्रांग की हत्या की गई, उससे पता चलता है कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सीएम स्टालिन को आर्मस्ट्रांग के लिए न्याय सुनिश्चित करना चाहिए और जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपना चाहिए। उन्होंने कहा कि असली दोषियों को पकड़ा नहीं गया है। जांच सीबीआई को सौंपी जाए। हमें उम्मीद नहीं है कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी।



### हम और राज्य इकाई चुप नहीं बैठेंगे

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी ने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और हम चुप नहीं बैठेंगे। हमारी राज्य इकाई चुप नहीं बैठेगी और इस मामले को सीबीआई को सौंपने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाएगी। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगी कि उनके परिवार और समर्थकों को यह दुख सहन करने की शक्ति दे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पार्टी और कैडर को आगे आना चाहिए। मगर साथ ही, कानून की सीमा के भीतर रहना चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि कमजोर वर्ग कानून अपने हाथ में नहीं लेता है।’

### दलितों को सुरक्षा देनी चाहिए

बसपा नेता ने कहा कि आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद पूरे राज्य के दलित डर में हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पार्टी ने मामले को गंभीरता से लिया है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ता कानून व्यवस्था को अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा कि मैं राज्य सरकार और विशेष रूप से सीएम से आग्रह करती हूं कि उन्हें राज्य में कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। विशेष रूप से कमजोर वर्गों को सुरक्षित महसूस करना चाहिए। अगर सरकार गंभीर होती तो असली आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार कर लिया गया होता। मगर अब ऐसा नहीं है तो हम राज्य सरकार से मामले को सीबीआई को सौंपने का आग्रह करते हैं।’



हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

### नेता का शव पार्टी के दफ्तर में नहीं दफनाया जा सकता

आर्मस्ट्रांग के शव को राज्य की राजधानी में पार्टी के कार्यालय में नहीं दफनाया जा सकता। मद्रास हाईकोर्ट ने आज डीएमके सरकार के रुख को बरकरार रखते हुए यह फैसला सुनाया। आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को चेन्नई में उनके घर के पास हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि के आर्मस्ट्रांग के शव को निकट के तिरुवल्लुवर जिले में एक एकड़ निजी स्वामित्व वाले भूखंड में दफनाया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि बसपा समर्थकों द्वारा शवयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकाली जानी चाहिए। इससे पहले मृत बसपा नेता की पत्नी के पोरकोडी ने कोर्ट में याचिका दायर करके शव को चेन्नई में पार्टी के दफ्तर में दफनाने की इजाजत मांगी थी।

आईएनएलडी के सामने क्षेत्रीय पार्टी का दर्जा खत्म होने का संकट

# मायावती से मिले चौटाला, हरियाणा में गठबंधन को लेकर किया मंथन



◆ बसपा भी हरियाणा में खत्म होते जनाधार से चिंतित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में क्षेत्रीय पार्टी का दर्जा बचाने के लिए जूझ रही इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) एक बार फिर बहुजन समाज पार्टी से हाथ मिलाने की कोशिश में जुट गई है। हालिया लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में एक भी सीट जीतने में नाकाम रही बसपा हरियाणा में तो हमेशा ही कमजोर रही है। शनिवार को आईएनएलडी के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने नई दिल्ली में बसपा प्रमुख मायावती से मुलाकात की। दोनों नेताओं की इस मुलाकात के मायने यही समझे जा रहें हैं कि जल्द होने वाले विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर विचार किया जा रहा है। अभय चौटाला ने एक्स पर लिखा ‘बसपा सुप्रीमों और पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, परम आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी से उनके निवास स्थान पर मुलाक़ात की और देश-प्रदेश के मुख्य मुद्दों पर विशेष चर्चा की।’

### चौटाला को मिले केवल 1.78 फीसदी वोट

लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में दलित वोट बैंक कांग्रेस की तरफ खिसका है। बसपा इसे लेकर चिंतित है। बसपा को मात्र 1.28 प्रतिशत वोट ही मिल पाये। कुछ ऐसा ही हाल आईएनएलडी का रहा। ओम प्रकाश चौटाला की पार्टी मात्र 1.78 प्रतिशत वोट ही ले पायी।

2018 में पार्टी ने इनेलो के साथ गठबंधन किया। मायावती ने अभय चौटाला को राखी बांधकर एकजुटता दिखाई थी। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले ही यह गठबंधन टूट गया था। अब दोनों पार्टियां एक जैसे हालात से दो चार हों रही हैं। अभय चौटाला को मालूम है कि अगर आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही तो चुनाव आयोग आईएनएलडी क्षेत्रीय पार्टी का दर्जा खत्म कर देगा। पार्टी का चुनाव चिन्ह ऐनक छीन जाएगा। यही वजह है कि अभय चौटाला मायावती के साथ गठबंधन चाहते हैं ताकि दोनों पार्टियां कुछ बेहतर नतीजे लाने की कोशिश कर सकें। हालांकि राजनैतिक जानकारों का कहना है कि अभय और मायावती अगर साथ चुनाव लड़ते भी हैं तो भाजपा और कांग्रेस के रहते कोई खास उम्मीद उनके वोट बैंक में इजाफे की नहीं है।

यमुना एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज पर बना जानलेवा गड्ढा

# गड्ढे में डूबे 4 बच्चों की मौत और बचाने के फेर में 6 लोग भी डूबे

एजेंसी ▶▶ आगरा

आगरा में खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में नहाने गए 4 बच्चों को डूबते देख महिला सहित 6 लोग बचाने के लिए पानी में कूद गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में सभी डूबने लगे। घटना की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, जिनमें 4 बच्चों की मौत हो गई।

वहीं अन्य लोगों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक भी मौके पर पहुंच गए। खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर कानपुर व औरेया के रहने वाले 7 मजदूर परिवार विगत दिनों से यहां तम्बू लगाकर रह रहे हैं। आसपास के गांवों में जाकर समान बेचते थे। रविवार सुबह पास में ही बने पानी से भरे गड्ढे में 3बच्चे हिना, खुशी व चांदनी नहाने के लिए कूद गए। कुछ ही देर बाद तीनों डूबने लगे।



### रस्सी डालकर कुछ लोगों को निकाला

आवाज सुनकर परिवार की महिला नगीना पत्नी छिगा, अनुराधा, रागिनी, प्राची, सनी व रिया भी कूद गईं। सभी एक साथ डूबने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर आ गई। इसके बाद पुलिस व ग्रामीणों ने रस्सी डालकर सभी को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला, जिनमें हिना, खुशी, चांदनी और रिया की मौत हो गई। अन्य सभी को उपचार के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पर एसीपी और विधायक भी पहुंच गए।

### 50 हजार के लिए दोस्त का कर दिया मर्डर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक होटल में एक शख्स की लाश बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि उसकी उसके दोस्त ने ही 50 हजार रुपए के लिए गला घोंटकर हत्या कर दी है। विवाद के चलते मर्डर के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया था, तलाश के बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।वसंत कुंज स्थित एक होटल में दोस्त की हत्या की थी।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कही बड़ी बात

# अमृतपाल और राशिद को जनता ने चुना, प्रक्रिया के तहत दिलाई शपथ

कोटा में स्पीकर ने जीवंत और संपन्न लोकतंत्र का संकेत बताया

एजेंसी ▶▶ कोटा

लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुनाव को ओम बिरला ने जीवंत और संपन्न लोकतंत्र का संकेत बताया। लोकसभा अध्यक्ष पद पर पिछला चुनाव 1976 में हुआ था। इस बार विपक्ष ने ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया था।

हालांकि मत विभाजन की नौबत नहीं आई और बिरला ने ध्वनिमत से चुनाव जीता था। इस बीच अमृतपाल और इंजीनियर राशिद के चुनाव जीतने पर ओम बिरला ने शपथ दिलाने पर भी बात की।



### अदालती आदेश का भी पालन किया गया

कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह और आतंकवाद के वित्तपोषण मामले के आरोपी इंजीनियर राशिद के जेल से चुनाव जीतने पर बिरला ने कहा कि दोनों सदस्यों को जनता ने चुना है। लोकसभा के प्रक्रिया नियमों और अदालतों के आदेश के अनुसार शपथ दिलाई है। निर्दलीय अमृतपाल ने पंजाब के खडूर साहिब और इंजीनियर राशिद ने जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव जीता है।

### *सड़क और संसद की बहस में अंतर होना चाहिए*

*24 जून से 3 जुलाई तक 18वीं लोकसभा का पहला सत्र चला। यह सत्र बेहद हंगामेदार रहा है। हंगामा और विपक्ष के व्यवधान पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद और सड़कों पर होने वाली बहसों में अंतर होना चाहिए।*

उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग का रेड अलर्ट

# नदियां उफनीं और भूस्खलन से 109 मार्ग बंद

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने जिलाधिकारियों को अलर्ट किया

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश जारी है। नदियां ऊफान पर हैं। भूस्खलन के कारण मलबा सड़क पर आने से राज्य के कई प्रमुख राजमार्ग बाधित हो रहे हैं। ऐसे में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने उत्तराखंड में बहुत भारी बारिश और एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी ने बताया कि अगले पांच दिनों में पश्चिमी तट, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कई हिस्सों और उत्तर प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।



**उत्तर प्रदेश, अरुणाचल सहित कई राज्यों में ऑरेंज अलर्ट**
उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में अत्यधिक भारी भारी बारिश की संभावना जताई गई। राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र और ओडिशा के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### 9 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, केंद्र ने भी किया आगाह

उत्तराखंड के 9 जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी पर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट किया है। केंद्र ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों के आवागमन पर रोक लगाते हुए एडवाइजरी जारी की है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने की आशंका है। गर्जन के साथ आकाशीय बिजली भी चमक सकती है। सभी जिलाधिकारियों को तत्परता एवं सुरक्षा बनानी होगी।

असम में बाढ़ से हाहाकार

**कई लोगों की मौत और 24 लाख लोग प्रभावित**



**गुवाहाटी।** असम में भारी बाढ़ के चलते जनजीवन अस्तव्यस्त है। नदियों के उफान पर आने के चलते लोगों को अपना घर तक छोड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। राज्य में हालत ऐसी है कि बाढ़ के चलते 58 लोगों की जान जा चुकी है और 30 जिलों के 24 लाख लोग प्रभावित है।

विश्व धरोहर समिति की बैठक 21 से

# पीएआरआई की शुरुआत की 100 कलाकार आमंत्रित किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व धरोहर समिति की 46वें सत्र की बैठक 21 जुलाई से नई दिल्ली में शुरू होगी। यह बैठक 31 जुलाई तक चलेगी। इस अहम बैठक से पहले संस्कृति मंत्रालय ने पीएआरआई (भारत की सार्वजनिक कला) परियोजना की शुरुआत की है। राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी के सहयोग से ललित कला अकादमी द्वारा शुरू की गई इस पहल के लिए देशभर से करीब 100 कलाकार बुलाए गए हैं।

विभिन्न लोक कला और समकालीन कला परंपराओं का



प्रतिनिधित्व करने वाले कलाकारों ने दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर पेंटिंग्स करना शुरू भी कर दिया है। सार्वजनिक स्थानों के सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न स्थलों पर काम कर रहे हैं। इनका उत्साह बढ़ाने के लिए लोग भी इस उत्सव में शामिल हो सकते हैं।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की खैर नहीं, भारत की सीमा पर एआई कैमरों से निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए भी बीएसएफ की ओर से विशेष अभियान शुरू किए गए हैं।

अगरतला। भारत-बांग्लादेश सीमा पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) युक्त कैमरे से निगरानी की जा रही है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से इन विशेष कैमरों का उपयोग सुरक्षा बढ़ाने और घुसपैठियों की रोकथाम के लिए किया जा रहा है। बीएसएफ के त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि संवेदनशील सीमा चौकियों पर जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है और सीमावर्ती क्षेत्रों में दलालों और तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, 'बीएसएफ की ऐसी सभी गतिविधियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति है और फील्ड कमांडरों को दलालों को पकड़ने के लिए खुफिया-आधारित अभियान शुरू करने के लिए कहा गया है।

- बीएसएफ ने कड़े किए सुरक्षा के इंतजाम

भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों की रोकथाम के लिए लगातार सुरक्षा उपाय बढ़ाए जा रहे हैं। बीएसएफ की ओर से सीमा पर निगरानी के लिए एआई युक्त कैमरे भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं जोकि विशेष तकनीकों से लैस हैं।



### 198 बंग्लादेशी नागरिक पकड़े गए

बीएसएफ के आईजी ने कहा कि इसके परिणाम जमीन पर दिखाई दे रहे हैं। मौजूदा वर्ष में 29 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की जब्ती की गई है और 198 बांग्लादेशी नागरिकों और 12 रोहिंग्याओं को पकड़ा गया है। इस साल 32 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं। आईजी ने कहा कि हाल ही में 1 जुलाई से शिलांग में संपन्न चार दिवसीय आईजी बीएसएफ-रीजनल कमांडर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) वार्ता में बांग्लादेशी दलालों और अपराधियों की सूची वाला एक डोजियर बीजीबी को सौंप दिया गया है।



### मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

*त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भी बीएसएफ को निर्देश दिया कि घुसपैठ पर अंकुश लगाने के लिए राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी निगरानी बढ़ा दी जाए। बीएसएफ ने रविवार को कहा कि उसने सीमा पर अपनी सुरक्षा और कड़ी कर दी है। इसके अलावा अतिरिक्त टीमों को गहन क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है और राज्य पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका में हाथियों का तांडव, 13 घायल



**कोलंबो।** श्रीलंका में एक हिंदू धार्मिक उत्सव उस समय अफरा-तफरी मच गया जब जुलूस में शामिल एक हाथी घबरा गया और भागते समय भीड़ में शामिल 13 लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को इस हादसे की जानकारी दी। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो फुटेज में हाथी के रखवाले में से एक को उत्तेजित हाथी को नियंत्रित करने के लिए उसकी पूंछ से खींचने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जबकि सड़क पर खड़े चिल्लाते हुए श्रद्धालु बचने के लिए दौड़ रहे थे।

### इजराइल ने की स्कूल पर एयरस्ट्राइक, 16 की मौत



**मास्को।** इजराइली सेना ने गाजा में एक स्कूल पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई और 75 से ज्यादा घायल हो गए। ये स्कूल संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का था, जहां शरणार्थियों को रखा गया था। मरने वालों में ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। 50 घायलों का इलाज किया जा रहा है, बाकी लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। इजराइली सेना ने स्कूल को आतंकवादियों का अड्डा बताया। हमले से बचने के सैकड़ों शरणार्थियों ने स्कूल की आस-पास की जगह को छोड़ दिया है।

## कुलगाम में दो दिन से जारी है सेना का सर्च ऑपरेशन

*आतंकियों पर कहर बनकर टूटे सुरक्षा बल के जवान*


# मुठभेड़ में छह आतंकी हुए ढेर दो सैनिक शहीद, एक घायल

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में चल रही दो अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया है। इस ऑपरेशन में दो जवान भी शहीद हो गए। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक राष्ट्रीय राइफल्स के पैरा कमांडो लांस नायक प्रदीप नैन और हवलदार राज कुमार भी शहीद हो गए।

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रविवार को लगातार दूसरे दिन मुठभेड़ जारी है। मुदरघम और चिन्निगम फ्रिसल में अबतक 6 आतंकी मारे गए हैं। दो जवान शहीद हुए हैं। मुदरघम में दो आतंकियों और चिन्निगम फ्रिसल में एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। दोनों जगहों पर सर्च ऑपरेशन चल रहा है। मुदरघम में आज सुबह दो आतंकी मारे गए और एक जवान शहीद हो गया।

कुलगाम के चिन्निगम फ्रिसल में कल चार आतंकी मारे गए। एक जवान शहीद हुआ था। दूसरी तरफ, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में आतंकियों ने रविवार सुबह एक आर्मी कैंप पर हमला कर दिया। इसमें एक जवान घायल हो गया। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकी घने जंगल के रास्ते भाग गए। सेना और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।






### कुलगाम में आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर पहले फायरिंग की थी

*कुलगाम के मुदरघम में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की थी, जिसमें लांस नायक प्रदीप नैन शहीद हो गए। वहीं, चिन्निगम में शनिवार की दोपहर में मुठभेड़ शुरू हुई थी। शाम होते-होते जवानों ने 4 आतंकियों को मार गिराया। बीते एक महीने (6 जून से 6 जुलाई तक) में सुरक्षाबलों ने 9 आतंकियों को मार गिराया है। इनमें डोडा में 11-12 जून लगातार दो दिन दो हमले करने वाले आतंकी और उरी में घुसपैठ करने वाले आतंकियों का एनकाउंटर शामिल है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़ में हरियाणा के जवान प्रदीप कुमार शहीद हुए हैं। प्रदीप जींद जिले के जाजनवाला गांव के रहने वाले थे। मुदरघम मुठभेड़ के दौरान उनकी शहादत हुई। प्रदीप 2015 में सेना में भर्ती हुए थे। उनकी काबिलियत देखकर उन्हें पैरा कमांडो बनाया गया था। वह परिवार के इकलौते बेटे हैं।*

### जम्मू-कश्मीर में हो रहे हमलों के पीछे लश्कर के मोस्ट वांटेड आतंकवादी का हाथ

*सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों के पीछे लश्कर-ए-तैयबा की शाखा, द रेजिस्टेंस फ्रंट के एक आतंकवादी का हाथ है, जो कि पाकिस्तान में है। सैफुल्लाह साजिद जट्ट पाकिस्तान के पंजाब के कसूर जिले के शंगमंगा गांव का रहने वाला है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अनुसार सैफुल्लाह साजिद जट्ट कट्टर आतंकवादी है। साजिद जट्ट को लश्कर का ऑपरेशनल कमांडर माना जाता है और वह आतंकी फंडिंग का भी काम संभालता है। उसके सिर पर 10 लाख रुपए का इनाम है। सूत्रों ने बताया कि जट्ट पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक बेस कैंप से काम कर रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि पिछले कुछ सालों में घाटी में हुए कई आतंकी हमलों के पीछे जट्ट का हाथ है।सूत्रों के मुताबिक उसकी पत्नी भारतीय मूल की है और उसके साथ रहती है।*

## पूर्व में भारत ने जताई थी चिंता

# श्रीलंका:विदेशी शोध जहाजों से प्रतिबंध हटाने का किया ऐलान



एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका ने अगले साल से उनके देश में विदेशी शोध जहाजों के आने पर प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। दरअसल श्रीलंका में भारत और अमेरिका द्वारा हाई-टेक चीनी निगरानी जहाजों के बार-बार श्रीलंका के बंदरगाहों पर डॉक करने पर सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं के बाद विदेशी शोध जहाजों पर प्रतिबंध लगाया था। इसकी जानकारी जापान दौरे पर पहुंचे श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने दी।

### भारत-अमेरिका ने किया था आग्रह

बता दें कि हिंद महासागर में चीनी शोध जहाजों की बढ़ती आवाजाही को लेकर नई दिल्ली ने चिंता जताई थी और आशंका जताई थी कि चीनी जहाज जासूसी जहाज हो सकते हैं और कोलंबो से ऐसे जहाजों को अपने बंदरगाहों पर डॉक करने की अनुमति न देने का आग्रह किया था। भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने जनवरी में अपने बंदरगाह पर विदेशी शोध जहाजों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस साल की शुरुआत में, श्रीलंका ने एक चीनी जहाज को अपवाद के तहत मंजूरी दी थी, लेकिन प्रतिबंध जारी रखा था। श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग नियम नहीं रख सकती। उनका देश दूसरों के बीच विवाद में किसी का पक्ष नहीं लेगा। उल्लेखनीय है कि दो चीनी जासूसी जहाजों को नवंबर 2023 तक 14 महीने के भीतर श्रीलंका के बंदरगाहों में डॉक करने की अनुमति दी गई थी।

### चीनी जासूसी जहाजों पर उठे थे सवाल

इससे पहले अगस्त 2022 में, चीनी नौसेना का जहाज युआन वांग 5 ने दक्षिणी श्रीलंका के हंबनटोटा में डॉक किया। नकदी की कमी से जूझ रहा श्रीलंका, वित्तीय मदद के लिए भारत और चीन, दोनों को समान रूप से महत्वपूर्ण भागीदार मानता है। इस बीच, सबरी ने सोनार से लैस जहाज उपलब्ध कराने की जापान की योजना के लिए भी आभार व्यक्त किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे श्रीलंका को 'अपना स्वयं का सर्वेक्षण करने और अपना डेटा एकत्र करने और उसका व्यावसायिक रूप से दोहन करने का अवसर मिलेगा।

## केरल के कोट्टायम में मनाया गया जश्न

# भारत के सोजन जोसेफ बने ब्रिटेन में सांसद, कंजर्वेटिव दिग्गज नेता को दी मात




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के आम चुनाव में हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर पार्टी के नए सांसद 49 वर्षीय सोजन जोसेफ केरल के रहने वाले हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में मानसिक स्वास्थ्य नर्स के तौर पर काम करने वाले सोजन जोसेफ 22 साल पहले केरल से ब्रिटेन जाकर बस गए थे।

### चैरिटी के कई कार्यक्रमों में हो चुके हैं शामिल

चैरिटी के लिए कई अंतरराष्ट्रीय मैराथन में शामिल होने वाले सोजन जोसेफ ने कहा, मुझे एशफोर्ड और विल्सबोरो को अपना घर कहने में बहुत गर्व है। मैंने पिछले कुछ सालों में चैरिटी के धन संचय करने वाली गतिविधियों में हिस्सा लिया है, अस्पताल चैरिटी के लिए ड्रैगन बोट रेस शामिल है।

### सोजन की पत्नी भी हैं नर्स

सोजन जोसेफ का एशफोर्ड के स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव है। सोजन जोसेफ के परिवार की बात की जाए तो उनकी पत्नी भी नर्स हैं, जबकि उनके तीन बच्चें हैं। सोजन जोसेफ की शुरुआती पढ़ाई कोट्टायम में हुई थी। बेंगलुरु में बी.आर. अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में अपनी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। फिर यू के में, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में विविधता और समावेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व में मास्टर डिग्री हासिल की।

## ओबामा केयर का नाम किया इस्तेमाल

# हैकर्स का बड़ा अटैक, 1 हजार करोड़ पासवर्ड हो गए लीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइबर सिक्योरिटी को लेकर अक्सर सरकार लोगों को सावधान रहने को कहती है। अब साइबर हैकर्स ने एक बड़ा हमला किया है और करीब 1 हजार करोड़ पासवर्ड लीक हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह अब तक का सबसे बड़ा डेटा लीक का मामला हो सकता है।

**ओबामा केयर नाम किया ये इस्तेमाल:** साइबर ने ओबामा केयर नाम के एक यूजर्स ने एक फाइल को पोस्ट किया। इस फाइल का नाम



रॉकीयूडॉटटीएक्सटी है। इस फाइल में डेटा मौजूद है। इसमें कई सेलिब्रिटी की डिटेल्स, उनका अकाउंट का अनऑथराइज्ड एक्सेस लेने के बाद लिया गया है।

**पूर्व में डेटा लीक कर चुका है ग्रुप:** रिपोर्ट में बताया कि इससे पहले भी करीब 8.4 बिलियन प्लेन टेक्स्ट पासवर्ड को हैकर्स ने लीक किया था।

# ब्रिटेन और ईरान की मौजूदा सरकार हारी, अब फ्रांस में चल रहा मतदान

**एजेंसी:पेरिस।** ईरान और ब्रिटेन में चुनाव के बाद सरकार बदल गई है। अब फ्रांस में भी संसदीय चुनाव के लिए रविवार को दूसरे चरण का मतदान प्रारंभ हो गया है। चुनाव में देश की धुर दक्षिणपंथी पार्टी 'नेशनल रैली' अपनी अबतक की सबसे बड़ी बढ़त बनाए हुए है। फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था, लेकिन यूरोपीय संघ में बड़ी हार के कारण राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर दी थी। इससे पहले 30 जून को पहले चरण का चुनाव हुआ था, जिसमें मरीन ले पेन नीत नेशनल रैली ने बढ़त बनाई थी।




## भारतीय नौसेना की क्षमता में अभूतपूर्व वरदान साबित होंगे

# मरीन एम राफेल के आगे बौने साबित होंगे चीनी नौसेना के लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्सपर्ट्स के मुताबिक राफेल एम (मरीन) लड़ाकू विमानों के शामिल होने से भारतीय नौसेना की क्षमताओं और हिंद महासागर क्षेत्र (कडफ) की रणनीतिक गतिशीलता काफी ज्यादा मजबूत हो जाएगी। राफेल एम (मरीन), अत्यधिक शक्तिशाली राफेल विमान का एक नौसैनिक वेरिएंट है, जो कई एडवांस फैसिलिटीज लेकर आता है, जो भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल पहुंच और युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाता है। बता दे कि राफेल मरीन भारतीय नौसेना की क्षमता में अभूतपूर्व विस्तार कर सकता है और कैसे ये चीनी मरीन लड़ाकू विमानों से कम से कम एक दशक आगे हैं।



### समुद्री क्षेत्र में जागरूकता में वृद्धि

राफेल एम के एडवांस सेंसर नेटवर्क-केंद्रित युद्ध क्षमताएं समुद्री क्षेत्र में जागरूकता में वृद्धि प्रदान करती हैं। एसएलओसीकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### प्रतिरोध और रणनीतिक पहुंच

राफेल मरीन की लंबी दूरी की क्षमताएं, और हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता, भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल पहुंच को काफी बद तक बढ़ा देती हैं।

### समुद्री हवा में उड़ान भरने की जबरदस्त क्षमता

राफेल एम अत्याधुनिक एवियोनिक्स से लैस है, जिसमें थेल्स आरबीई-2 एईएसए रडार और स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सिस्टम शामिल है, जिसे मेटियोर के साथ जोड़ा गया है। ये एडवांस सिस्टम्स बेहतर स्थितिजन्य जागरूकता और युद्ध प्रभावशीलता सुनिश्चित करती हैं, जिससे भारतीय नौसेना को हवाई श्रेष्ठता स्थापित करने, सटीक हमले करने और वायु रक्षा, जमीनी समर्थन और समुद्री हमलों जैसे अलग अलग मिशनों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सकता है।

### कैरियर इंटीग्रेशन और लचीलापन

राफेल मरीन फाइटर जेट को खास तौर पर एयरक्राफ्टर कैरियर से ऑपरेट करने के लिए डिजाइन किया गया है, लिहाजा इसमें स्पेशल लैंडिंग गियर, अरेस्टिंग लैंडिग के लिए टेल हुक, फोल्ड करने वाले विंग्स लगाए गए हैं, ताकि एयरक्राफ्ट कैरियर पर रखने में कम जगह लगे। ये विशेषताएं इसे कठर विक्रांत और कठर विक्रमादित्य पर तैनाती के लिए आदर्श बनाती हैं, जिससे हिंद महासागर में हमारी शक्ति प्रक्षेपण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

# मध्यप्रदेश में 42 हजार चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों के भरे जाएंगे पद

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव मप्र बजट संदेश -2024 कार्यक्रम में हुए शामिल

## 5 वर्षों में प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ रुपए वार्षिक तक ले जाने के प्रयास किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में सेन्ट्रल इंडिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश बजट सन्देश-2024 कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन विक्रम विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार राज्य का बजट पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। अगले पांच वर्षों में प्रदेश का बजट सात लाख करोड़ रुपए वार्षिक तक ले जाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि गंभीर डेम में पाइपलाइन से मां नर्मदा का पानी भरा जाएग। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथजी महाराज आदि मौजूद थे।

### गांव के सामुदायिक केंद्रों में की जाएगी डॉक्टरों की भर्ती




स्वास्थ्य के क्षेत्र को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश के गांव के सामुदायिक केन्द्रों में डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। प्रदेश में 42 हजार चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों के पद एक साथ भरे जाएंगे। चिकित्सा, शिक्षा क्षेत्र को और मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू किया गया है। इसके माध्यम से वनोपज पर एमएसपी प्रदाय की जा रही है। मोटे अनाज के उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। तीसरी फसल के विकल्प लाए जाएंगे।

### बजट का 40% औद्योगिक विकास के लिए निर्धारित

सीएम ने कहा कि यशवंत सागर बांध को भी पाइपलाइन के माध्यम से भरने का कार्य किया जाएगा। इस प्रकार बांधों में वर्षभर पानी उपलब्ध रहेगा। चंबल, पार्वती, कालीसिंध नदी के जल का उपयोग करने के लिए केन्द्र सरकार से 35 हजार करोड़ रुपए की राशि से कार्य योजना बनाई जा रही है, जिससे प्रदेश के कई जिलों को लाभ मिलेगा। बुंदेलखण्ड क्षेत्र में बेतवा नदी पर भी कई परियोजनाएं प्रारम्भ की जाएंगी। बजट का 40 प्रतिशत औद्योगिक विकास के लिए निर्धारित किया गया है। प्रदेश में छह नये एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। नए नए फोरलेन बनाए जाएंगे, पुराने मार्गों को दुरूस्त किया जाएगा, ताकि उद्योगों की स्थापना के लिए उचित दरों पर जमीन मिल सके।

### उत्पादों की प्रोसेसिंग उज्जैन में होगी

विक्रम उद्योगपुरी में एक हजार एकड़ जमीन उद्योगों के लिए आरक्षित की गई थी। बहुत-से उद्योगपतियों ने यहां उद्योग प्रारम्भ करने की इच्छा जताई है। उज्जैन में अमूल प्लांट के प्रारम्भ होने से प्रदेश के अन्य शहरों से दूध व अन्य उत्पादों की प्रोसेसिंग उज्जैन में होगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। आने वाले समय में 16 सीटर हेलीकॉप्टर से यात्रा प्रारम्भ की जाएगी। जिला चिकित्सालय को नया अस्पताल बनाया जाएगा। भोपाल में आगामी दिनों में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा।

### मूर्तिशिल्प कारखाना उज्जैन में होगा शुरू

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि कोठी पैलेस में भारत के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराने के लिए इसे बतौर 'वीर भारत संग्रहालय' के रूप में विकसित करने की कार्य योजना बनाई जा रही है। सिंहस्थ के दृष्टिगत उज्जैन आवागमन को सुगम बनाने के लिए हवाई मार्ग, रेल मार्ग और सड़क मार्ग को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। जयपुर की तर्ज पर मूर्तिशिल्प कारखाना उज्जैन में प्रारम्भ किया जाएगा। उज्जैन में सेवा निवृत्त लोगों के लिए सोसाइटी बनाई जाएगी।

### ड्रोन टेक्नालॉजी और ड्रोन पायलट कोस विवि में शुरू करने की योजना

डॉ.अखिलेश कुमार पाण्डेय ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि उद्योग और शिक्षा में तालमेल वर्तमान समय की आवश्यकता है। ड्रोन टेक्नालॉजी और ड्रोन पायलट से सम्बन्धित पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों में प्रारम्भ किए जाने की कार्य योजना बनाई जा रही है। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रत्येक जिले में प्रारम्भ की जाएगी। वित्त विभाग के उप सचिव रूपेश पठवार ने कहा कि इस बार के बजट में रोजगार सृजन और निवेश प्रोत्साहन पर विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में केन्द्र और राज्य शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया गया है। औद्योगिक अधोसंरचनाओं के विकास पर मुख्य रूप से फोकस किया गया है।

## सुनील यादव सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी भोपाल जिले के पूर्व कार्यालय मंत्री सुनील यादव को (एम्स अस्पताल भोपाल) का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। सांसद आलोक शर्मा ने इन्हें नियुक्ति पत्र देकर इसकी जिम्मेदारी सौंपी। इसके लिए यादव ने सांसद आलोक शर्मा का आभार व्यक्त किया। सुनील यादव के सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई की सुविधा के निरंतर विस्तार के साथ ही जल के अधिकतम उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार उल्लेखनीय कार्य कर रही है। प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं एवं नए कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। प्रदेश में वर्ष 2003 में सिंचाई की स्थिति बहुत खराब थी। वर्तमान में प्रदेश के सिंचाई क्षमता लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गई है। इसे वर्ष 2025-26 तक 65 लाख हेक्टेयर एवं वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टर सिंचाई का रकबा किए जाने का हमारा लक्ष्य है, पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश में 133 बृहद एवं मध्यम प्रेशराइज्ड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 48 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता संवर्धित होगी। इसी प्रणाली का उपयोग कर प्रदेश पूर्व निर्मित सिंचाई परियोजनाओं के अतिशेष जल से अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। केन-बेतवा लिंक परियोजना की लागत रुपए 44 हजार करोड़ केन-बेतवा लिंक परियोजना जिसकी अनुमानित लागत रुपए 44 हजार 605 करोड़ है। यह बुंदेलखंड क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वरदान है।

### विकास भवन में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम, डॉ. यादव ने किया पौधरोपण

# मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह का किया लोकार्पण, कहा- डॉ. मुखर्जी का देश रहेगा सदा आभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी युगदृष्टा थे। उन्होंने देश के सामने मौजूद समस्याओं का पूर्वानुमान लगाकर देश की एकता बनाए रखने और देशवासियों को जागरूक करने का अद्भुत कार्य किया। अंग्रेजों के बंग-भंग के षड़यंत्र का भंडाफोड़ करने और कश्मीर की समस्या के दूरगामी दुःखद परिणामों से जन-जन को अवगत कराने के लिए देश उनका सदैव आभारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास भवन में निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। शनिवार को डॉ. मुखर्जी की जयंती थी। मुख्यमंत्री ने उनकी स्मृति में विकास भवन में पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही साथ शिलापट्टिका का अनावरण कर सभागृह का लोकार्पण किया। उन्होंने सभागृह में निर्मित डॉ. मुखर्जी के चित्र का भी अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने की।

**खास बातें**

- सीएम डॉ. मोहन ने सभागृह में निर्मित डॉ. मुखर्जी के चित्र का भी अनावरण किया
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए उपयोगी होगा भवन



### प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से दिलाई मुक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का 33 साल की आयु में वाइस चांसलर बनना उनकी प्रतिभा को दर्शाता है। उनकी ओर से कश्मीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के बाद भी देश में धारा-370 का कलंक जारी रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से मुक्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विकास दर में निरंतर सुधार हो रहा है। ग्रामीण विकास गतिविधियों तथा पंचायतों की कार्य-प्रणाली से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। विकास भवन में बना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

### देश को चितरंजन रेल कारखाना डॉ. मुखर्जी की देन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर की समस्या के संबंध में देश का ध्यान आकर्षित करने और धारा-370 हटाने की मांग से कई युवा देश सेवा के लिए आगे आए। किंतु उनके बलिदान के परिणाम स्वरूप ही धारा-370 हटाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। विकास भवन में निर्मित सभागृह का नामकरण डॉ. मुखर्जी के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद वीडी शर्मा आदि मौजूद रहे।

नवनिर्मित तहसील परिसर में रोपा बादाम का पौधा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव-निर्मित संयुक्त कार्यालय तहसील भवन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन में 6 करोड़ 40 लाख की लागत से नवनिर्मित संयुक्त भवन तहसील कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में बादाम का पौधा रोपा। नवीन भवन में उज्जैन नगर तहसील और कोठी महल तहसील कार्यालय संचालित किया जाएगा। संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण 6 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इसका निर्माण 2450 वर्गमीटर में किया गया। जिसमें भू-तल 1180 वर्गमीटर, प्रथम तल 1180 वर्गमीटर एंव वरांडा व पोर्च 90 वर्गमीटर में निर्मित किया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक तथा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण कर नमन किया। उनकी आदमकद प्रतिमा डॉ. मुखर्जी की लालघाटी चौराहे पर स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता-अखंडता को लेकर राष्ट्रवादी विचारधारा का दृष्टिकोण अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रखा। देश में बंग-भंग के षड़यंत्र तथा कश्मीर को लेकर विभाजन की नीति के प्रति लोगों को जागरूक एवं एक करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. मुखर्जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण राजधानी के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, सांसद वीडी शर्मा, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अजय जामवाल और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।





## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क हादसे में परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाईवे नंबर 43 पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मृत्यु पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।

## मुख्यमंत्री ने स्वेच्छानुदान मद से 40 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से दो दुर्घटनाओं में 10 व्यक्तियों की मृत्यु पर 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। एक जुलाई को श्योपुर जिले के ग्राम टर्राखुर्द, अर्रोदरी बलावली का पटरा भूतकछा के 7 व्यक्तियों की करोली माता दर्शन के लिए राजस्थान जाते समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके परिजन को चार-चार लाख रुपए प्रति मृत व्यक्ति के मान से कुल 28 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने 24 जून को दमोह जिले के ग्राम वांसातारखेड़ा में हुई घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु होने पर उनके परिजन को चार-चार लाख रुपए कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।



## जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से निकाली गई रथ यात्रा, सीएम साय भी रहे कार्यक्रम में शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले भगवान की प्रतिमा को रथ तक लाया गया और रास्ते को सोने के झाड़ से साफ भी किया गया। इस रस्म को छेरापहरा रस्म कहा जाता है।

## इधर, युवती की संदिग्ध मौत तो उधर पटरी पर मिला युवक का सिर कटा शव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो अलग अलग घटनाओं में पुलिस को एक युवती और एक युवक का शव मिला है। इधर रायपुर के जेल रोड स्थित बेबीलोन होटल के कमरे में रविवार को एक लड़की की लाश मिली है। आशंका है कि लड़की की हत्या की गई है।

युवती की पहचान अंबिकापुर निवासी वाणी गोयल के रूप में हुई है। वह सूरजपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल गोयल की भतीजी थी। वहीं दूसरी ओर जीआरपी को सुबह करीब 6 बजे हफर कॉलोनी के पास एक युवक का भी पटरी पर शव मिला है। युवक का सिर धड़ से अलग है। उसकी पहचान अंबिकापुर निवासी विशाल कुमार गर्ग के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विशाल और वाणी का आपस में प्रेम संबंध था।

### अंबिकापुर में रहता है मृतका का परिवार

वाणी का परिवार अंबिकापुर में रहता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस रविवार को होटल पहुंची तो चौथी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 416 में उसकी लाश मिली। सूचना मिलने पर रायपुर की गंज थाना पुलिस भी मौके पर है। बताया जा रहा है कि वाणी ने रायपुर स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी से 2016 से 2019 तक ग्रेजुएशन किया। इसके बाद 2022 में नागपुर के निराली कुकरी इंस्टीट्यूट से बेकरी का कोर्स किया था। अभी वह अपनी प्रोफाइल में पेस्ट्री शेफ लिखती थी।

### युवक के पास मिला मोबाइल और 1500 कैश

युवक के पास से एक मोबाइल फोन, पर्स में कुछ पुराने बिल और करीब 1500 रुपए मिले हैं। युवक की लास्ट अर्धनग्न अवस्था पर मिली है। उसके शरीर के ऊपरी हिस्से में कपड़े नही थे। फिलहाल जीआरपी से गंज थाना की पुलिस ने संपर्क किया है। बताया जा रहा है कि मरने वाले दोनों लोग एक-दूसरे को जानते थे। हालांकि विशाल सामान्य फैमिली से है। वारदात को लेकर फिलहाल पुलिस के सामने दो थ्योरी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का किया शुभारंभ

# फसलों की तर्ज पर अब दूध खरीदने पर भी दिया जाएगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सरकार द्वारा जिस प्रकार किसानों को गेहूं, चने आदि अलग-अलग फसलों के लिए बोनस दिया जा रहा है, उसी प्रकार अब दूध खरीदने पर भी बोनस दिया जाएगा, ताकि लोग घर-घर गो-माता को पालने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। वहीं दुर्घटनाग्रस्त व दिव्यांग गो-माताओं को गो-शाला में रखेंगे।

दूध का व्यवसाय भी हमारे लोगों का जीवन बदलने में सहायक हो इसका प्रशिक्षण भी शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हमारी देशी गो-माता सर्वश्रेष्ठ हैं। हमारी देशी गो-माता के संवर्धन के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### हमारी देशी गो-माता हैं सर्वश्रेष्ठ, गो-माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार कृत-संकल्पित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन के ग्राम रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौ-शाला के संवर्धन और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गौ-शाला में पौध-रोपण कर संपूर्ण जिले में अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कपिला गौ-शाला का भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने गौ-शाला में गौ-माता का पुष्पमाला पहनाकर, तिलक लगाकर पूजन किया और आरती उतारी। नन्हे बछड़ों को पशु चारा खिलाकर दुलार भी किया। उन्होंने गौ-शाला में उपलब्ध आधुनिक पशु चारा मशीन सहित अन्य उपकरणों का अवलोकन किया। कपिला गौ-शाला के अच्युतानंद जी महाराज ने गौ-शाला में किए गए नवाचार के साथ गौ-शाला संवर्धन के मास्टर प्लान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में पौध-रोपण और उसके संरक्षण की संकल्प लेने वाले विभिन्न संस्थाओं को पौधे भेंट किया।

### गाय चराचर जगत की माता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि 10 पुत्रों की बजाय अगर एक गौ-माता हो तो उसका महत्व 10 पुत्रों से बढ़कर होता है। हमारे यहां कहा गया है गावो विश्वस्य मातरः यानी गाय चराचर जगत की माता हैं। गौ-माता की सेवा से योगीराज श्रीकृष्ण, गौ-पालक गोपाल कृष्ण के रूप में विख्यात हुए। हमारी गौमाता भारतीय सनातन संस्कृति की प्राण हैं। गंगा, गीता, गायत्री, गोवर्धन और गोविंद की तरह ही परम पूज्य हैं हमारी गौमाता। सर्वदेवमयी हि गौः गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है।

## फूलों से सजे रथ पर निकले जगत के नाथ जगन्नाथ

# संस्कारधानी में दिखा जगन्नाथ पुरी सा नजारा

**जबलपुर।** भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा 7 जुलाई को जबलपुर संस्कारधानी में पूरी श्रद्धाभक्ति और आस्था के साथ निकाली गई। भगवान का रथ खींचने के लिये भक्तों में होड़ मची हुई थी। 'जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ' वाली कहावत कल चरितार्थ होती दिखी। रथयात्रा के दौरान भगवान के महाप्रसाद को पाने हजारों हाथ फैले नजर आए। वहीं हजारों हाथों ने रास्ते भर भगवान का रथ खींचकर अपना जीवन धन्य किया। जगन्नाथ पुरी सा नजारा शहर में दिखा। जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ फूलों के रथ पर विराजमान होकर भक्तों पर कृपा बरसाके अपनी मौसी के घर पहुंचे। पुराणिक कथाओं के मुताबिक स्वास्थ्य लाभ लेने कुछ दिन मौसी के घर गये थे तभी से यह परंपरा चली आ रही हैं। श्री जगदीश कर्मा माई ट्रस्ट घमण्डी चौक, श्री गणेश मंदिर जगदीश मंदिर न्यास गढ़ाफाटक, चौरसिया समाज जबलपुर, श्री जगदीश स्वामी मंदिर हनुमानताल और सिटी बंगाली क्लब के रथ अपने-अपने उद्गम स्थल से प्रारंभ होकर बाजे-गाजे के साथ बड़े फुहारे पहुंचे, वहां से पांचों रथों की संयुक्त शोभायात्रा जब प्रारंभ हुई और श्रद्धालु भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मार्ग के दोनों तरफ बड़ी संख्या में श्रद्दालु भक्तों की भीड़ कतारबद्ध होकर खड़ी रही, वहीं बड़ी संख्या में बच्चे, बूढ़े और जवान रथ खींच रहे थे। भगवान का भात पाने हजारों हाथ फैले हुए थे। रथयात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे। रथ यात्रा में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि किरण साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, भाजपा नेता धीरज पटेरिया, श्रीमति आभा साहू, विन्धेश भापकर, राकेश साहू, रवि भगत जी, पार्षद अयोध्या तिवारी, अमरीष मिश्रा, हर्षित यादव, रजनी कैलाश साहू, सुधीर साहू, पूर्व पार्षद नंद कुमार यादव, भाजपा नेता राजेश द्विवेदी, साहू समाज की ओर से मुकेश साहू, मनोहर साहू आदि शामिल थे। शोभायात्रा में श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट गढ़ाफाटक, चौरसिया समाज और बंग समाज के रथ भी शामिल हुये।





### बड़े फुहारे में की गई महाआरती

बड़े फुहारा के सामने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 5 महा आरतियों से जगन्नाथ स्वामी की जगन्नाथपुरी की तर्ज पर महाआरती की गई।रथ यात्रा का शुभारंभ संत स्वामी नरसिंहदास महाराज, ज्ञानेश्वर दीदी ने स्वर्ण जड़ित झाडू से मार्ग साफ कर रथ यात्रा का शुभारंभ कराया, और नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं पंचकोषी नर्मदा परिक्रमा के संरक्षक डा. सुधीर अग्रवाल परिक्रमा अध्यक्ष योगाचार्य डा. शिवशंकर पटैल, संकीर्तनाचार्य मनमोहन दुबे, सुरेश विश्वकर्मा, मनोहर नामदेव, शरद अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, मनोज नामदेव के नेतृत्व मे बड़े फुहारे पर महाआरती में उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर आरती की।

### सिटी बंगाली क्लब की रथयात्रा

बंग भाषियों की प्राचीन व प्रमुख संस्था सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी ऐसोसिएशन (सिटी बंगाली क्लब) करमचंद चौक से 7 जुलाई को सायं 3 बजे जगन्नाथ रथ यात्रा प्रारंभ हुई। बंग भाषियों द्वारा एकमात्र निकाली जाने वाली रथ यात्रा मालवीय चौक, सुपर बाजार, लार्डगंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक होते हुये वापस सिटी बंगाली क्लब पहुंची। मौसी के घर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा पहुंचे, जहां अगले 10 दिनों तक धार्मिक आयोजन होगें।

### रथ खींचने में मची होड़

भगवान जगन्नाथ की कृपा पाने और पुर्नजन्म से मोक्ष पाने के लिये भगवान जगन्नाथ स्वामी के फूलों के रथ को खींचने के लिए श्रृद्धालुओं में होड़ मची हुई थी। सभी रथों को खींचकर अपना जीवन धन्य कर रहे थे और चारों तरफ भगवान का प्रसाद पाने के लिये हाथ फैला रहे थे जगन्नाथ के भात को पाने के लिये हाथ पसारे थे। श्रृद्धालुओं ने मालपुआ, जामुन, पान और श्रीफल, मीठे भात, मीठी बूंदी, और फल फूल का भोग लगाया।



# उत्तर पूर्वी क्षेत्र में बना चक्रवात

## अगले 24 घंटों में बारिश की संभावना

**जबलपुर।** बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से अच्छी बारिश के आसार बन रहे हैं। सबकुछ ठीक ठाक रहा तो आज जबलपुर सहित संभाग के कई जिलों में तेज बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर उत्तर प्रदेश से होकर बांग्लादेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिणी गुजरात पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना है। इस चक्रवात से लेकर कर्नाटक तक एक अपतटीय द्रोणिका बनी हुई है, जिससे आज अच्छी वर्षा के आसार हैं। रविवार को सुबह से बादल छाए रहे। हल्की-हल्की फुहारें भी पड़ती रहीं। दोपहर में अचानक मौसम ने करवट बदली और धूप निकल आई। बादल-धूप के बीच काफी देर तक लुकाछिपी का खेल चलता रहा। चार दिन बाद बादलों के बीच खिली धूप के कारण उमस भरी गर्मी भी महसूस की गई। हालांकि शाम होते -होते बादल फिर गहरा गए, लेकिन मानसूनी बादल हल्की बूंदाबादी कर हवा के साथ आगे बढ़ गये। मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सामान्य दर्ज किया गया।




# जिले के हर गांव में बने हरित शवदाह प्रणाली

## ब्राम्हण मंडल ने जनहित में उठाई मांग

जबलपुर।

रविवार को संस्कार सिटी में आयोजित ब्राह्मण मंडल, जबलपुर की मासिक बैठक में जिला प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि जिले की 542 ग्राम पंचायतों के 1508 गांवों में बहुउद्देशीय हरित शवदाह प्रणाली (ग्रीन क्रीमेशन सिस्टम) स्थापित की जाए। इस प्रणाली के जरिए शव जलाने के लिए लकड़ी की अत्यधिक खपत को न केवल कम किया जा सकेगा बल्कि इससे पर्यावरण के लिए हानिकर कार्बन की समस्या से निजात पाया जा सकता है। बैठक के उपरांत समाज के विभिन्न वर्गों की मौजूदगी में संस्कार नगर के गार्डन में पीपल,आम,बिल्व- पत्र आदि के पौधे रोपे गए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र तिवारी, शिक्षाविद् द्वय शिवाधार शर्मा पुरूषोत्तम दुबे,अभय शुक्ला ,शिवम् चौबे , ओंकार सिंह परिहार,राजेश कनौजिया, पुरुषोत्तम सिंह सौलंकी, रामप्रसाद पटेल,एके श्रीवास्तव, कपूरचंद चुरहे, आदि मौजूद थे।

### एक शव को जलाने में लगती है 3 हजार की लकड़ी

शव को जलाने में 3 से 5 क्विंटल तक लकड़ी की खपत होती है और लकड़ी की कीमत 800 से लेकर ?1000 प्रति क्विंटल होती है.यानी एक शव को जलाने में लगभग 3 हजार रुपए की लकड़ी लगेगी। जबकि हरित शवदाह प्रणाली से न केवल 60 प्रतिशत लकड़ी लगेगी बल्कि पर्यावरण में कार्बन की मोटी परत न जमने देने में मदद मिलेगी।

### क्या है हरित शवदाह प्रणाली .

हरित शवदाह प्रणाली अष्ट धातु से बनी विशेष चिता है, जो धातु के फ्रेम में जमीन से ऊपर है, जिसमें आसानी से हवा जा सकती है, जो लकड़ी से निकलने वाली पूरी तपिश को शवदाह करने में सहायक बनाती है। चिता जब जलती है, तो उसमें 1000 डिग्री का तापमान होता है। परंपरागत जमीन की चिता में हवा का प्रवेश आसानी से नहीं होता, इस कारण इसमें ज्यादा लकड़ी का उपयोग होता है, जबकि इस तकनीक में पूरे तापमान का उपयोग होता है।

# नगर निगम की बजट बैठक में हंगामे के आसार

## सफाई, जलप्लावन और रुके कामों पर विपक्ष करेगा दो-दो हाथ

**जबलपुर।** जब नगर निगम सदन में महापौर ने बजट रखा तब विपक्ष की खामोशी कई अर्थ निकाले गये। अब कल जब बजट पर चर्चा के लिये सदन आहूत है, तब भी विपक्ष पर ही सबकी नजर है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा के नेतृत्व और उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता अस्मानी, सचेतक आयोध्या तिवारी के मार्गदर्शन में विपक्ष के पार्षद नगर निगम सदन में सत्ता को घेरने की तैयारी में बीते तीन दिनों से जुटे हुये हैं। लगातार बैठकों का दौर जारी है, जहां बजट के एक एक बिन्दू पर चर्चा हो रही है। वहीं दूसरी तरफ डोर टू डोर हड़ताल, सफाई व्यवस्था, पार्षद मद के रुके काम भी हंगामे की बड़ी वजह बनने वाले हैं। गौरतलब है कि 1 जुलाई को नगर निगम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू बजट सदन में रखा था। बजट बैठक की शुरुआत में कुछ देर की नारेबाजी के बाद विपक्ष के पार्षद पूरी तरह खामोश हो गये थे। यहां की महापौर के बजट भाषण के बाद नेता प्रतिपक्ष का भाषण होना था, तब भी नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा खामोश थे। करीब 3 घंटे चली बजट बैठक में शुरुआत 10 मिनट की नारेबाजी के बाद विपक्ष शांत था। इस खामोशी के अलग अलग मायने निकाले गये। लेकिन जानकारों ने कहा यह खामोशी विपक्ष की रणनीतिक खामोशी थी। इस खामोशी के बाद जो तूफान आना है, वो कल नगर निगम सदन में दिखेगा। जहां विपक्ष एक एक मुद्दे पर महापौर और मेयर इन काउंसिल पर जवाब देह बनाएगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष मजबूती के साथ सदन में जनता की बात रखता है या फिर औपचारिक चीख पुकार के बाद बजट ज्यों का त्यों पास हो जाता है।



**डोर टू डोर पर होगी तकरार...** बीते कई दिन से जारी डोर टू डोर सफाई कमियों की हड़ताल और शहर में मची गंदी और लगे कचरे के ढेर कल होने वाली नगर निगम सदन की बैठक में पहला और प्रमुख मुद्दा होंगे। ठेकेदार की मनमानी और भ्रष्टाचार में निगम अधिकारियों की सहभागिता पर विपक्ष नगर सत्ता को घेरेगा। माना जा रहा है कल से शुरु हो रहे नगर निगम सदन में डोर टू डोर ठेकेदार का आखरी हफ्ता शुरु हो जाएगा। सदन में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन ठेकेदार का ठेका निरस्त होना तय माना जा रहा है। नगर निगम गत दिवस ठेकेदार को अंतिम चेतावनी का नोटिस भी जारी कर दिया है।

**जलप्लावन पर होगा वार...** दूसरा मुद्दा जलप्लावन को हागा। जिस तरह से बीती रात हुई बारिश में शहर का बड़ा हिस्सा डूबा, उसमें नगर निगम और ठेकेदार नाला सफाई में हुआ भ्रष्टाचार निकलकर सामने आया। वहीं शहर में चल रहे अव्यवस्थित निमार्ण कार्य भी जल प्लावन की वजह है। शुरुआती बारिश में यह तय हो चुका है कि एक बार में 3 इंच से ज्यादा मुसलाधार बारिश होने पर शहर को जलप्लावन से बचाने नगर निगम तैयार नहीं है। विपक्ष के पार्षदों ने जलप्लावन पर नगर निगम सत्ता का जवाबदेह बनाने की पूरी तैयारी कर रखी है।

**पार्षद मद पर मचेगा हाहाकार..** इस बार पार्षद मद बढ़ाने पर नहीं, पार्षद मद की फाईले पास न होने पर सदन में हंगामा करते दिखेंगे। दरासअल अधिकांश पार्षदों की शिकायत है कि उनकी पार्षद मद की फाईले यह कहकर अटकाई जा रही हैं कि फंड नहीं है। बजट पर चर्चा के सत्र में पार्षद मद पर हाहाकार मचना तय है।

**सत्ता भी हर मुद्दे पर जवाब देने तैयार**

नगर सत्ता भी यह मान रही है कि लम्बे समय बाद हो रही बैठक में सुनाने के लिये विपक्ष के पार्षदों के पास बहुत कुछ है। जिसकी तैयारी में नगर निगम सत्ता जुटी हुई है। जहां एक तरफ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सत्ता के पक्ष का नेतृत्व सदन में करेंगे। वहीं कमलेश अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ पार्षद भी विपक्ष के सवालों का देते नजर आएंगे।

## हाई कोर्ट के नये एसीजे से मिला स्टेट बार प्रतिनिधिमंडल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के नव नियुक्त कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा से मुलाकात करने स्टेट बार काउंसिल का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा। उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी गई। साथ ही हाई कोर्ट की कार्यप्रणाली व अधिवक्ताओं की मूलभूत परेशानियों के सिलसिले में चर्चा की गई। स्टेट बार की सामान्य सभा में आकर सभी सदस्यों से मुलाकात करने का आमंत्रण भी दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, को-चेयरमेन मनीष दत्त, सदस्य राजेश कुमार पांडे व कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला उपस्थित थीं। वाइस चेयरमैन सैनी ने बताया कि एसीजे सचदेवा ने वकीलों की समस्याएं निराकृत करने भरोसा दिलाया है।

# केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का वार्षिक खेल कैलेण्डर घोषित

जबलपुर।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय एवं कला परिषद ने वर्ष 2024-25 के लिए अपना वार्षिक अंतरक्षेत्रीय विद्युत खेल कैलेंडर घोषित कर दिया है। जबलपुर केन्द्रीय कार्यालय द्वारा इस वर्ष अक्टूबर के तृतीय सप्ताह में महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं की कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन टेनीक्वाइट स्पर्धाएं खेली जाएंगी। जबलपुर क्षेत्र द्वारा इस वर्ष दिसंबर के द्वितीय सप्ताह में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने जानकारी दी कि अगस्त के अंतिम सप्ताह में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई तैराकी, सितंबर के प्रथम सप्ताह में उज्जैन क्षेत्र कुश्ती और सितंबर के द्वितीय सप्ताह में शहडोल क्षेत्र कैरम प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। सितंबर के तृतीय सप्ताह में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी द्वारा शरीर सौष्ठव व पावर लिफ्टिंग व सितंबर के अंतिम सप्ताह में टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रीवा क्षेत्र के तत्वावधान में अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह में सागर क्षेत्र द्वारा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नवम्बर के प्रथम सप्ताह में शहडोल क्षेत्र के तत्वावधान में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। नवम्बर के द्वितीय सप्ताह में संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। नवम्बर के तृतीय सप्ताह में इंदौर क्षेत्र अंतरक्षेत्रीय विद्युत क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। नवंबर के अंतिम सप्ताह में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सागर क्षेत्र के तत्वावधान में दिसंबर के प्रथम सप्ताह में टग ऑफ वार (रस्साकसी) प्रतियोगिता का आयोजन होगा। ग्वालियर क्षेत्र के द्वारा दिसंबर के तृतीय सप्ताह में हॉकी प्रतियोगिता और दिसंबर के अंतिम सप्ताह में श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना दोंगलिया (खंडवा) द्वारा ब्रिज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अगले वर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह में ग्वालियर क्षेत्र लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जनवरी के द्वितीय सप्ताह में सागर क्षेत्र अंतरक्षेत्रीय नाटक प्रतियोगिता और फरवरी के प्रथम सप्ताह में भोपाल क्षेत्र सांस्कृतिक प्रतियोगिता को आयोजित करेगा। इस संबंध में सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं से प्रतियोगिताओं को निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**महिला खेल और वालीबाल की मेजबानी जबलपुर को**



## राहुल गांधी को संसद से निष्कासित करो : पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ

**जबलपुर।** सिविक सेंटर स्थित वंदेमातरम चौक पर 07 जुलाई को पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पूर्व सैनिकों ने राहुल गांधी के पुतले के मुंह पर कालिख पोतकर उन्हें लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में देश को गुमराह करने एवं सेना का मनोबल गिराने के अपराध में संसद से निष्कासित करने हेतु राष्ट्रपति एवं अध्यक्ष लोकसभा का ध्यानाकर्षित किया गया। सर्वविदित है कि 01 जुलाई को राहुल गांधी द्वारा संसद में दिए गए वक्तव्य में अग्निवीर सैनिक स्व. अजय कुमार की शहादत पर उसके परिवार को नियमित सैनिक के समतुल्य सम्मान राशि एवं दर्जा न देने की बात रखी गई थी, जबकि इसके प्रतिउत्तर में रक्षा लेखा विभाग, नई दिल्ली द्वारा शहीद अजय कुमार के परिजन को नियमित सैनिक के समतुल्य प्रदान की गई राश कि विवरण सार्वजनिक किया गया है। इस प्रकार लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में देश को गुमराह करने एवं सेना का मनोबल गिराने का अपराध राहुल गांधी द्वारा सोची समझी रणनीति के तहत किया है। इस विरोध प्रदर्शन में सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह के साथ डॉ. पूनम प्रसाद, चंदना चक्रवर्ती, आशा सोनी, सोनिया, अजय सिंह राजपूत, अतुल साहू, अनिल कुमार साहू, एके चौरसिया, इन्द्रमणि सेन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पैकेट में न पैकिंग डेट न एक्सपायरी डेट

# फफूंद लगी ब्रेड बेचकर स्वास्थ्य से खिलवाड़

**जबलपुर।** स्वास्थ व्यक्ति के जीवन में अति महत्वपूर्ण है किंतु कुछ लोग चंद पैसों की लालच में सड़ागला सामान बेचकर आम नागरिकों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। स्टेट बार काउंसिल हाईकोर्ट के पूर्व सचिव और अधिवक्ता समदडिया कॉलोनी ब्यौहारबाग निवासी राजेंद्र जैन ने एक लिखित शिकायत कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य विभाग में प्रस्तुत की। शिकायत में कहा गया कि उनके द्वारा ब्यौहारबाग स्थित पांडे अस्पताल की गली में सुरेश किराना स्टोर से पॉपुलर कंपनी की बड़ी ग्रेड का पैकेट खरीदा गया था। घर जाकर खाने हेतु खोलने पर देखा की ब्रेड में फफूंद लगी हुई है और वह दुर्गंध मार रही है, साथ ही ब्रेड के पैकेट पर ना तो पैकिंग डेट और ना ही एक्सपायरी डेट लिखी थी, जो कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत अनुचित है। श्री जैन द्वारा जब दुकानदार से इस बात की शिकायत की गई तो उसने सामान्य घटना बताया और उपभोक्ता से दुर्व्यवहार किया । श्री जैन ने शिकायत की घटना को अपने पड़ोसी रहवासी पुलिस के रिटायर्ड सीएसपी नरेश शर्मा तथा पूर्व चीफ इंजीनियर दिलीप जैन व अधिवक्ता स्वाति शुक्ला को अवगत कराया, क्योंकि वे भी उसी दुकान से ब्रेड खरीदते हैं।






उल्लेखनीय है कि गत अक्टूबर माह में गोहलपुर थाना अंतर्गत पॉपुलर ब्रेड फैक्ट्री में ही काम करने वाले एक मजदुर की वही की ब्रेड खाने से मौत हो गई थी और अब पॉपयुलर फूड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तिलहरी द्वारा फफूंद लगी ब्रेड बेचकर उपभोक्ताओं की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है जो कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत सेवा में कमी है। यदि जैन परिवार द्वारा बगैर देखे उक्त ब्रेड खा ली जाती तो बहुत ही भयंकर परिणाम होता। ब्रेड के पैकेट में शिकायत हेतु कस्टमर केयर नंबर 9300452227 प्रिंट है, जिसे लगाने पर वह उपलब्ध नहीं है। शिकायत में उपभोक्ता राजेंद्र जैन, नरेश शर्मा, दिलीप जैन, स्वाति शुक्ला ने जिला प्रशासन से दोषियों पर कई कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### कभी कभी ऐसा होता है

सामान्य घटना है कभी-कभी ऐसा हो जाता है। हम ब्रेड का पैकेट बदल कर दूसरा देने तैयार है। उपभोक्ता के आक्रोशित होने पर बहस हो जाना सामान्य बात है।

संचालक- सुरेश किराना स्टोर, ब्यौहारबाग

### किसी और कंपनी का होगा

शहर में पॉपुलर ब्रेड की कई कंपनियां संचालित है। हमारी पॉपुलर ब्रेड कंपनी मनमोहन नगर से संचालित है। हमारी कंपनी का उक्त उत्पाद नहीं है, बल्कि किसी और पॉपुलर कंपनी का होगा।

सुमित केशवानी संचालक- पॉपुलर ब्रेड मनमोहन नगर

### मिलता जुलता नाम होगा

हमारी कंपनी पॉप्युलर फूड के नाम से बिलहरी में संचालित है हम खराब ब्रेड का उत्पादन नहीं करते। कोई सोमेश नामक व्यक्ति अधारताल में हमारी कंपनी से मिलता जुलता नाम से ब्रेड फैक्ट्री संचालित करता है।

ऋषभ केशवानी
संचालक पॉप्युलर फूड कंपनी, बिलहरी





# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत

**सिहोरा।** धर्म जागरण समिति के सिहोरा के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ स्वामी,बालभद्र एंव बहन सुभद्रा को रथ मे विराजमान कर बाबा शाला कटरा मोहल्ला से पूजन अर्चन के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो झंड़ा बाजार,कालभैरव चौक, सरावगी मोहल्ला,महावीर चौराहा,मैना कुआं,हरदौल मंदिर से होकर निकली तथा बाबाताल में संपन्न हुई। सैकड़ों भक्त गण भगवान का रथ खींचने आतुर नजर आये आगे आगे बैंड बाजों के साथ गणमान्य नागरिक चल रहे थे उसके पीछे भक्त गण जय जगन्नाथ के नारे लगाते चल रहे थे रथ से ही सभी को महाप्रभु का भात का प्रसाद वितरण किया जा रहा था। जगन्नाथ स्वामी के दर्शन करने पूरे शोभायात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में दोनों श्रद्धालु भक्त गण खड़े जो तो दर्शन पाकर अपने आप को धन्य कर लेना चाहते थे इस ऐतिहासिक शोभायात्रा का नगर में अपना एक अलग ही स्थान है जिसे देखने ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या में भक्त गण आये हुए थे।

## श्रीमद्भागवत कथा का समापन

# श्रीकृष्ण सुदामा की दोस्ती जगत के लिए एक मिसाल : संत ब्रम्हानन्द

**सिहोरा।** अम्बा बिहार कालोनी मझौली बायपास में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ से संत ब्रम्हानन्द दास जी महाराज ने सुदामा चरित्र की मीमांसा करते कहा कि श्रीकृष्ण सुदामा की दोस्ती जगत के लिए एक मिसाल है जिसमें कोई स्वार्थ नहीं केवल प्रेम है तभी तो भगवान ने अपनी भाभी सुदामा की पत्नी के द्वारा भेजे गये चावल में से पहली मुट्ठी खाते ही स्वर्ग सुदामा के नाम कर दिया, दुसरी मुट्ठी में मित्र को प्रथ्वी लोक का वैभव दे दिया जैसे ही भगवान तीसरी मुट्ठी खाने लगे तो उन्हें माता लक्ष्मी ने रोक दिया नहीं तो वे बैकुंठ भी सुदामा को दे देते। कृष्ण एक राजपरिवार में और सुदामा ब्राह्मण परिवार में पैदा हुए थे पर दोनों की मित्रता का गुणगान पूरी दुनिया करती थी। शिक्षा दीक्षा समाप्त होने के बाद भगवान राजा बन गये तो वहीं दुसरी तरफ सुदामा के बुरे दिन की शुरुआत हो चुकी थी। और बुरे दिन से परेशान होकर ही सुदामा की पत्नी ने



उन्हें कृष्ण से मिलने जाने के लिए कहा था। संत जी कहा वैसे तो भगवान की 16108 पत्नियां थीं लेकिन उनमें श्रीकृष्ण की 8 पटरानियां थीं. जिनसे उन्होंफने स्वेयं विवाह किया उनमें रुक्मणि पहली थीं उनके अलावा जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा भी श्रीकृष्ण की पत्नियां थी। भगवान ने सुदामा के साथ ईश्वरीय व्यवहार करने के लिए अपने हाथों से उनके पैर धोये थे। सुदामा अपने मित्र कृष्ण द्वारा ऐसा अप्रत्याशित शाही व्यवहार देखकर रो पड़े। कथा के पूर्व आयोजक मंडल के जगन्नाथ श्रीमती ललता विश्वकर्मा, सुशील श्रीमती वर्षा विश्वकर्मा, संदीप श्रीमती पूजा विश्वकर्मा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, पुरुषोत्तम दास, संजू राठौर, भूपेंद्र यादव, चंचल नाथ आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। कथा समापन पर आज भंडारे का आयोजन किया गया है।

## मशरूम उत्पादन पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा शहपुरा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत नोनी के ग्राम भदरवारा में स्व सहायता समूह की महिलाओं को 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिलवाया गया। प्रशिक्षण का आयोजन सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर द्वारा आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमाणीकरण रूडसेटी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार भोपाल ओम प्रकाश चतुर्वेदी के निर्देशन में मशरूम उत्पादन से संबंधित परीक्षा परीक्षक रामसुख दुबे कटनी एवं बैंक से संबंधित परीक्षा परीक्षक आनंद सिंह जबलपुर द्वारा लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। जिसमे मशरूम उत्पादन के अंतर्गत मशरूम की खेती से लाभ मशरूम के प्रकार एवं जातियां मशरूम का पोषक मान एवं औषधीय महत्व सफेद बटन एवं ओयस्टर मशरूम के उत्पादन की विधि मशरूम में बीमारियां कीट और उनकी रोकथाम मशरूम संरक्षण एवं परिरक्षण तथा व्यंजन तथा बैंकिंग से संबंधित विषयों का मूल्यांकन किया गया।

# बजट पर वित्तमंत्री व अर्थशास्त्री डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा से की चर्चा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा मप्र के हित, जनता के हित एवं अंतिम व्यक्ति कि विकास के लिए प्रस्तुत बजट के लिए वित्तमंत्री को युवा आर्थिक परिषद के अध्यख एवं भारत आर्थिक परिषद के कार्यकारिणी सदस्य एवं मप्र प्रभारी डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा ने बधाई दी और कहा कि वित्तमंत्री के अनुभव इस बजट में स्पष्ट दिख रहे हैं। उन्होंने सबके हित का बजट प्रस्तुत किया है। युवा, महिला, किसान एवं गरीब कल्याण की योजना इस बजट में थी, निश्चित रूप से बजट विकसित भारत 2007 को मजबूती प्रदान करेगा। वित्तमंत्री द्वारा डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा जो शिक्षा एवं आर्थिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की एवं उनके द्वारा बजट को लेकर लेख आदि के लिए बधाई दी गई।



## संस्कृत के राष्ट्रीय कोटि के विद्वान आचार्य कृष्णकांत चतुर्वेदी का देहांत

**जबलपुर।** संस्कारधानी की विद्वत परम्परा के शिखर पुरुष, असाधारण वक्ता, अध्यात्मिक चिंतक, ब्रजभाषा के कवि, संस्कृत भाषा के राष्ट्रीय कोटि के विद्वान, कालिदास अकादमी, उज्जैन के पूर्व निदेशक आचार्य डॉ कृष्णकांत चतुर्वेदी का रविवार, 7 जुलाई को जबलपुर में 87 वर्ष की अवस्था में देहांत हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास जेडीए एच आई जी, मुस्कान प्लाजा के पीछे, रामेश्वरम, एम आर फोर रोड से आज सोमवार 8 जुलाई, 2024 को प्रात 11.30 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे अभिजित चतुर्वेदी के पिता, श्याम चतुर्वेदी के भाई एवं कवि विवेक चतुर्वेदी के चाचा थे।



# ऑटिज्म बच्चों में छिपा है प्रतिभा का असीम भंडार

**जबलपुर।** ऑटिज्म और अति चंचल व अति क्रियाशील बच्चों के अंदर प्रतिभा का असीम भंडार छिपा होता है, परंतु उनके असामान्य व्यवहार के कारण हमारा ध्यान बच्चों की इस प्रतिभा की ओर नहीं जाता। वास्तव में इन बच्चों के प्रत्येक असामान्य व्यवहार के पीछे कोई ना कोई विशेष कारण होता है। उस कारण को खोजकर और उसका समाधान करते हुए उसके व्यवहार को सामान्य बनाकर बच्चे को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है।

उक्त उद्गार सनराइज इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल नीड चिल्ड्रन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान व अभिभावक जागरुकता कार्यक्रम में दिल्ली और बड़ोदरा से आए विषय विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। आयोजन ब्रदरहुड ग्लोबल इंक्लूजिव एजुकेशन नई दिल्ली के अध्यक्ष सतीश कपूर के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक व शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जबकि प्रांगण पुनर्वास केंद्र बड़ोदरा की अध्यक्ष राधा टंडन तथा नोडल अधिकारी संभागीय समावेशी शिक्षा डॉ.रामनरेश पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष सुश्री बिनीता पगारे ने संस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष तिवारी में तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ. एच. पी. तिवारी ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतिभावान बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था सचिव उमेश सोनी, विनोद कुमार कुलस्ते, प्रवीण पगारे, डॉ. विजयकांत तिवारी, आर.के. नेमा सहित बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक व समाजसेवी उपस्थित थे।



## किसानों की डिमांड डीएपी सोसायटियों से मिल रहा एनपीके

# डीएपी खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

**सिहोरा।** इन दिनों सोसायटियों में मांग के अनुरुप डीएपी खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हो रहे हैं। हालांकि, सोसायटियों में डीएपी को छोडकर अन्य खाद का पर्याप्त स्टॉक है। लेकिन डीएपी के सब्सिट्यूट एनपीके को किसान लेना पसंद नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। आमतौर पर देखा गया है की किसान खाद विक्रेताओं से लेकर सेवा सहकारी समितियों के बाहर डीएपी खाद लेने लम्बी लम्बी कतार लगाए हुए दिन भर खड़े रहते हैं। जबकि एनपीके खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों की पहली प्राथमिकता डीएपी ही रहती है जिसका फायदा कालाबाजारी उठा रहे हैं।

### महंगे दाम में बेच रहे व्यापारी

सोसायटियों में डीएपी खादी की कमी होने का पूरा फायदा व्यापारी उठा रहे हैं। डीएपी खाद को निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बेच रहे हैं। बावजूद इसके किसान महंगे दाम पर भी डीएपी की खरीददारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोसायटियों में डीएपी खाद 1350 रुपए प्रति बोरी की दर से मिल रहा है। जबकि यही खाद 16 सौ रुपए प्रति बोरी की दर से बेचें जाने की जानकारी किसानों द्वारा दी जा रही है।

### डीएपी और एनपीके में अंतर

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि डीएपी एवं एनपीके दोनों प्रकार की खादों में दो प्रकार के पोषक तत्व पाए जाते है। धान की




फसल में कल्ले बढ़ाने नाइट्रोजन एवं फास्फोरस की आवश्यकता होती है इसके अलावा डीएपी मिट्टी में शीघ्रता के साथ घुलकर पौधे को पोशाक तत्व प्रदान करती है।

डीएपी एक रासायनिक और अमोनिया आधारित खाद है। डीएपी में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन, 46 प्रतिशत फास्फोरस और 15.5 अमोनियम अमोनियम नाइट्रेट होता है। वहीं एनपीके में 12 प्रतिशत नाइट्रोजन, 32 प्रतिशत कार्बोक्सिलिक अम्ल और 16 प्रतिशत पोटेशियम होता है। जिसके चलते किसान डीएपी के स्थान पर एनपीके का उपयोग कर सकते हैं। डीएपी उर्वरक में पोटेशियम नहीं होता है। जबकि एनपीके उर्वरक में पोटेशियम भी होता है।किसान काफी सालों से डीएपी खाद का प्रयोग करते आ रहें है। उसका उन्हें परिणाम भी अच्छा मिल रहा है। इसलिए किसानों को डीएपी खाद ही चाहिए। इसके अलावा अन्य किसानों द्वारा भी डीएपी का इस्तेमाल किये जाने के कारण मांग लगातार बढ़ रही हैं।

### मृदा तत्वों का ज्ञान ना होने से बढ़ रही मांग

सरकार ने प्रदेश के सभी विकास खण्डों में करोड़ों की लागत से मृदा प्रयोगशाला भवन सहित मशीनरी तो उपलब्ध करा दी लेकिन विशेषज्ञों की नियुक्ति नहीं किए जाने से किसान मृदा प्रयोगशाला के लाभ से वंचित है। विकास खण्डो में बनाए गए मृदा प्रयोगशाला के भवन लोकार्पण के पहले ही खंडहर में तब्दील हो रहे हैं वहीं लाखों की मशीनरी जंग खा रही है।मृदा परीक्षण न होने के कारण किसान को इस बात की जानकारी ही नहीं है कि उसके खेत में किस पोषक तत्व की कमी है परंपरागत रुप रासायनिक उर्वरकों के उपयोग एवं आसपास के किसानों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की होड़ के चलते किसान अंधाधुन रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कर रहा है ।

## एमपी ट्रांसको ने किया पौधरोपण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार और ऊर्जा विभाग की बिजली कंपनियों में पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान के तहत बालाघाट जिले सहित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के विभिन्न सब स्टेशनो और रहवासी कालोनियों में वृहद पौधरोपण का पहला चरण हुआ। एमपी ट्रांसको के प्रदेश के विभिन्न सब स्टेशनो में 2000 पौधों के रोपण लक्ष्य के मुकाबले 3261 पौधों का रोपण किया गया। बालाघाट जिले के मुख्यालय स्थित 132 के व्ही सबस्टेशन बालाघाटए जिले का एकमात्र 400 के व्ही सबस्टेशन किरणापुर, 132 के व्ही सबस्टेशन लांजी, 132 के व्ही सबस्टेशन बैहर, 132 के व्ही सबस्टेशन वारासिवनी, 132 के व्ही सबस्टेशन भानेगांव , 132 के व्ही सबस्टेशन, 132 के व्ही सबस्टेशन लालबर्रा में अधीक्षण अभियंता श्री निजाम सिंह लोधी के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता सुश्री स्वाति बिसेन एवं अन्य द्वारा पौधारोपण किया गया।


## कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

# अधिक उत्पादन प्राप्त करने धान की रोपाई में बरतें जरूरी सावधानी

**जबलपुर।** धान खरीफ की मुख्य फसल है और जबलपुर जिले में लगभग 1 लाख 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र इसे लगाया जाता है। इसमें से लगभग 40 से 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सूखे खेतों में सीड ड्रिल के माध्यम से इसकी सीधी बोनी की जाती है, जबकि शेष क्षेत्रफल में खेतों में कीचड़ मचा कर मजदूर या पैडी ट्रांसप्लांटर के माध्यम से नर्सरी द्वारा तैयार धान के पौधों की रोपाई की जाती है। किसानों ने अपने खेतों में नर्सरी तैयार कर ली है और बारिश के आने से जिले भर में रोपाई जोरों पर है।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास रवि आम्रवंशी ने बताया कि जिले में किसानों ने अपने खेतों में नर्सरी तैयार कर ली है और बारिश के आने से जिले भर में धान की रोपाई जोरों पर है। श्री आम्रवंशी के मुताबिक सावधानी पूर्वक धान की रोपाई करने पर किसान इसका अधिकतम उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। रोपाई के लिए धान की 20 से 25 दिनों की पौध सर्वाधिक उपयुक्त होती है। रोपाई करने से एक दिन पहले नर्सरी में लगी हुई धान की अच्छी तरह सिंचाई करनी चाहिए। ताकि दूसरे दिन धान के पौधों को निकालते समय उनकी जड़ न टूटें और पौधे भी आसानी से निकल जाएं। पौधों की जड़ों में लगी मिट्टी को पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद किसानों द्वारा जड़ों का उपचार करने से फसलों में उर्वरक की आंशिक पूर्ति की जा सकती है। उप संचालक किसान कल्याण ने बताया कि कार्बेंडाजिम 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी की 2 ग्राम मात्रा एवं स्ट्रेप्टोसाइक्लिन की 0.5 ग्राम मात्रा को 1 लीटर पानी में घोल बनाकर धान के पौधों को 20 मिनट तक डुबोकर रखना चाहिए। इसके बाद उपचारित पौधे को एक बोतल नैनो डीएपी के 100 लीटर पानी में बने घोल को दोबारा 20 मिनट तक डुबोकर रखना चाहिए। उपचारित पौधों की तैयार खेत में परस्पर 20 सेंटीमीटर की दूरी पर स्थित कतारों में 10 सेंटीमीटर की दूरी पर रोपाई करना चाहिए। रोपाई करते समय एक स्थान पर दो से तीन पौध लगाना चाहिए और पौधों की गहराई दो से तीन सेंटीमीटर से अधिक नहीं रखनी चाहिए।






**श्री परमजीत सिंह चाना-** मदनमहल गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री पमरजीत सिंह चाना (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल शुक्ला-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री छोटे लाल शुक्ला (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या देवी डिलवानी-** द्वारका नगर आनंद दरबार के पास लालमाटी निवासी श्री चंचलदास डिलवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी डिलवानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मगन लाल चौधरी-** संत रविदास नगर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ ग्वारीघाट रोड निवासी श्री मगन लाल चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश समुंद्रे-** प्रेमसागर निवासी श्री राजेश समुंद्रे (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी वर्मा-** मद्रास लाइन बापू नगर रांझी निवासी श्री चंद्रसेन वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हीरा सिंह अरोरा-** धनवंतरी नगर निवासी श्री हीरा सिंह अरोरा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोनू कुशवाहा-** बर्न स्टेंडर्ड कम्पनी जैक्सन के पास निवासी श्री गंगाराम कुशवाहा के पुत्र श्री सोनू कुशवाहा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रिंकू रजक-** जीसीएफ जवाहर विद्या मंदिर के पास निवासी श्री लक्ष्मण रजक के पुत्र श्री रिंकू रजक (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोहन बर्मन-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री मोहन बर्मन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी ठक्कर ग्राम निवासी श्री राकेश चौधरी के पुत्र श्री आकाश चौधरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुंता बाई कुशवाहा-** पुरानी पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री अलोपी कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती कुंता बाई कुशवाहा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामदास चौधरी-** कांचघर पुलिस लाइन निवासी श्री रामदास चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामवती बाई ठाकुर-** रामपुर आजाद चौक निवासी श्री अमर ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती बाई ठाकुर (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई चौधरी-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री बाबू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ताराचंद बेन-** धनंवतरी नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री ताराचंद बेन (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस व इंफोसिस शीर्ष पर रहे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 1,83,290.36 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक फायदे में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं।

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर चर्चा इसी माह



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### सचिव स्तर के अधिकारी ही बन पाएंगे ट्राई चेयरमैन



**दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार अधिनियम के तहत नियमों को अधिसूचित कर दिया है जिसके मुताबिक केवल सरकार के सचिव या समकक्ष रैंक के अधिकारी ही दूरसंचार नियामक ट्राई के चेयरमैन पद के लिए पात्र होंगे। सरकार ने अधिनियम की कुछ धाराओं को 26 जून से लागू कर दिया है और उन धाराओं के कुछ नियम पांच जुलाई से प्रभावी हो गए हैं।

### बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग की वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। दूसरी ओर आयातित सोयाबीन डीगम तेल की जुलाई खेप की कीमत में वृद्धि के कारण बाकी सभी देशी एवं आयातित तेल-तिलहन के दाम में सुधार देखने को मिला।

### क्वांटम मानकीकरण पर दूरसंचार ने मांगे जल्द प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने भारतीय शैक्षणिक संस्थानों या अनुसंधान एवं विकास संस्थानों से 'क्वांटम मानकीकरण और परीक्षण प्रयोगशालाओं' पर शोध प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह सूचना दी गई। इसका लक्ष्य क्वांटम प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।

### क्यूएमएस मेडिकल ने सारथी में ली हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** क्यूएमएस मेडिकल एलायड सर्विसेज ने कहा कि उसने सारथी हेल्थकेयर में 45 करोड़ रुपये में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। मुंबई स्थित क्यूएमएस एमएएस कई तरह के चिकित्सा उत्पादों के विपणन और वितरण कारोबार में शामिल है। क्यूएमएस मेडिकल एलायड सर्विसेज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) महेश मखीजा ने एक बयान में कहा, 'सारथी का अधिग्रहण हमारी सेवाओं के सहज विस्तार और हमारी विस्तार योजना की दिशा में एक और कदम है।'

# जेप्टो अगले 24 महीने में बन जाएगी डी-मार्ट से भी बड़ी कंपनी : सीईओ का दावा

## जेप्टो के को-फाउंडर आदित पलिचा ने उम्मीद जताई, डीमार्ट बिक्री के मामले में हमसे 4.5 गुना अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन ग्रॉसरी डिलीवरी करने वाली कंपनी, जेप्टो अगले 18 से 24 महीने में बिक्री के मामले में दिग्गज ऑफलाइन रिटेल कंपनी डीमार्ट को भी पीछे छोड़ सकती है। जेप्टो के कोफाउंडर और सीईओ आदित पलिचा ने एक कार्यक्रम के दौरान ये दावा किया। पलिचा ने कहा, डीमार्ट 30 बिलियन डॉलर की कंपनी है और बिक्री के मामले में वे हमसे 4.5 गुना अधिक हैं। अगर हम अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखते हैं, तो हमारी बिक्री में हर साल 2-3 गुना बढ़ती रहेगी। इस रफ्तार पर हम अगले 18-24 महीनों में डीमार्ट से आगे निकल जाएंगे, जो एक शानदार कंज्यूमर कंपनी है।

### जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में

सीईओ ने कहा कि जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में 5 से 7.5 करोड़ परिवारों पर फोकस कर रहा है। इस आबादी का देश की ग्रॉसरी और रोजाना उपभोग वाली वस्तुओं की खरीदारी में काफी योगदान है। पलिचा के मुताबिक, देश का किराना मार्केट वित्त वर्ष 2029 तक बढ़कर 850 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा, जिसमें से इन परिवारों का योगदान 400 अरब डॉलर का होगा।




### हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे

दिल्ली में आयोजित जेआईआईएफ फाउंडेशन डे कार्यक्रम में बोलते हुए पलिचा ने कहा, किराना सामान उन सभी कैटेगरी से बड़ा है, जिनकी सेवाएं अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां देती हैं। हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे हैं। पिछले 3 सालों में हमारी यात्रा बहुत रोमांचक रही है। हम 3 साल से भी कम समय में शून्य से 10,000 करोड़ रुपए (बिक्री में) तक पहुंच गए हैं।

### इंटरनेट इंडस्ट्रीज में सबसे तेज भारतीय कंपनी

यह इंटरनेट इंडस्ट्रीज में ऐसा करने वाली सबसे तेज भारतीय कंपनी है। फ्लिपकार्ट को इस लक्ष्य तक पहुंचने में 4 साल लगे थे। हमने यह 2.5 सालों में ही कर दिया। उन्होंने कहा, हम अपने आप को एक हाइपरलोकल वॉलमार्ट के रूप में देखते हैं। इसी बात ने हमें विस्तार करने और मुनाफे के उस बिंदु तक पहुंचने में मदद की है, जहां हम आज पहुंचे हैं।

## न्यूयार्क के मार्क किंग्डन ने रिपोर्ट का लाभ उठाया

# हिंडनबर्ग ने प्रकाशन से दो माह पहले अदाणी से संबंधित रिपोर्ट अपने ग्राहक से साझा की : सेबी


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है। सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष (हेज फंड) और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई भारी-भरकम 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने किया खुलासा

कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा है कि किंग्डन ने कभी यह खुलासा नहीं किया कि उनका हिंडनबर्ग के साथ कोई संबंध था और न ही वे किसी मूल्य-संवेदनशील जानकारी के आधार पर काम कर रहे थे। सेबी ने पिछले साल उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति को बताया था कि वह 13 ऐसी बाहरी 'अस्पष्ट' इकाइयों की जांच कर रहा है जिनकी अदाणी समूह के पांच सार्वजनिक रूप से कारोबार वाले शेयरों में 14 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी थी।




### भारत डराने धमकाने का प्रयास करता है: हिंडनबर्ग

वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने' का प्रयास है।

### कोटक महिंद्रा केएमआईएल से संबंधित थी

साथ ही उसने खुलासा किया है कि अदाणी की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. के खिलाफ दांव लगाने के लिए जिस इकाई का इस्तेमाल किया गया वह कोटक महिंद्रा (इंटरनेशनल) लिमिटेड (केएमआईएल) से संबंधित थी, जो कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड की मॉरीशस स्थित अनुषंगी कंपनी है।

### सेबी का इन लोगों को नोटिस

सेबी ने न केवल हिंडनबर्ग को, बल्कि केएमआईएल, किंग्डन और हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन को भी नोटिस भेजा है। पूर्व में अदाणी समूह के पक्ष में बात करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने 'एक्स' पर पोस्ट में दावा किया है कि किंग्डन का चीन से संपर्क है। किंग्डन का विवाह 'चीनी जासूस' अनला चेंग के साथ हुआ है।


### अदाणी इंटरप्राइजेस पर लगाया गया दांव

केएमआईएल के कोष ने अपने ग्राहक किंग्डन के किंग्डन कैपिटल मैनेजमेंट के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड पर दांव लगाया। सेबी के नोटिस में अदाणी एंटरप्राइजेज लि. (एईएल) में भविष्य के अनुबंध बेचने के लिए हेज फंड के एक कर्मचारी और केएमआईएल के कारोबारियों के बीच 'चैट' के अंश शामिल हैं।

### जेठमलानी का आरोप

जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीनी जासूस चेंग ने अपने पति मार्क किंग्डन के साथ अदाणी पर एक शोध रिपोर्ट तैयार करने के लिए हिंडनबर्ग की सेवाएं ली। उन्होंने अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग के लिए ट्रेडिंग खाते को कोटक की सेवाएं लीं और इसके जरिये लाखों डॉलर कमाए। इससे अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में भारी गिरावट आई।

# स्नैक्स की सामग्री सूची 73 फीसदी भारतीय पढ़ते हैं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

करीब 73 प्रतिशत भारतीय किसी भी स्नैक्स (नाश्ता) को खरीदने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य को पढ़ते हैं। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

इससे पता चलता है कि ज्यादातर भारतीय स्नैक्स खाते समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हो रहे हैं।

देशभर में 6,000 से अधिक लोगों के सर्वेक्षण के आधार पर रविवार को जारी की गई 'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया, 'सर्वेक्षण में शामिल 73 प्रतिशत लोग खरीदारी करने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य के लिए लेबल पढ़ना पसंद करते हैं। इनमें से 93 प्रतिशत ने पारदर्शिता पर जोर देते हुए लेबल पढ़ने और स्वस्थ विकल्पों को अपनाने की इच्छा जताई है।'

**'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल**

स्नैकिंग ब्रांड फार्मले की यह रिपोर्ट खाद्य पदार्थों में मिलावट के बढ़ते मामलों के बीच जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता अब सचेत हैं और वे संभावित हानिकारक पदार्थों के लिए खाद्य पैकेट की जांच करते हैं। इसलिए, 10 में नौ उत्तरदाताओं ने स्नैक्स के लिए स्वस्थ विकल्प खोजने की कोशिश की।

### मखाना व मेवे स्नैकिंग खंड में उभरे

अब लगभग 60 प्रतिशत भारतीय मेवे, बीज और साबुत अनाज जैसे पौष्टिक तत्वों वाले प्राकृतिक उत्पादों का विकल्प चुन रहे हैं। मखाना और सूखे मेवे स्वस्थ स्नैकिंग खंड में सबसे अग्रणी बनकर उभरे हैं और 67 प्रतिशत भारतीय इन पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को पसंद करते हैं।

## टीसीएस, एचसीएल टेक के इसी सप्ताह आएंगे रिजल्ट

# तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पहली तिमाही के नतीजे भी आने हैं, जो बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले सप्ताह की रिकॉर्ड तेजी के बाद स्थानीय बाजारों में कुछ नरमी दिख सकती है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कंपनियों का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों का सत्र इस सप्ताह शुरू हो रहा है।

11 जुलाई को टीसीएस और 12 जुलाई को एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे आएंगे। इसके अलावा सरकार 23 जुलाई को 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने जा रही है। शेयर बाजार के लिए यह एक प्रमुख घटनाक्रम होगा। बाजार को



उम्मीद है कि सरकार बजट में वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों की घोषणा करेगी। साथ ही मानसून की प्रगति पर भी सभी की निगाहें रहेंगी।

**विदेशी रुख व एफआईआई की गतिविधियों से तय होगा मार्केट**

गौड ने कहा कि इसके अलावा घरेलू और विदेशी संस्थागत (डीआईआई और एफआईआई) निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स चार जुलाई को 80,392.64 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,401 अंक के अपने नए शिखर पर पहुंचा था।

### बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 963.87 अंक या 1.21 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं निफ्टी 313.25 अंक या 1.30 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कंपनियों के तिमाही नतीजों का सत्र शुरू हो रहा है। आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस से इसकी शुरुआत हो रही है। बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा है।

### हाउस ऑफ हिमालयाज व अमेजन इंडिया में करार

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों का ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' अब अमेजन इंडिया पर भी उपलब्ध होगा। दोनों ने इसको लेकर समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए। इस मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समझौते के बाद अमेजन इंडिया के ई-मार्केटिंग पोर्टल पर 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की विधिवत शुरूआत भी की। उन्होंने उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की खरीदारी भी की। पिछले साल दिसंबर में निवेशक सम्मेलन में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड की शुरूआत की गयी थी। उन्होंने कहा कि इस ब्रांड को शुरू करने का उद्देश्य प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना है।


**अप्रैल-जून तिमाही में एक अंकीय राजस्व वृद्धि संभव**

# एफएमसीजी कंपनियों को मार्जिन में सुधार की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। साथ ही इन कंपनियों ने एक अंक की राजस्व वृद्धि का अनुमान जताया है, जिसे ग्रामीण मांग में सुधार और स्थिर शहरी बाजार से मदद मिली है।

डाबर, मैरिको और अदाणी विल्मर जैसी सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों ने अपनी ताजा तिमाही सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में मांग में क्रमिक सुधार हुआ, जो उम्मीद के मुताबिक है। घरेलू एफएमसीजी निर्माता डाबर को घरेलू बाजार में मध्य-एकल अंक में बिक्री बढ़ने



और एकीकृत राजस्व वृद्धि मध्य से उच्च एकल अंक में रहने का अनुमान है।

मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में उसका एकीकृत राजस्व उच्च एकल अंक में बढ़ा, जबकि घरेलू व्यवसाय ने क्रमिक आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की। अदाणी विल्मर ने भी जून तिमाही में कुल 13 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की।

### विस्तार की संभावना

मैरिको को भी सालाना आधार पर सकल मार्जिन में विस्तार की उम्मीद है। कंपनी सफोला, पैराशूट, हेयर एंड केयर, निहार और लिवॉन जैसे ब्रांडों का स्वामित्व रखती है। ग्रामीण बाजार की बिक्री के बारे में, डाबर ने कहा कि जून तिमाही में उसने मांग के रुझान में क्रमिक सुधार देखा और उन क्षेत्रों से वृद्धि में तेजी आई।

# पंजाब एंड सिंध बैंक की 100 नई शाखाएं खोलने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है।

पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा, 'सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।' साहा ने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। उन्होंने कहा कि बैंक की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने बीसी नेटवर्क को दोगुना करने की है। साहा ने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है।

**बैंक के कुल शाखाओं की संख्या 1665 तक पहुंच जाएगी**

## देश की वृद्धि में सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका

# बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा चाहता है होटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी आम बजट में होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा प्रदान करे, इससे नई संपत्तियों में निवेश अधिक आकर्षक बन सकेगा। उनका कहना है कि होटल क्षेत्र देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे 'लक्जरी' के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए।

इसके अलावा यह उद्योग चाहता है कि सरकार को आतिथ्य क्षेत्र को टिकाऊ और पर्यावरणनुकूल व्यवहार को अपनाने के लिए कर छूट या सब्सिडी के रूप में प्रोत्साहन देने पर पर विचार करना चाहिए।

### रोजगार सृजन का जरिया बनाने का बड़ा अवसर

आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी बजट में पर्यटन एजेंडा में तेजी लाने पर ध्यान दे क्योंकि यह देश के आतिथ्य क्षेत्र को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान देने का महत्वपूर्ण 'इंजन' और रोजगार सृजन का जरिया बनाने का बड़ा अवसर है।




### क्षमता बढ़ाने का अवसर

काचरू ने कहा कि देश के दृष्टिकोण-2047 को हासिल करने के लिए यह आतिथ्य क्षेत्र की क्षमता का लाभ उठाने का अवसर है। काचरू ने कहा कि बजट के लिए एचएआई की प्रमुख नीतिगत सिफारिश यह है कि सरकार होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा दे।

### दर्जा मिलने से निवेश बेहतर हो सकेगा

इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत छटवाल ने कहा, 'क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से निवेश बेहतर हो सकेगा। इससे क्षेत्र देश को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे पाएगा।'


# नेक्सजेन एनर्जिया की 15000 करोड़ रुपए निवेश की योजना

एजेंसी ▶▶| नोएडा

हरित ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया ने अगले 10 साल में देश में 5,000 ग्रीन डीजल और संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) पंप खोलने की योजना बनाई है। कंपनी इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

नोएडा स्थित कंपनी ने हाल में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में अपने पहले सीबीजी पंप का उद्घाटन किया, जो स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी ने बताया, ''स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता इस एक पंप से कहीं आगे तक जाती है। अगले 10 वर्षों में कई चरणों में देशभर में कुल 5,000 ग्रीन डीजल और सीबीजी पंप खोलने की योजना है। प्रत्येक पंप की लागत लगभग तीन करोड़ रुपये होगी।



### 5 हजार नए उद्यमी तैयार होंगे

द्विवेधी ने कहा कि इस पहल से लगभग 5,000 नए उद्यमी तैयार होंगे और 10 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। द्विवेदी ने कहा, 'हमारा लक्ष्य भारत को हरित ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे ईंधन आयात में लगभग 30 प्रतिशत की कमी आएगी।'

चिंतन

# रूस यात्रा से एक तीर से सधेंगे कई निशाने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सोमवार से दो दिन की रूस यात्रा पर हैं। आठ और नौ जुलाई को पीएम रूस की राजधानी मॉस्को में रहेंगे। इस यात्रा को भारत की कूटनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अभी हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में पीएम ने शिरकत नहीं की, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, इस लिहाज से एससीओ की शिखर बैठक के ठीक बाद पीएम मोदी के रूस की यात्रा पर जाने का बड़ा कूटनीतिक महत्व है। तीसरी बार भारत के पीएम बनने के बाद मोदी की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है, और इसके लिए उन्होंने रूस को चुना है, इसका अर्थ है कि भारत अपने सबसे विश्वसनीय वैश्विक साझेदार रूस को वैश्विक शक्ति संतुलन के परिप्रेक्ष्य में कितना अधिक महत्व देता है। पिछले महीने ही तीसरी बार शपथ के बाद पीएम जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने इटली गए थे। वर्ष 2022 की फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तब से रूस व यूक्रेन के बीच जंग जारी है, उस हमले के बाद से पीएम मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। मोदी ने पिछली बार 2019 में व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फ़ोरम में हिस्सा लेने के लिए रूस का दौरा किया था। रूस व यूक्रेन जंग में भारत तटस्थ रहा है और वार्ता के जरिये मसले सुलझाने की अपील करता रहा है। इस दौरान पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन व यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अलग-अलग व्यक्तिगत बातचीत में यह युद्ध का युग नहीं का संदेश दे चुके हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 की शिखर बैठक में भी भारत ने पश्चिम के दबाव के चलते रूस के खिलाफ किसी भी एजेंडे को जी-20 के संयुक्त घोषणा में शामिल नहीं होने दिया था। रूस के नजरिये से पीएम की इस यात्रा का अर्थ पश्चिम की रूस को अलग-थलग करने की कोशिशों को नकारना है। रूस और पश्चिम के खराब रिश्ते के चलते चीन पर बढ़ रही रूसी निर्भरता को साधने के लिए पीएम की इस यात्रा की टाइमिंग भी महत्वपूर्ण है। भारत व रूस के बीच शिखर सम्मेलन वर्ष 2021 से ही नहीं हुआ है। इस बार कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में हुई एससीओ की बैठक में रूस व चीन के बीच अपने-अपने एजेंडे को बढ़ाने की होड़ भी दिखी, इसके बाद भी अमेरिकी अदावत के चलते चीन और रूस करीब हैं। चीन व रूस की करीबी का भारत कूटनीतिक फायदा भी उठाता रहा है, इसके बावजूद भारत की चेष्टा है कि चीन को मॉस्को व नई दिल्ली के प्रगाढ़ रिश्ते की अहमियत का पता रहे। भारत पश्चिम के साथ अपने रिश्ते के साथ-साथ रूस संग भी अपने संबंध का संतुलन बनाए रखना चाहता है। इटली में जी-7 नेताओं से मिलने के कुछ ही दिनों बाद रूस गए हैं। एससीओ में नहीं जाने की कूटनीतिक भरपाई भी रूस यात्रा से हो जाएगी। पीएम अपने पूर्व के दो कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा के लिए पड़ोसी देशों को चुना, इस बार रूस गए हैं, यह दौरा भूराजनीतिक जरूरतों को बिम्बित करता है। इस बार यात्रा में यूक्रेन जंग, आपसी व्यापार, क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, तेल व गैस, हाइड्रोकार्बन की आपूर्ति, भुगतान के मुद्दे, प्रस्तावित चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मैरिटाइम कॉरिडोर में निवेश और प्रमुख मिलिटरी लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट पर बातचीत होगी। इस यात्रा से चीन व यूएस लॉबी के पश्चिम दोनों के लिए भी संदेश हैं। वर्तमान भूराजनीतिक परिदृश्य में भारत व रूस की गहरी दोस्ती शक्ति संतुलन की प्रकाश पुंज है।



# केवल दंड नहीं, न्याय पर भी फोकस

विश्लेषण
उज्ज्वल वीरेंद्र दीपक

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन के साथ, भारत में सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया। हम जो देख रहे हैं वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

भारतीय न्याय संहिता और कानूनी प्रणाली में अन्य ऐतिहासिक बदलावों के साथ, हम औपनिवेशिक शासन का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और अमृत काल में आधुनिकता की छलांग देख रहे हैं। 1 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के कार्यान्वयन के साथ, भारत में किसी भी सरकार द्वारा किए गए सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। यह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह लेता है, जिन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान तैयार किया गया था। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया।

भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल में औपनिवेशिक मानसिकता और उपनिवेशवाद की गंध वाले कानूनों से आजादी के मुद्दे को उठाया। नए भारत को निस्संदेह ब्रिटिश-युग के औपनिवेशिक कानूनों में सुधार और न्यायशास्त्र में परिवर्तन की आवश्यकता है। भारतीय चेतना से संपन्न और संविधान की भावना के अनुरूप तीन नए अधिनियम हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक ऐतिहासिक बदलाव लाने वाले हैं। न्याय, भारतीय संविधान, भारतीयता और नागरिकों की भलाई इन नए अधिनियमों के मूल में होगी। कानून और व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मौजूदा आपराधिक कानूनों की समीक्षा करना और कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था ताकि 140 करोड़ नागरिकों के लिए जीवन में आसानी और न्याय में आसानी सुनिश्चित हो सके।

नए अधिनियम न केवल समसामयिक हैं, बल्कि भविष्योन्मुखी भी हैं, जिनका उद्देश्य सभी को शीघ्र न्याय प्रदान करना है। लोगों की समसामयिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप एक ऐसी कानूनी संरचना का निर्माण किया गया है जो नागरिक केंद्रित हो और नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता को सुरक्षित रखे। तीन नए कानून पुलिस को जवाबदेह बनाते हुए पीड़ित-केंद्रित हैं। 1860 में बनी भारतीय 'दंड' संहिता का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना नहीं बल्कि सजा देना था। तीनों नए कानून न्याय, समानता और निष्पक्षता के बुनियादी सिद्धांतों के आधार पर लाए गए हैं। गृह मंत्रालय ने इन तीन पुराने कानूनों में बदलाव लाने के लिए 2019 से गहन विचार-विमर्श शुरू किया था। इन कानूनों को लेकर कुल 3200 सुझाव प्राप्त हुए और गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुझावों और संशोधनों पर सूक्ष्मता से विचार करते हुए इन तीनों कानूनों पर विचार करने के लिए 158 बैठकें कीं। बीएनएस आईपीसी के कुछ प्रावधानों को अधिक संक्षिप्त बनाने के लिए समेकित करता है और




511 धाराओं की तुलना में 356 धाराएं पेश करता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रमुख आपराधिक क़ानून में आतंकवाद को पारिभाषित किया है, और यह एक शून्य-सहिष्णुता नीति को दर्शाता है। इन कानूनों में पहली बार संगठित अपराध को भी पारिभाषित किया गया है। संगठित अपराध में अपहरण, जबरन वसूली, कॉन्ट्रैक्ट हत्या, जमीन पर कब्जा, वित्तीय घोटाले और अपराध सिंडिकेट की ओर से किए गए साइबर अपराध जैसे अपराध शामिल हैं।

नई चुनौतियों के अनुसार, आर्थिक अपराध शब्द को पहली बार संगठित अपराध के हिस्से के रूप में पेश किया गया है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला लेन-देन और पारंपरिक वित्तीय जालसाजी के अपराध शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर एक नया अध्याय समर्पित किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से बलात्कार के लिए आजीवन कारावास और मृत्युदंड का प्रावधान है। सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 20 साल की कैद या मौत तक कैद की सजा का प्रावधान है। यह किसी महिला के साथ धोखे से या झूठे वादे करके यौन संबंध बनाने को भी अपराध मानता है। दूसरी ओर, बीएनएस निर्दिष्ट आधार पर पांच या अधिक लोगों द्वारा की गई हत्या या गंभीर चोट को अपराध के रूप में जोड़ता है। इन आधारों में नस्ल, जाति, लिंग, भाषा या व्यक्तिगत विश्वास शामिल हैं। ऐसी हत्या की सजा आजीवन कारावास या मौत है। न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन; नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और साक्ष्य अधिनियम, 2023 के साथ भारत ने एक साहसिक कदम बढ़ाया है।

न्याय की प्राचीन अवधारणा, न्याय के आधुनिक मिश्रण और नई चुनौतियों से निपटने के लिए एक उन्नत डिजाइन के साथ, सभ्यतागत ज्ञान और आधुनिकता के मिश्रण के साथ इन नए कानूनी सुधारों को मूर्त रूप दिया गया है। समेकन और सुव्यवस्थितीकरण, भाषा और परिभाषाओं का आधुनिकीकरण, विस्तारित क्षेत्राधिकार, अपराधों की संशोधित और नई श्रेणियां, लिंग-तटस्थ प्रावधान और हमारी कानूनी प्रणाली के प्रतिशोधात्मक सिद्धांतों पर पुनर्विचार किया गया है। मौत, आजीवन कारावास, कारावास, संपत्ति की जब्ती और जुर्माने की पहले से निर्धारित सजाओं से आगे बढ़ते हुए, बीएनएस की धारा 4 (एफ) की शुरुआत एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जिसमें सजा का छठा रूप 'सामुदायिक सेवा' जोड़ा गया है । ऐतिहासिक रूप से, आईपीसी ने प्रतिशोधात्मक सिद्धांत में निहित दंडात्मक उपायों पर जोर दिया - अपराधी को दंडित करना और पीड़ितों को मुआवजा देना। बीएनएस और अन्य उपायों के साथ, अब हम दंड को मानवीय बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और केवल प्रतिशोध के बजाय पुनर्वास पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब निश्चित रूप से यह नहीं है कि हमारी नई कानूनी प्रणाली अपराधी को बेदाग छूट देगी। बीएनएस के तहत 83 अपराधों में जुर्माना राशि बढ़ाई गई है और 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा की व्यवस्था की गई है। सामुदायिक सेवा के लिए दंड छह अपराधों में पेश किया गया है, और 19 धाराओं को अधिनियम से निरस्त या हटा दिया गया है।

नए कानून भारत में एक आधुनिक न्याय प्रणाली के कार्यान्वयन की कल्पना करते हैं, जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से सम्मन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान लाए गए हैं। हम जो देख रहे हैं वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

(लेखक कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती
कृष्ण प्रताप सिंह



# ज्योति बसु और उनकी पार्टी का वह 'हिमालयन ब्लंडर'!

भारत की वामपंथी राजनीति के सबसे चमकीले सितारों में से एक, ज्योति बसु, जिनकी आज जयंती है को सिर्फ इस बात के लिए नहीं जाना जाता कि वे 21 जून, 1977 से 5 नवम्बर, 2000 तक देश के चुनिन्दा बड़े राज्यों में से एक पश्चिम बंगाल की वामपंथी मोर्चा सरकार के मुखिया रहे। एक समय देश में सबसे लम्बे समय तक मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम था जो अब सिक्किम के पवन कुमार चामलिंग के नाम है। उन्होंने वर्ष 2000 में मुख्यमंत्री का पद जनरोष के शिकार होने के बाद नहीं, बढ़ती उम्र की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के कारण छोड़ा था। पश्चिम बंगाल से वाममोर्चा सरकार की जिस विदाई को कई लोग उसके लाल किले के ढहने के तौर पर देखते हैं, वह उनके बाद बुद्धदेव भट्टाचार्य के समय की परिघटना है। देश उनको ऐसे नेता के रूप में ज्यादा जानता है, जिसकी पार्टी ने 1996 में उससे उसके समक्ष उपस्थित भारत का पहला वामपंथी प्रधानमंत्री बनने का अवसर छीन लिया था। तिस पर उनका बड़प्पन कि उन्होंने पार्टी को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री पद ठुकरा दिया था। बावजूद इसके कि उन्हें लगता था कि पार्टी ने उक्त अवसर गंवाकर हिमालय जैसी गलती की है। कुछ जानकारों के अनुसार उनको एक नहीं,



चार-चार बार प्रधानमंत्री बनने के प्रस्ताव मिले थे। इनमें पहला 1990 में वीपी सिंह की सरकार गिरने के बाद कांग्रेस प्रमुख राजीव गांधी द्वारा दिया गया था, जिसे उन्होंने सात महीने बाद चंद्रशेखर की सरकार गिरने पर दोहराया भी था। आगे चलकर 1996 और 1999 में भी उन्हें ऐसे प्रस्ताव मिले, जिनमें 1996 का प्रस्ताव सबसे ज्यादा चर्चित हुआ। दरअसल, 1966 के लोकसभा चुनाव में गैरभाजपा-गैरकांग्रेस पार्टियां इस स्थिति में आईं कि केन्द्र में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना सकें तो उन्होंने ऐसे नेता की तलाश आरंभ की, जो उनके गठबंधन व सरकार को सुचारू रूप से चला सके। तब कहा गया कि एकमात्र ज्योति बसु ही ऐसा कर सकते हैं। फिर तो ऐसी स्थिति बन गई कि उनके नाम पर किसी भी पार्टी को ऐतराज नहीं रह गया-मात्र उनकी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को छोड़कर, लेकिन उनकी पार्टी ने अपने तत्कालीन महासचिव कॉमरेड सुरजीत की पैरवी के बावजूद उनके प्रधानमंत्री बनने के विरुद्ध फैसला किया, तो उन्होंने उसकी इस 'हिमालय-सी गलती' को किसी हील-हुज्जत के बिना स्वीकार कर लिया। 1914 में आज के ही दिन कोलकाता में पैदा हुए बसु तत्कालीन पूर्वी बंगाल {अब बाग्लादेश} में ढाका के वार्दी गांव के मूल निवासी श्रीमती हेमलता व डॉ निशिकांत बसु के तीसरे बेटे थे। तमाम उतार-चढ़ावों के बीच 1940 में इंग्लैंड से बैरिस्टरी की पढ़ाई करके वे कलकत्ता लौटे तो लाल रंग में रंग चुके थे, इसलिए परिजनों के लाख मना करने के बावजूद खुद को देश की कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ने से नहीं रोक पाए। 1940 में उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट में वकालत शुरू की तो उन्होंने पार्टी के भूमिगत व सार्वजनिक रूप से सक्रिय नेताओं के बीच संवाद के मजबूत सेतु की तरह काम किया। इसी का फल था कि पार्टी के पहले ही वैध सत्र में उन्हें उसकी प्रांतीय समिति का संगठनकर्ता चुन लिया गया। पार्टी से प्रतिबन्ध हटा तो वे उसके बांग्ला मुखपत्र 'स्वाधीनता' के सम्पादक मंडल के अध्यक्ष और राज्य समिति के निर्विरोध सचिव बने। 1954 में मदुरै कांग्रेस में उन्हें पार्टी की केन्द्रीय समिति और पालघाट कांग्रेस में केन्द्रीय सचिवालय के लिए चुना गया। 1964 में पार्टी के विभाजन के वक्त उन्हें 31 अन्य सदस्यों के साथ राष्ट्रीय परिषद से निलंबित कर दिया गया तो वे सीपीआई (एम) की केन्द्रीय समिति व पोलित ब्यूरो के लिए चुने गये। अपनी चुनावी राजनीति की शुरुआत उन्होंने 32 वर्ष की उम्र में ही कर दी थी। 1946 में रेलवे (कांस्टीट्यूएंसी) की तरफ से बंगाल विधानसभा के लिए चुने गए। अपने मुख्यमंत्रीकाल में उन्होंने पंचायतीराज और भूमि सुधार कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया, जिसके फलस्वरूप पश्चिम बंगाल देश का ऐसा पहला राज्य बन गया, जहां फसल कटकर पहले बंटाईदार के घर जाती है। 2010 में 95 साल की अवस्था में निमोनिया से पीड़ित होने के बाद उन्होंने 17 जनवरी की सुबह कोलकाता के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली तो उनकी अंतिम यात्रा किसी श्मशान में नहीं बल्कि एक अस्पताल में जाकर समाप्त हुई ताकि उनका शरीर, जिसे उन्होंने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए दान कर रखा था, उसको सौंपा जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है, इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

शिवजी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिवजी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिवजी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिवजी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिवजी के पास लौट आईं। इसके बाद शिवजी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिवजी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिवजी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिवजी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिवजी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## सटाका




### आज की पाती


**अमरनाथ यात्रा मंगलमय हो**

बाबा बर्फानी अर्थात अमरनाथ की यात्रा शुरू हो चुकी है। सरकार और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के पुख्ता इंतजाम तो किए ही हैं, आतंकवाद से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सेना भी तैयार है। लेकिन इस यात्रा को और सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए श्रद्धालुओं को भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और प्रशासन ने जो भी नियम इस यात्रा के लिए बनाए हैं, उनका पालन गंभीरता से करना चाहिए। जो भी रास्ता प्रशासन ने बताया है या जिन चीजों के लंगर लगाने की इजाजत दी है, उसी रास्ते का प्रयोग करना चाहिए और उन्हीं चीजों के लंगर लगाने चाहिए। दूसरा, लोगों को वहां शांति और अनुशासन में रहकर यात्रा करनी चाहिए, भगदड़ करने से बचना चाहिए। तीसरा, पहाड़ी रास्तों में सावधानी बरतनी चाहिए। *- रमेश साहू, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका विदेशी जहाजों पर से प्रतिबंध अगले साल हटाएगा


श्रीलंका ने विदेशी अनुसंधान जहाजों के आगमन पर अगले साल से प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया है। जापान की मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। उच्च प्रौद्योगिकी वाले चीनी जासूसी जहाजों द्वारा श्रीलंकाई बंदरगाह पर लंगर डालने संबंधी बार-बार के अनुरोध के बाद जताई गई सुरक्षा चिंताओं के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध हटाने के निर्णय की जानकारी श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने 'एनएचके वर्ल्ड जापान' को दी। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाजों की बढ़ती आवाजाही पर नयी दिल्ली ने चिंता व्यक्त करते हुए इनके जासूसी जहाज होने का अंदेशा जताया था और कोलंबो से आग्रह किया था कि वह ऐसे जहाजों को अपने बंदरगाहों पर न आने दे। भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने जनवरी में अपने बंदरगाह पर विदेशी अनुसंधान जहाजों के लंगर डालने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस साल की शुरुआत में एक चीनी जहाज के लिए हालांकि छूट दी गई थी। एनएचके वर्ल्ड जापान की शुक्रवार की एक रिपोर्ट के अनुसार, साबरी ने कहा कि उनकी सरकार अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग नियम नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि उनका देश दूसरों के बीच विवाद में किसी का पक्ष नहीं लेगा।



## ऑफ बीट

### संक्रमण से सुरक्षा पाने को साल में दो बार लगाए इंजेक्शन

दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में व्यापक स्तर पर किये गए एक क्लिनिकल परीक्षण से पता चला है कि नयी रोग-निरोधक दवा का साल में दो बार इंजेक्शन युवतियों को एचआईवी संक्रमण से पूरी सुरक्षा देता है। परीक्षण में यह पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या 'लेनकापाविर' का छह-छह महीने पर इंजेक्शन, दो अन्य दवाओं (रोज ली जाने वाली गोलियों) की तुलना में एचआईवी संक्रमण के खिलाफ बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगा। सभी तीन दवाएं 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस' (रोग निरोधक) दवाएं हैं। अध्ययन के दक्षिण अफ्रीकी भाग के प्रमुख अन्वेषक, चिकित्सक-वैज्ञानिक लिंडा-गेल बेकर ने बताया कि कि यह सफलता इतनी महत्वपूर्ण क्यों है और आगे क्या उम्मीद की जाए। लेनकापाविर और दो अन्य दवाओं की प्रभावकारिता का परीक्षण 5,000 प्रतिभागियों के साथ 'उद्देश्य 1' परीक्षण युगांडा में तीन स्थलों और दक्षिण अफ्रीका में 25 स्थलों पर किया गया। लेनकापाविर (लेन एलए) एचआईवी कैप्सिड में प्रवेश करता है। कैप्सिड एक प्रोटीन शेल है जो एचआईवी की आनुवंशिक सामग्री और प्रतिकृति के लिए आवश्यक एंजाइमों की रक्षा करता है। इसे हर छह महीने में एक बार त्वचा में लगाया जाता है।



## ट्रेंड


### राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा

वीरभूमि हिमाचल के सपूत, परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा ने कारगिल युद्ध के दौरान शौर्य की जो अमर गाथा लिखी वह अमिट अक्षरों में दर्ज रहेगी। आज उनके बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन करता हूँ। आपके सर्वस्व अर्पण के लिए कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री



### शुभ संकल्प रखें

जीवन की सफलता और संसिद्धि सद्विचार और पारमार्थिक प्रवृत्तियों में सन्निहित है जो हमें शुभ संकल्प, साधु-सन्तों की सत्प्रेरणा और अनुग्रह से सहज ही उपलब्ध हो जाती है ।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु



### लोको पायलट्स को सुविधा नहीं

नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट्स 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं, उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष



### ऐसे बनें करिश्माई

करिश्माई बनने के तरीके- सच्चे बनो, शांत रहें, सम्मान रखें, मुस्कुराओ, ऊर्जावान बनाना, उत्साही बनो, प्रामाणिकता, महान संचार कौशल, सकारात्मकता का संचार करें और आँख से संपर्क रखें।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### महापौर द्वारा चार मशीनों का किया गया लोकार्पण

**कटनी।** शहर में नालियों एवं नाले की साफ़-सफ़ाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने हेतु नगर निगम द्वारा चार नयी मशीनों का क्रय किया गया जिसका लोकार्पण महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा 6 जुलाई को किया गया। महापौर सूरी द्वारा बताया गया की मशीन के द्वारा कम समय में अधिक सफ़ाई की जा सकेगी जिससे हमारे शहर में गंदगी बीमारी जैसी समस्याओं को रोका जा सकेगा।

### खेत गए वृद्ध की करंट लगने से मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम केलावारा कला मे गत दोपहर खेत मे काम करने गए वृद्ध की करेंट लगने से मौत हो गयी। जानकारी अनुसार मृतक धनीराम पटेल पिता शम्भूलाला 65 निवासी कैलवारा कला निवासी जो घटना कल सुबह 11 बजे खेत गया था। रात भर परिजन उसे खोजते रहे जो आज सुबह खेत मे मृत पाया गया ।बताया गया कि यहां एक बिजली खम्बे की लाइन बाउंड्री से संपर्क में होने के कारण करंट दौड़ गया जिसकी चपेट में व्रद्ध आ गया पुलिस द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शव क़ो परिजनों क़ो सौंप दिया गया।

### रेत का अवैध परिवहन, ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त



**कटनी।** उमरियापान में रेत का अवैध परिवहन करते हुए नायब तहसीलदार अजय मिश्रा ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। रेत से संबंधित कागजात न होने पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को थाना परिसर में खड़ा कराया है। रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पोंडी खुर्द निवासी सोनू चौहान की है। जिसके द्वारा पोंडी खुर्द और आसपास के घाटों से रेत की निकासी की जाती है। रेत परिवहन के कार्य में बगैर नम्बर की ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग किया जाता था। नायब तहसीलदार ने अग्रिम कार्यवाही का प्रतिवेदन ढीमरखेड़ा एसडीएम को भेजा है।

### जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ निकली रथयात्रा

**विजयराघवगढ।** श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम स्थित भगवान जगन्नाथ जी के रथयात्रा महोत्सव में प्रातःकालीन बेला में वैदज्ञ आचार्य पं कृष्णदास पांडेय,राकेश उरमलिया,ऋषिकेश मिश्रा,धीरेन्द्र द्विवेदी षोडशोपचार पूजन महाआरती कर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु को रथारुढ कराते हुए जय जगन्नाथ के उद्घोष करते हुए भक्तों ने नगर में रथयात्रा निकाली। जगह – जगह भगवद भक्तों ने वंदन पूजन करते हुए रथयात्रा महोत्सव में सम्मलित हुए। मध्याह्न भंडारे का उपस्थित जन ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जगदीश त्रिपाठी राजा, यश पाठक वसुधा मनीष मिश्रा, मनीषा अजय शर्मा, मदनलाल ग्रोवर, रामाधार गौतम, रमेश शुक्ला, श्रीमती सारिका डॉ अनिल मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, अनिल शर्मा, अवधराज तिवारी, नीरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### आज होगी समीक्षा बैठक

**कटनी।** कॉल बिफोर यू डिंग के संबंध मे प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक सोमवार 8 जुलाई 2024 को टी.एल बैठक उपरांत कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर द्वारा आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों सहित दूरसंचार विभाग भारत सरकार के जिला प्रतिनिधि से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा कॉल बिफोर यू डिग एप्लिकेशन विकसित किया गया है। जिसका उद्देश्य किसी खुदाई गतिविधि के दौरान ओएफसी अथवा बिजली की केबल, पानी अथवा गैस पाईप लाइन जैसी भूमिगत अवसंरचनाओं को होने वाले नुकसान से रोकना है।

### अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में की गई कार्यवाही, मचा रहा हड़कंप

# जिले भर में रात्रि गश्त में उतरी पुलिस की फौज, एक सैकड़ा बदमाशों की धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की फौज ने बीती काम्बिंग गश्त की। बदमाशों की तलाश करते हुए पुलिस टीमों ने लंबे समय से फरार चल रहे 100 आरोपियों को दबोच लिया। इसके साथ ही 32 गुण्डा बदमाश व 33 निगरानी बदमाशो के ठिकानों में दबिश देकर चेक करते हुए उन्हें अपराध से तौबा करने की हिदायत दी। इतना ही नहीं कांबिंग गस्त के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये शराब जप्त कर 18 प्रकरण किये पंजीबद्ध किए गए। देर रात आरक्षक से लेकर राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तक रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक क्षेत्र में डटे रहे। गस्त के लिए 269 से अधिक के बल को अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारियो के नेतृत्व में टीमों का गठन कर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए ताबड़तोड़ कार्यवाही करने के लिए रवाना किया।

पुलिस महानिदेशक भोपाल के निर्देशानुसार रात्रि कांबिंग गस्त 6-7 जुलाई की दरम्यानी रात पुलिस कप्तान अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में गठित अलग अलग टीमों के माध्यम से की गई। इस दौरान कटनी पुलिस ने हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे माननीय न्यायालय द्वारा जारी किए गए स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी की घर पकड़ की गई।

#### चलाया गया विशेष अभियान

पकड़े गए उपर्युक्त आरोपी लंबे समय से फ़रार थे। उनकी गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पूर्व मे इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। जिले की क़ानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं बदमाशों के मन मे भय पैदा करने के उद्देश्य से गत रात्री जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 33 स्थाई वारंट, 77 गिरफ्तारी वारंट कुल 100 वारंट तामिल किए गए हैं। साथ ही 32 गुण्डा बदमाश एवं 33 निगरानी बदमाशों एवं 4 जिला बदर को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई। साथ ही अवैध शराब के विरुद्ध 18 प्रकरण मे दर्ज कर अवैध शराब जप्त की गई।

कांबिंग गस्त के दौरान थाना बहोरीबंद द्वारा ग्राम रामनगर के पास जंगल के नाले से करीब 09 क्विंटल महुआ लाहान कीमती 90 हजार रुपए का बरामद कर नष्टीकरण कराया गया, एवं एक व्यक्ति से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त कर 34a आब एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। एक बार पुनः कांबिंग गस्त में 100 वारंटियों को गिरफ्तार कर कटनी पुलिस ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि कटनी में कानून का राज है और अपराधी चाहे जितना शातिर हो अगर वह जिले की कानून व्यवस्था के साथ छेड़खाड़ करेगे वह कटनी पुलिस के शिकंजे से बच कर नही निकल पायेगे।

उक्त समस्त कार्यवाही में पूरे जिले की टीम शामिल रही। जिसमें समस्त थाना, चौकी, पुलिस लाईन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का बल एक साथ दबिश देकर उक्त समस्त वारंटियो को गिरफ्तार करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया। कार्रवाई में शामिल पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में उद्घोषित इनाम राशि से पुरूष्कृत किया जावेगा।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत करें पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हो रहे व्यापक पैमाने पर पौधारोपण करने वालों से आग्रह किया है कि वे रोपे पौधे के साथ वायुदूत अंकुर एप पोर्टल पर फोटो भी अपलोड करें।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कटनीवासियों से पौधारोपण के इस महाभियान से जुड़ने की अपील की है ।कलेक्टर ने कहा है कि पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचायेंगे ,बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे । उन्होंने कहा कि पौधारोपण के इस नेक अभियान से सभी जुड़ें ।आप अपने परिजनों को लेकर माताजी के साथ भी सेल्फी लें और अभियान के अंतर्गत निर्धारित वेबसाइट पर भी चित्र अपलोड करें। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

#### ऐसे करें अपलोड

कलेक्टर ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ अपना फोटोग्राफ वायुदूत (अंकुर) मोबाइल एप पर अपलोड अवश्य करें। गूगल प्ले स्टोर से वायुदूत (अंकुर) एप को डाउनलोड कर लेवें। एप डाउनलोड पश्चात प्रतिभागी अपनी इच्छा अनुसार भाषा हिन्दी,अंग्रेजी का चयन करें। नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें।मोबाइल नम्बर दर्ज कर लॉगिन करें।पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओ टी पी प्राप्त कर वेरीफाई कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें।व `रीफिकेशन उपरांत नया वृक्षारोपण पर क्लिक करें। रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप पर अपलोड करें।

### नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित

**कटनी।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपरिहार्य कारणों से फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2024 की तैयारी के लिए नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम, आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया है।

### नगर निगम ने चलाया शेड्यूल डिस्लजिंग अभियान

# सार्वजनिक एवं आवासीय परिसर में स्लज संग्रहण कर जगायी स्वच्छता की अलख



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों से जन सामान्य को अवगत कराने हेतु जून 2024 के दौरान नगरी निकायों में आयोजित स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के निर्देशानुसार व निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में व्यावसायिक ,सार्वजनिक एवं आवासीय परिसरों में स्लग संग्रहण हेतु जागरूकता अभियान का संचालन किया गया ।

नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की स्वच्छता टीम ओम सांई विजन द्वारा निकाय के वार्ड क्रमांक 38 जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजय नगर में प्रदीप तिवारी के घर से सीवर सेप्टीक टैंक को रजिस्टर ऑपरेटर के माध्यम से खाली करवाया गया ।साथ ही एफएसटीपी प्लांट में संग्रहण किये गए स्लज टैंक को खाली भी करवाया गया । सेप्टीक टैंक की नियमित सफाई करवाने हेतु जन-जन को जागरूक करने के लिए निकाय में स्थित समस्त वार्डों में मलासुर जन जागरूकता अभियान का आयोजन कर समस्त नागरिकों को हर 3 साल में अपने सेप्टीक टैंक को रजिस्टर्ड ऑपरेटर के माध्यम से ही टैंक खाली करवाने की समझाइए दी गई । एवं सेप्टीक टैंक खाली करवाने शुल्क के संबंध में भी जानकारी प्रदाय की गई और हेल्पलाइन नंबर 14420 एवं 181 की जानकारी से जन-जन को अवगत कराया गया ।

### सुरम्य पार्क में महापौर ने किया पौधारोपण



महापौर प्रीति संजीव सूरी,ज़िलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,एवं नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल की गरिमामय उपस्थिति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सुरम्य पार्क में सभी के द्वारा वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संतुलन एवं स्वच्छ वातावरण हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया ।उक्त कार्यक्रम नगर निगम द्वारा आगामी दिनों अलग अलग स्थानों में जारी रहेगा जिससे अधिक से अधिक वृक्ष लगाया जा सके ।महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा सभी से इस अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाते हुए वृक्षों का संरक्षण हेतु सहयोग की अपील की है ।इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी,सुभाष साहू,पार्षद सीमा श्रीवास्तव,प्र.कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा,प्र.सहा यंत्री आदेश जैन,उपयंत्री मोना करेरा,मृदुल श्रीवास्तव,उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक अर्जरिया एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# प्राकृतिक आपदाओं से फसलों में क्षति होने पर किसानों को मिलेगा बीमा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई कटनी जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक करा सकते है। ऋणी कृषकों का संबंधित वित्तीय संस्था के माध्यम से फसल बीमा किया जायेगा। अऋणी कृषक संबंधित बैंक से या बीमा अभिकर्ता अथवा सी.एस.सी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कटनी ने बताया कि खरीफ फसलों का बीमा कराने के लिये भू-अधिकार पुस्तिका या बी-1 ,आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रमाणित प्रति तथा फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रस्तुत करना होगा। ऋणी कृषक जो फसल बीमा योजना से बाहर होना चाहते है। उन्हे भी बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व अतः 24 जुलाई तक अपने संबंधित बैंक में अवश्य सूचित करें।

फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (आकाशीय बिजली गिरना), बादल फटना, तूफान, ओलावृष्टि,चक्रवात, बाढ़, जलभराव, भू-स्खलन , सूखा , कीट-व्याधियां इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने के लिये कटनी जिले हेतु जिला स्तर में उड़द का प्रीमियम 500 रूपए ,तहसील स्तर में तिल के लिये 374 रुपये प्रति हेक्टेयर , पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित के लिये प्रीमियम राशि 720 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित के लिये 560 रूपए प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिये 440 रूपए, तुअर के लिये 618 रूपए, प्रीमियम राशि निर्धारित है। अधिसूचित फसलों के बीमा की प्रीमियम राशि अपने बैंक अथवा सी.एस.सी. सेंटर में जमा कर रसीद प्राप्त कर सकतें है।

### नगर निगम द्वारा ऑडीटोरियम में मनाया गया गौरव दिवस

# नगर पालिका स्थापना दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




मप्र शासन के निर्देशानुसार सन 1874 को कटनी नगर की स्थापना मुड़वारा नगरपालिका के रूप में होने के उपलक्ष्य में नगर निगम कटनी द्वारा बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में नगर गौरव दिवस मनाया गया।

महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, एमआईसी सदस्य,अन्य पार्षद गणों द्वारा सरस्वती वंदना पूजन एवं मध्यप्रदेश गान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के अगले क्रम में ए रवींद्रराव,केसीएस एवं साधुराम शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण,नृत्य,गीत इत्यादि की प्रस्तुति दी गई।

#### महापौर ने गाया भजन

महापौर सूरी द्वारा सुंदर भजन गाकर विशेष प्रस्तुति देते हुए सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब विकास की ओर निरंतर अग्रसर है हम सभी के प्रयासों से विगत वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण मैं हमारे कटनी शहर को देश में 36वाँ एवं प्रदेश में 8वा स्थान प्राप्त हुआ है जो कि हम सबके लिए एक सफलता हैं,और सभी के सहयोग से आगे भी हम सब इसी तरह हमारे शहर को साफ़ एवं स्वच्छ रखने हेतु और अधिक प्रयास करेंगे जिससे हम आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण मैं उच्चतम स्थान प्राप्त कर सके साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लें जिससे हमारा पर्यावरण संतुलन भी बना रहे।इसके उपरांत 10,12 वी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम क्रम में ऑडिटोरियम परिसर में वृक्षारोपण करते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,रमेश सोनी,अवकाश जायसवाल, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी,उमेन्द्र अहिरवार उपायुक्त पी.के अहिरवार, प्र.कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा,सुधीर मिश्रा, राहुल जाखड़, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहा यंत्री आदेश जैन,सुनील सिंह, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल, उपयंत्री अश्वनी पांडेय ,मोना करेरा, मृदुल श्रीवास्तव,साधुराम प्राचार्या सुमनलता सोलंकी एवं समस्त शिक्षक तथा अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# एम.वाई.भारत पोर्टल एवं डिजिटल साक्षरता पर मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में घोषित शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित माई भारत पोर्टल एंड डिजिटल साक्षरता का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कटनी जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवको ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे मास्टर ट्रेनर के रूप में सेंट अलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर अखिलेश पाठक रहे। डॉ आर पी सिंह जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने प्रशिक्षण की रूपरेखा को विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि भविष्य में होने वाली हर गतिविधि माई भारत पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे ने कहा कि माई भारत पोर्टल विकसित भारत 2047 का एक विजन है। उन्होंने आगे कहा समय के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए सभी व्यक्तियों को डिजिटल साक्षरता के साथ कौशल भी प्राप्त करना होगा रा.से.यो एक जीवन शैली है।

#### विस्तार से दी जानकारी

मास्टर ट्रेनर के रूप में सेंट अलॉयसियस कॉलेज से आए डॉ अखिलेश पाठक ने बताया कि माई भारत पोर्टल पर युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। उन्होंने माई भारत पोर्टल एवं डिजिटल साक्षरता का प्रायोगिक प्रशिक्षण देते हुए माय भारत पोर्टल पर पंजीयन,इवेंट क्रिएट करना,एक्सपीरियंशियल लर्निंग अपॉरचुनिटी आदि को विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त महाविद्यालय एवं विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी तथा प्रत्येक इकाई से एक स्वयंसेवक की सहभागिता रही।

### जिले में अब तक 118.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से से 7 जुलाई तक कुल 118.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 244.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 126.8 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 7 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 126.2 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 123.7 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 79.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 97.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 95.2 मिमी, बहोरीबंद मे 124.4 मिमी, स्लीमनाबाद में 136.5 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 160.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# विद्युत शिकायतों के निवारण के लिए आज से लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्युत शिकायतों के निवारण हेतु आज से शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपने विधुत से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायतों का निराकरण करवा सकते है, उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक ग्राम पंचायतो/ वितरण केन्द्र कार्यालय में आयोजित होंगे। आयोजित होने वाले तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविर के तहत वितरण केंद्र बसाडी मुख्यालय में 13 जुलाई, कांटी मुख्यालय में 11 जुलाई मझगंवा मुख्यालय में 9 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

इसी तरह वितरण केंद्र खलवारा बाजार कैमोर के अंतर्गत झुकेही मुख्यालय में 10 जुलाई मेहगंवा मुख्यालय में 8 जुलाई लाल नगर मुख्यालय में 12 जुलाई, नदावन मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। बडखेडा मुख्यालय में 8 जुलाई , लखा पटोरी मुख्यालय में 8 जुलाई, निवार मुख्यालय में 6 जुलाई भनपुरा मुख्यालय में 12 जुलाई, शाहपुरा मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

वितरण केंद्र बरही के अंतर्गत बरही मुख्यालय में 10 जुलाई, करौंदी खुर्द मुख्यालय में 12 जुलाई, गैरतलाई मुख्यालय में 8 जुलाई, सलैया मुख्यालय में 14 जुलाई बकलेहटा मुख्यालय में 12 जुलाई गुजरी मुख्यालय में 8 जुलाई खमरिया मुख्यालय में 10 जुलाई तथा वितरण केंद्र विजयराघवगढ के अंतर्गत बंजारी मुख्यालय में 8 जुलाई वितरण केंद्र कन्हवारा के अंतर्गत कन्हवारा मुख्यालय में 10 जुलाई देवराकला मुख्यालय में 12 जुलाई वितरण केंद्र सिंगोडी के अंतर्गत सिंगोडी मुख्यालय में 13 जुलाई पिपरियाकलाँ मुख्यालय में 14 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

# बिना अनुमति नहीं होंगे आयोजन धारा 163 लागू

# नए कानून के तहत पहला प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**जबलपुर।**



जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आने वाले त्यौहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 144 के तहत जारी किया जाता था अब नये कानून के तहत पहला आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त बिना किसी भी प्रकार के आयोजन नहीं किये जा सकेंगे। अनुमति प्राप्त किये बगैर होने वाले आयोजनों को अवैध घोषित किया जायेगा तथा आयोजकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आदेश में जिले में दो पहिया वाहन रैली को भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में भी ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा, जिनसे किसी भी धर्म अथवा वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती हो। ऐसा पाये जाने की दशा में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा और उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी। आदेश में व्यक्तियों, संस्थाओं अथवा पशु मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पशुओं को खुले तौर पर सडकों पर न छोड़ें और न ही सड़कों पर आने दें। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में घरेलू नौकरों एवं व्यावसायिक नौकरों को रखने के पहले इसकी सूचना संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में देना अनिवार्य किया गया है। होटल, लॉज, धर्मशाला में रूकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेने तथा विहित प्रारूप में इनकी सूची प्रतिदिन संबंधित थाने को देने के निर्देश होटल, लॉज, धर्मशाला संचालकों को दिये गये हैं। आदेश के मुताबिक पेइंग गेस्ट की सूचना संबंधित मकान मालिक द्वारा विहित प्रारूप में सबंधित थाने को देनी होगी। इसके बाद ही पेईंग गेस्ट को रखा जा सकेगा। यदि मकान में किरायेदार रखा जाता है तो इसकी सूचना भी संबंधित थाने को लिखित रूप से मकान मालिक द्वारा प्रदान किया जाना अनिवार्य होगा। आदेश में जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में व्हाट्सअप, एक्स, फेसबुक एवं सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाले फोटो, वीडियो, चित्र अथवा मैसेज करने या साप्रदायिक मैसेज करने अथवा उन्हें फारवर्ड करने, लाईक करने, कमेंट करने की गतिविधियों को भी प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सोशल मीडिया के ग्रुपों पर विशेष निगाह रखी जाने के निर्देश भी प्रतिबंधात्मक आदेश में दिये गये हैं। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में चेतावनी दी गई है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में सबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।



# जबलपुर के 125 शिवभक्तों ने जल एवं त्रिशूल भेंट कर किए बाबा अमरनाथ के दर्शन

**जबलपुर।** श्री शिव सेवक जबलपुर शाखा के प्रभारी राज कुमार सिंगरहा ने अनंतनाग, कश्मीर से जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार लगातार इस वर्ष भी श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था 2 जुलाई को जबलपुर से हर-हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना हुआ था। इस यात्रा की शुरुआत पहलगाम, कश्मीर से 04 जुलाई को की गई जिसमें पहले दिन में 42 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए पंजतर्नी बेस कैम्प में रात रुककर अगले दिन पुनः पवित्र गुफा तक की 6 किलोमीटर की चढ़ाई पार करते हुए 06 जुलाई को प्रातः बाबा बर्फानी के दर्शन किए। प्रतिवर्ष अनुसार माँ नर्मदा का जल अर्पित किया एवं त्रिशूल भेंट कर संस्कारधानी की उन्नति, सुख, समृद्धि की कामना करते हुए देश में अमन चैन की प्रार्थना की। दर्शन उपरांत 16 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए सायं 6 बजे बाल्टाल बेसकैंप में यात्रा संपन्न की। यात्रा के द्वितीय चरण में जत्था माँ वैष्णो देवी के दर्शन 10 जुलाई को करके जम्मू तवी से दिनांक 12 जुलाई को सुबह 8 बजे जबलपुर पहुँचेगा। बताया गया प्रतिवर्ष 2004 से श्री शिव सेवक शाखा प्रमुख राज कुमार सिंघरा के नेतृत्व में जबलपुर के शिवभक्तों को श्री अमरनाथ जी यात्रा करवाई जाती है। इस वर्ष यात्रा में मुख्य रूप से राजकुमार सिंगरहा, मुकेश सोनी, ब्रजेश शर्मा, सुनील पटेल, आशीष चौबे, सुमित चौहान, विवेक कचवाहा, अतितोष शर्मा, दिलीप गुहा, अनिल परदेशी, विजय गुप्ता, सूरज भान, चंद्रकला सोनी, शशि बघेल, संदीप अग्रवाल सहित 125 शिवभक्तों ने बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा की यात्रा की।

# सब्र-शांति के साथ मुहर्रम मनाने बैठक में लिया निर्णय

**जबलपुर।** मदन महल दरगाह में गतरात्रि आगामी पर्व मुहर्रम की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। मुतवल्ली सैयद कादिर अली कादरी ने तिलावते क़ुरान पाक मीटिंग की शुरुआत की। सज्जादानशीन इनायत अली कादरी के द्वारा संचालित बैठक मे वरिष्ठ समाज सेवी हाजी मकबूल अहमद रजवी ने अपने वक्तव्य में कहा हजरत इमाम हुसैन सब्र की इंतहा है संस्कारधानी का मुहर्रम कौमी एकता का मर्कज है, यहाँ सभी धर्मो के लोग इमाम आली मकाम का उर्स मिल-जुलकर मनाते हैं। लिहाजा सब्र-शांति के साथ जिला प्रशासन- पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए मुहर्रम मनाना है।अकबर खान सरबर ने कहा की हमें अदब और अक़ीदत का ख्याल रखते हुए मुहर्रम मनाना है। हमारी वजह से किसी को तकलीफ ना पहुंचे इस बात का ख्याल रखें। इस मीटिंग में लगभग 50 से ज्यादा मुजवार व कमेटियां शामिल हुईं। सभी कमेटियों व मुजावरों ने एक स्वर में कहा की हम शालीनतापूर्वक और अक़ीदत से मुहर्रम मनाएंगे। मीटिंग में थाना प्रभारी गढ़ा एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे जिन्होंने कहा की प्रशासन आपके साथ हर कदम रहेगा और शासन प्रशासन की गाइड लाइन के अंतर्गत पर्व को मनाये। मीटिंग मे अन्ना बाबा, गुलफाम बाबा, अब्दुल बाबा, कालू बाबा, सोनू बाबा ,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। अंत मे सज्जादानशीन मुबारक कादरी ने सभी उपस्थित लोगों का शुक्रिया अदा कर आभार व्यक्त किया।



# प्रतिभावान बच्चों एवं अभिभावकों का सम्मान करेगी सनराइज एकेडमी

**जबलपुर।**

सनराइज एकेडमी फॉर स्पेशल नीड चिल्ड्रन की स्थापना 9 जुलाई सन 2019 में हुई थी, संस्था अध्यक्ष सुश्री विनीता पगारे ने बताया कि इस संस्था का उद्देश्य ऑटिजम व एडीएचडी बच्चों को थेरेपी के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा इन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है, संस्था अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रही है, बहुत से बच्चे इस संस्था से प्रशिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन चुके हैं, कार्यक्रम संयोजक डॉ. एच.पी. तिवारी ने बताया कि अन्य बच्चों, संस्था और समाज के लिए रोड मॉडल बन चुके अति प्रतिभावान बच्चों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान एवं अभिभावक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रविवार 7 जुलाई को आर्य समाज सभा भवन, रसल चौक में किया जा रहा है। जिसमें बच्चे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन भी करेंगे, वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक व शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी ने बताया कि बच्चों और उनके अभिभावकों का मनोबल बढ़ाने में ऐसे आयोजनों की महती भूमिका है। नगरवासियों को इसका अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए, संस्था सचिव उमेश सोनी ने बताया कि इस शहर के बच्चों, उनके अभिभावकों और जन सामान्य के मार्गदर्शन हेतु दिल्ली से सतीश कपूर, बड़ोदरा से श्रीमती राधा टंडन और आयोध्या से अंकित मिश्रा का मुख्य वक्ता के रूप में आगमन हो रहा है, मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' उपस्थित रहेंगे, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जितेन्द्र जामदार, पूर्व उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, अरविंद यादव संयुक्त आयुक्त, जबलपुर संभाग, डॉ. श्रद्धा तिवारी वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक एवं शिक्षा सलाहकार, डॉ. राम नरेश पटेल नोडल अधिकारी, संभागीय समावेशी शिक्षा उपस्थित रहेंगे।






# युवाओं ने रोजगार के लिए एक दिवसीय ड्रोन कौशल का प्रशिक्षण लिया

**जबलपुर।** सिन्धी युवा संस्था लाल स्कूल गलगला द्वारा ड्रोन कौशल और उद्यमिता एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 14 वर्ष से ऊपर के बच्चों, युवाओं, बहनों को आई.आई.ई.एस.पी. टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से विनियम ड्रोन, ड्रोन एनाटॉमी, ड्रोन अनुप्रयोग एवं कैसे ड्रोन प्रशिक्षण से शासन की योजनाओं के माध्यम से रोज़गार उत्पन्न कर सकें, कार्यक्रम में मुख्य रूप से जवाहरगंज वार्ड पार्षद एम.आई सदस्य रजनी साहू उपस्थित थीं। मीडिया प्रभारी डॉ. जय रोहाणी द्वारा बताया कि संस्था द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक एवं युवाओं को अनेक कार्यक्रम के माध्यम से मंच प्रदान किये जाते हैं जिसे कमजोर वर्ग संबल एवं समानता का भाव उत्पन्न कर सके। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरी रोहाणी, रमेश बालानी, छँगमाल भवानी, कन्हैया लाल अगीचा, रिंकु पंडित बाबू अग्रवाल, राकेश दासवानी, चेतन पुरूसवानी, मुरली रोहणी, मन्नु आहूजा, पप्पू नगपाल, टेकु कुंडवानी, पाली रोहानी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# निरंकारी महिला संत समागम संपन्न

**जबलपुर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी सत्संग भवन गोल बाजार में विशाल महिला संत समागम का आयोजन 07 जुलाई को किया गया। संत निरंकारी महिला संत समागम पूर्वान्ह 11 बजे से 2 बजे तक प्रयागराज से बहन सारिका नारंग के सानिध्य में किया गया। महिला संत समागम जबलपुर,नरसिंहपुर जिला स्तरीय जिसमें मण्डल की अनेक ब्रांचों जबलपुर, लालमाटी, गढ़ा, आधारताल, धनपुरी, गोसालपुर, पनागर, सिहोरा, नरसिंहपुर, करेली, कुंडम आदि स्थलों से सैकड़ों की संख्या मे साधसंगत ट्रेनों, बसों व फोर व्हीलर द्वारा प्रातः संत निरंकारी सत्संग भवन गोल बाजार पहुंची। इन सैकड़ों भाई-बहनों को संबोधित करते हुए बहन सरिता नारंग ने कहा कि आज हम देखते हैं कि महिलाएं व पुरुष आपस में कंधे से कंधा मिलाकर अपने परिवार को ऊंचाइयों पर पहुँचते हैं ऐसे में सतगुरू माता समझाते हैं, कि महिलाओं पर न सिर्फ स्वयं के परिवार की जिम्मेदारी है, बल्कि आध्यात्मिक क्षेत्र में भी आगे आकर अपनी आत्मा का कल्याण करना भी अति आवश्यक है। भक्ति की तरफ भी अग्रसर होकर मीठी वाणी से परिवार में घरों को स्वर्ग बनाते हुए बच्चों में भी आदर सत्कार के बीज बोकर उन्हें भी देश के अच्छे नागरिक बनाना है। आगे आपने फरमाया कि निरंकारी इतिहास का अध्ययन करते हैं तो देखते हैं कि जगत के पिता ने मातृ शक्ति को अपना स्थान देकर सम्मानित किया, प्रथम जगत्माता बुद्धवंती, फिर निरंकारी राजमाता, माता सविन्दर हरदेव व वर्तमान में मिशन की अगवाही सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज स्वयं कर रही हैं, आज के युग में प्यार दुलार व मां के हर स्वरूप की आवश्यकता है।समागम में मंच का संचालन रीया एवं डॉ. प्रिया चतुर्वेदी द्वारा किया गया व विभिन्न क्षेत्रों से भाई- बहनों ने गुरूमत पर आधारित कविताओं, गीतों व विचारों का सहारा लेकर वातावरण पूर्ण रूपेण भक्तिमय कर दिया।

समागम की तैयारियां हेतु महिला समागम कमेटी खुशबू नागपाल की अध्यक्षता में बनाई गई थी ।





# विहिप व बजरंग दल ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

**जबलपुर।** विगत दिवस संसद के सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा हिंदू विरोधी बयान देने पर जहां पूरे भारतवर्ष में इसका विरोध हो रहा है, इसी के चलते विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा जबलपुर में भी राहुल गांधी का पुतला दहन एवं आक्रोशित व्यक्त किया गया। आज ग्वारीघाट के झंडा चौक में रमेश तिवारी जिला अखाड़ा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मां नर्मदा जिला के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिनमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदा प्रखंड के रमेश तिवारी, जिला अखाड़ा प्रमुख मनोज कोटवानी, अध्यक्ष ईश्वर साहू, संयोजक कैलाश गोस्वामी, सहसंयोजक हर्ष चौबे, मंत्री अनिल पहलवान, हिमांशु रजक, दुर्गा शंकर, भास्कर अहिरवार, राघव बर्मन, गगन चौधरी, रवि हिंदू, नवीन प्रधान, उदित राजपूत, अभिषेक ठाकुर, सुमित सेन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा महिला संगठन ने पाटबाबा में किया सुंदरकांड का आयोजन

**जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा महिला संगठन म. प्र. जबलपुर के तत्वावधान में पाट बाबा मंदिर परिसर में सुन्दर कांड, भजन व भंडारे का आयोजन किया गया। संगठन की अध्यक्ष नम्रता विश्वकर्मा ने बताया कि समाज की सहभागिता से कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं एवं सामाजिक बंधु उपस्थित हुए। इस धार्मिक आयोजन में शामिल अतिथियों में माला सिंह (मंत्री राकेश सिंह की धर्मपत्नी), नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, संदीप जैन अध्यक्ष समरसता संस्था, आभा साहू, अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला साहू समाज, श्वेता सिंह, महामंत्री भाजपा, संगीता विश्वकर्मा पूर्व पार्षद, शिवकली मालवीय, उमा विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की।



# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने किया पौधारोपण

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे क्लैप प्रोजेक्ट के अन्तर्गत वन महोत्सव कार्यक्रम में 06 जुलाई को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ जबलपुर के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला मुख्य आयुक्त विजयकांत तिवारी के नेतृत्व में अधारताल तलाब में बाउंड्री वॉल के अंदर वाले हिस्से में गाजर घास की सफाई कर 30 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला संघ उपाध्यक्ष सोनल तिवारी, जिला सचिव देवेंद्र कुमार भट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय हो अधारताल विकास समिति पदाधिकारी आशीष विश्वकर्मा, देवेन्द्र जायसवाल, योग समिति सचिव एसके विश्वकर्मा, डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत, शुभांगी शर्मा, रीना कोरी, रिंकू शाह, किरण येवले, पूजा श्रीवास सहित स्थानीय नागरिकों व समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 100 स्काउट्स एंड गाइड्स के साथ स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।



# पॉवर इंजीनियर्स ने केन्द्रीय विद्युत मंत्री को सौंपा मांगों का ज्ञापन

## कोयला आयात की अनिवार्यता समाप्त हो

**जबलपुर।** पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केन्द्रीय विद्युत मंत्री को दिया ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल न लाया जाए और निजीकरण का विफल प्रयोग वापस लिया जाए, कोयला आयात की अनिवार्यता समाप्त हो और ऊर्जा क्षेत्र के कुशल संचालन हेतु विशेषज्ञ पावर इंजीनियर्स को शीर्ष प्रबन्धन में तैनात किया जाए। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने यह मांग की है कि ऊर्जा क्षेत्र एवं बिजली उपभोक्ताओं के व्यापक हित में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल का प्रस्ताव अब न लाया जाए और निजीकरण के व अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी के विफल प्रयोग को वापस लिया जाए। फेडरेशन ने यह भी मांग की है कि कोयले के लगातार बढ़ रहे उत्पादन को देखते हुए राज्यों के बिजली उत्पादन घरों को अनिवार्य रूप से कोयला आयात करने का निर्देश वापस किया जाए। फेडरेशन ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेषज्ञ पावर इंजीनियर्स को देश के सभी पावर कार्पोरेशन में शीर्ष प्रबंधन पदों पर तैनात किया जाए। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अभियन्ता संघ के महासचिव विकास कुमार शुक्ला ने बताया कि फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, मुख्य संरक्षक पदमजीत सिंह, सत्यपाल, यशपाल शर्मा, प्रशांत चतुर्वेदी और एके जैन ने दिल्ली में केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिलकर उन्हें ज्ञापन देकर उक्त मांग की। फेडरेशन के ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कुछ वर्षों में केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल के जरिए इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 में संशोधन करने के प्रयास किया। इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल का मुख्य उद्देश्य यह था कि विद्युत वितरण के क्षेत्र में निजी घरानों को लाइसेंस दिया जाए और उन्हें सरकारी क्षेत्र की विद्युत वितरण कंपनियों के नेटवर्क के इस्तेमाल की इजाजत दी जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी का प्रयोग महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और कुछ अन्य प्रांतों में किया गया किंतु यह प्रयोग पूरी तरह से विफल रहा और अधिकांश अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी के करार निरस्त किए जा चुके हैं। इसी प्रकार उड़ीसा प्रांत में संपूर्ण विद्युत वितरण क्षेत्र का निजीकरण किया गया। यह प्रयोग भी बुरी तरह से विफल रहा और 2015 में रिलायंस पावर के सभी लाइसेंस रद्द कर दिए गए। किंतु दुर्भाग्य की बात है कि 2020 में पुनः उड़ीसा में संपूर्ण वितरण क्षेत्र टाटा पावर को दे दिया गया है। इसके बावजूद कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। इसलिए निजीकरण के और अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी के इन विफल प्रयोग को अब वापस लेने का समय आ गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है की एक और कोल इंडिया लिमिटेड यह दावा कर रहा है कि कोयल का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड का यह भी दावा है कि देश के ताप बिजली घरों के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है। ऐसे में पिछले कुछ वर्षों से राज्यों के ताप बिजली घरों के लिए कोयला आयात करना अनिवार्य किया जाना किसी भी प्रकार उचित नहीं है। हाल ही में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने एक आदेश के जरिए 4% कोयला आयात करने का आदेश अक्टूबर 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। इन आदेशों को अब वापस लेने का समय आ गया है। फेडरेशन के ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सरकार का और बिजली इंजीनियरों का एकमात्र उद्देश्य यही है कि आम जनता को सस्ती बिजली मिले। फेडरेशन ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से यह मांग की कि देश के पावर सेक्टर को आत्मनिर्भर, कुशल और सक्षम बनाने के लिए यह जरूरी है कि देश के सभी पावर कारपोरेशन में शीर्ष प्रबंधन पदों पर विशेषज्ञ और योग्य पावर इंजीनियर्स की तैनाती की जाए। फेडरेशन ने उम्मीद जताई है कि पावर सेक्टर को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने की प्रक्रिया में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय समय-समय पर पावर इंजीनियर फेडरेशन और उपभोक्ता संगठनों के साथ विचार विमर्श की प्रक्रिया बनाएगा।

## बिजनेस साइट

# एनर्जी के अवसर - एक आशाजनक निवेश थीम

**रीवां।** बिना एनर्जी के दुनिया अंधकारमय और काफी डरावनी होगी। आधुनिक दुनिया एनर्जी आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर है। आस-पास के गैजेट्स पर एक त्वरित नजर डालें-चाहे वह आपका लैपटॉप हो, मोबाइल फोन, कार, एयर कंडीशनर, रसोई के उपकरण आदि - तो आपको एहसास होगा कि एनर्जी की हमारी जरूरत बढ़ रही है। वास्तव में, आधुनिक अर्थव्यवस्थाएं एनर्जी की पर्याप्त आपूर्ति के बिना ढहने का जोखिम उठाती हैं।

मजे की बात यह है कि सिर्फ घर ही नहीं बल्कि कारखाने, परिवहन प्रणाली और संचार, अन्य भी निरंतर एनर्जी आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर हैं। एनर्जी आपूर्ति में कमी अक्सर पूरे आधुनिक इकोसिस्टम को प्रभावित करती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि एनर्जी आपूर्ति निर्बाध बनी रहे, तेल और गैस, बिजली, रिन्यूएबल एनर्जी- सौर और पवन ऊर्जा जैसे क्षेत्रों की कई कंपनियां और कम्पोनेंट निर्माता बढ़ती एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

इस बीच, भारत का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए क्योंकि यह देश सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक है और जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। दूसरे शब्दों में, इसका मतलब होगा कि भारत की एनर्जी जरूरतों में जबरदस्त वृद्धि होगी जो आगे चलकर अवसरों की एक बड़ी खिड़की खोलेगी। और, अवसर निवेश थीम को साथ लेकर आते हैं।

वर्तमान में, एनर्जी सेक्टर में निवेश के अवसरों की बात करें तो भारत एक बेहतरीन स्थिति में है। ऐसे कई कारक हैं जो भारत में एनर्जी की खपत को बढ़ा सकते हैं। भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने, बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती आय, जलवायु परिवर्तन और रिन्यूएबल एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर सरकारी सुधार - ये सभी प्रति व्यक्ति एनर्जी आवश्यकताओं में पर्याप्त वृद्धि का संकेत देते हैं, जो वर्तमान में विश्व के औसत का एक तिहाई है।

चूंकि भारत की संरचनात्मक कहानी मजबूत बनी हुई है और इसके तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है, इसलिए भारत के लिए अपने विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एनर्जीएक प्रमुख प्रेरक बनी हुई है। जो निवेशक एनर्जी निवेश के अवसरों का लाभ उठाना चाहते हैं, वे म्यूचुअल फंड के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं। वर्तमान में, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड में एनर्जी सेक्टरपर केंद्रित एक नया फंड ऑफर (एनएफओ) चल रहा है, जो 02 जुलाई से 16 जुलाई, 2024 तक खुला है। इस योजना के निवेश सेक्टर में ग्रीन एनर्जी, तेल और गैस सेक्टर, बिजली और संबंधित सेक्टर से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं।



अरविन्द सक्सेना
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रीवां

फाडा ने वकील ऑन द-स्पॉट सेवा शुरू की

# वाहन चालकों को मिलेगी 24 घंटे ऑन-रोड कानूनी सहायता

## अब होगी वाहन मालिक की सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश में वाहन स्वामियों को यात्रा के दौरान तत्काल कानूनी सहायता मिलेगी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ( फाडा) ने लोटस साथ मिलकर वकील ऑन-द-स्पॉट नाम से इसकी शुरूआत की है। यह सरल सेवा देभभर के मोटर चालकों के लिए 24 घंटे ऑन-रोड कानूनी समाधान है जो दुर्घटना, वाहन चोरी या किसी अन्य ऑन-रोड कानूनी मुद्दों के मामले में कानूनी सहायता तक पहुंच को आसान बनाता है। इस पहल का उद्देश्य सड़क पर अप्रत्याशित और चुनौतीपूर्ण कानूनी स्थितियों का सामना करने वाले व्यक्तियों को 24/7 योग्य वकीलों तक पहुंच प्रदान करके सहायता प्रदान करना है।

मध्यप्रदेश फाडा के अध्यक्ष आशीष पांडे ने वकील ऑन-द-स्पॉट के बारे में बताया कि सड़क दुर्घटना में शामिल रहे हों, यातायात उल्लंघन का सामना किया हो एलओटीएस आपकी मदद करेगा। इसके साथ ही सड़क पर किसी अन्य कानूनी मुद्दे का सामना किया हो तब भी वकील ऑन-द-स्पॉट कार्यक्रम इन कठिन परिस्थितियों से आसानी से निपटने में मदद करने के लिए बनाया गया है। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत में क्षेत्रीय निदेशक विशाल जौहरी, आदित्य कसलीवाल, और अनुषा कयेड सहित अन्य क्षेत्रीय निदेशकों की उपस्थित रहे।



पांडेय ने बताया कि फाडा ने रायपुर ऑटोमोबाइल डोनर्स एसोसिएशन (राडा) और लॉयर्ड के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास से किया। जिसे एस प्रकाश, सचिव परिवहन विभाग और परिवहन आयुक्त और डी. रविशंकर, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त जैसी प्रमुख हस्तियों का समर्थन प्राप्त था। उनकी भागीदारी ने सरकार की स्वीकृति और सड़क पर कानूनी सहायता की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित किया। लॉयर्ड के संस्थापक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि भारत में हर वाहन मालिक के लिए एक सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा को सशक्त बनाते हुए, लॉयर्ड एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहां सड़क पर कानूनी सहायता सिर्फ एक कॉल दूर हो। लोटस के साथ, हम सड़क पर कानूनी सहायता में क्रांति लाने का प्रयास करते हैं,जो पूरे देश में 24 घंटे उपलब्ध समाधानों का एक विश्वसनीय और निरंतर स्रोत प्रदान करता है।

### फाडा में 15,000 से अधिक ऑटोमोबाइल डीलरशिप शामिल

उल्लेखनीय है कि फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) भारत के ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाला सर्वोच्च राष्ट्रीय निकाय है। फाडा में 15,000 से अधिक ऑटोमोबाइल डीलरशिप शामिल हैं, जिनमें क्षेत्रीय, राज्य और शहर संघों सहित 30,000 से अधिक आउटलेट हैं, जो डीलरशिप और सर्विस सेंटरों में लगभग पांच मिलियन लोगों को रोजगार देते हैं।

# अरबपति की बीवी, खुद का बच्चा पालने के लिए मिलता है 58 लाख महीना

एजेंसी ▶▶| लंदन

आपने लोगों को अपनी गरीबी का दुखड़ा रोते हुए देखा होगा। पैसों की कमी के चलते अच्छा खाने-पहनने का दुख बताते हुए सुना होगा, लेकिन शायद ही कभी किसी ने अपनी अमीरी का दुखड़ा भी रोया हो। दुबई में रहने वाली एक करोड़पति हाउसवाइफ पहले तो इस बात के लिए परेशान थी कि उसे इतना कुछ मिल जाता है कि उस पर हर समय सुंदर दिखने का प्रेशर रहता है। अब मां बनने के बाद उसके नखरे अलग ही लेवल पर पहुंच चुके हैं।

लोग बच्चे देखने के लिए नैनी को तनख्वाह देते हैं लेकिन एक करोड़पति की पत्नी अपने ही बच्चे की देखभाल के लिए तनख्वाह लेती है। उसे पति से हर महीने 58 लाख रुपए सिर्फ इसलिए मिलते हैं, क्योंकि वो बच्चे की मां है। आपको ये अजीबोगरीब लग रहा होगा, लेकिन लिंडा एड्रे नाम की इस महिला ने सोशल मीडिया पर लोगों को बताया है कि वो सिर्फ मां होने के नाते अपने पति से हर महीने लाखों रुपए लेती हैं।




### नैनी को भी दी जाती है 8 लाख तनख्वाह

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक लिंडा एंड्रे दुबई में रहती हैं और उनके उनके रईस पति रिकी उन्हें हर महीने 58 लाख रुपए से ज्यादा का अलाउंस हर महीने देते हैं। कपल की एक बेटी है —अमीरा। हाल ही में उसका जन्म हुआ है और लिंडा का कहना है कि उसकी देखभाल करना एक फुल टाइम जॉब जैसा है। हालांकि, उसके पास एक नैनी भी है, जिसे 8 लाख की तनख्वाह भी दी जाती है, बावजूद इसके लिंडा मां की जिम्मेदारी उठाने के नाम पर पति से लाखों रुपए लेती है।

# किंग कोबरा पर लगाया शैंपू, फिर पानी से नहलाने लगा शख्स



**नई दिल्ली।** जब जहरीले सांपों की बात होती है, तो सबसे पहले लोगों की जुबान पर कोबरा नाम ही होता है, हालांकि, वो दुनिया का सबसे जहरीला सांप नहीं है। पर कोबरा की लंबाई, फन फैलाना और जहर की तीव्रता उसे काफी डरावना बना देती है। सोचिए जब कोबरा को देखकर लोग भयभीत हो जाते हैं, तो फिर किंग कोबरा को देखने से क्या हालत होगी, जो उससे भी ज्यादा बड़ा और जहरीला होता है। किंग कोबरा काट ले तो आधे घंटे से कम वक्त में इंसान मर सकता है। पर एक व्यक्ति ने तो उसे नहाला, शैंपू किया और उसकी ये हरकत देखकर लोग हैरान नजर आ रहे हैं।

- हैरान हुए लोग, बोले- 'लगता है इसे मरना है!

हाल ही में एक हैरान करने वाला वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक शख्स किंग कोबरा को नहलाता नजर आ रहा है। सांपों को नहलाया इस वजह से जाता है, क्योंकि उनके अंदर दुर्गंध आने लगती है। इसके अलावा कई बार उन्हें गर्मी के दिनों में नहला दिया जाता है जिससे उनका तापमान सामान्य रहे। वो अक्सर गंदी जमीनों पर रेंगते हैं तो उनके शरीर पर गंदगी जम जाती है।

### किंग कोबरा को नहलाता दिखा शख्स

वीडियो में शख्स के सामने एक काफी बड़ा और मोटा किंग कोबरा सांप मौजूद है। उसने अपना फन उठाया हुआ है। शख्स उसके पास ही बैठा है। सबसे पहले वो शैंपू को हाथ में लेकर उसके ऊपर लगाता है। ऊपर से नीचे तक वो शैंपू लगा देता है। सांप उसे कुछ नहीं कर रहा है, शायद वो उसका पालतू होगा. फिर वो पानी से नहलाने लगता है। ये देखकर लोग काफी हैरान लग रहे हैं।

13 सेवादार चौबीसों घंटे करते हैं देखभाल

# 255 साल पुराना है यह पेड़, 5 एकड़ जमीन पर फैली इसकी फैमली

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



भारत ऐतिहासिक विरासत और अजब-गजब प्राकृतिक संपदाओं से भरा देश है। हर कोना अपने आप में विशिष्ट और बेजोड़ है। देश के साथ ही विदेशी पर्यटकों और रिसर्चरों के लिए भारत हमेशा से एक दिलचस्प और महत्वपूर्ण राष्ट्र रहा है। हावड़ा के शिबपुर में स्थित एक विशालकाय बरगद का पेड़ इसी लिस्ट में आता है। दरअसल, विशाल वट वृक्ष 255 साल पुराना है। साथ ही यह पेड़ 5 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है। बरगद के पेड़ को कोलकाता का सबसे पुराना और बुजुर्ग नागरिक भी कहा जाता है।

255 साल पुराना विशाल बरगद का पेड़ हावड़ा के शिबपुर के आचार्य जगदीश चंद्र बोस इंडियन बोटेनिक गार्डन में है। पिछले 30 वर्षों में इस पेड़ का फैलाव दो एकड़ से भी ज्यादा जमीन पर हुआ है। बोटेनिकल गार्डन में इस पेड़ को देखने के लिए देश के साथ ही विदेशों से भी लोग आते हैं। पर्यटकों के बीच यह आकर्षण का मुख्य केंद्र है। विशाल बरगद के पेड़ में लगातार फैलाव के चलते बोटेनिकल गार्डन के अधिकारियों को इसकी बाउंड्री में वृद्धि करनी पड़ी है, ताकि इस ऐतिहासिक पेड़ को सुरक्षित रखा जा सके।

### लगातार फैल रहीं शिराएं

बरगद के पेड़ की मुख्य जड़ बहुत पहले खत्म हो चुकी है, लेकिन इसकी शिराएं लगातार फैल रही हैं। पेड़ की शिराएं फैलते-फैलते 5 एकड़ तक पहुंच चुकी हैं। एक ही पेड़ को देखने पर लगता है मानो किसी जंगल में आ गए हों। साल 1985 में जब पेड़ के चारों ओर एक बाड़ लगाई गई थी, तो इसने तीन एकड़ क्षेत्र को कवर किया था। आज चारों ओर पेड़ की शिराओं से इतनी सारी जड़ें उग आई हैं कि कुल कवर क्षेत्र 5 एकड़ से भी ज्यादा हो गया है। बोटेनिक सर्वे ऑफ इंडिया ने विशालकाय पेड़ को 'द वॉकिंग ट्री'का नाम दिया है।

### लाइकेन और काई की होती है जांच

बोटेनिकल गार्डन के 13 कर्मचारी विशेष रूप से पेड़ की देखभाल करते हैं। उनमें से चार वरिष्ठ बोटेनिस्ट हैं और बाकी प्रशिक्षित माली हैं। वे फंगल संक्रमण, दीमक के संक्रमण और सड़न के लक्षणों के लिए पेड़ की जांच करते रहते हैं। एक अन्य वरिष्ठ वनस्पतिशास्त्री बसंत सिंह ने बताया कि पेड़ पर लाइकेन और काई की जांच भी की जाती है, ताकि इसके हेल्थ का पता लगता रहे। सबसे बड़ा काम पेड़ को उसके विस्तार में सहायता के लिए यथासंभव अधिक से अधिक मदद करना है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इस विशालकाय बरगद के पेड़ को शामिल किया गया है। बोटेनिकल गार्डन अधिकारियों ने बताया कि इस ग्रेट बरगद के पेड़ की 4,000 से अधिक जड़ें हैं, जो इसे जीवित रखती हैं। वे बताते हैं कि यह अपने आप में एक आश्चर्य है, क्योंकि मुख्य जड़ 1925 में फंगल संक्रमण के कारण नष्ट हो गया था। पेड़ सूर्य के प्रकाश की दिशा का अनुसरण करते हुए पूर्व की ओर 'चल'रहा है। यह पेड़ जल्द ही आसपास की पक्की सड़कों को पार कर गया और लगातार पूर्व की ओर बढ़ता रहा। बोटेनिकल गार्डन के क्यूरेटर एमयू शरीफ ने बताया कि पेड़ की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# पीएनबी पर लगा 1.31 करोड़ रु. का जुर्माना

▶ केवाईसी से जुड़े रूल्स और लोन और एडवांस से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने पर रिजर्व बैंक ने लिया सख्त कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के दूसरे सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर के बैंक पंजाब नेशनल बैंक पर आरबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। रिजर्व बैंक ने पीएनबी पर 1.31 करोड़ रुपए का तगड़ा जुर्माना लगाया है। बैंक पर रिजर्व बैंक ने यह कार्रवाई केवाईसी से जुड़े रूल्स और 'लोन और एडवांस' से जुड़े नियमों का पालन करने के कारण की है। केंद्रीय बैंक ने पीएनबी में 31 मार्च, 2022 तक वित्तीय स्थिति के संदर्भ में निरीक्षण किया था। इसके बाद मामले पर बैंक को आरबीआई द्वारा नोटिस जारी किया गया था।

रिजर्व बैंक ने अपनी जांच में पाया है कि पीएनबी ने सब्सिडी, रिफंड और रीइंबर्समेंट के जरिए सरकार से मिलने वाली राशि के बदले राज्य सरकार के अधीन आने वाले कॉरपोरेशन को वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन दिया था। इसके साथ ही पीएनबी अपने कुछ अकाउंट्स में कस्टमर्स की डिटेल्स और एड्रेस संबंधित जानकारी को रखने में असफल रहा है। ऐसे में बैंक पर ग्राहकों के केवीईसी से जुड़े डिटेल्स न रखने के कारण भी जुर्माना लगाया गया है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है - सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी, भारतीय वनविभाग द्वारा निकली पक्की सीधीभर्ती परमानेंट बेसेस पर,(10008) पद -फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, पदो पर, (10वी-12वी) पास लड़के लड़कियां आवेदन करे, सैलरी -(28600- 35600), कॉल / व्हाट्सएप करे -8274989318 (रायपुर /08 / जुलाई 24)

**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छूट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 08826459431 (रायपुर/09/जुलाई 24)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

# खतरे में धरती! पृथ्वी के करीब आ रही है तबाही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




एस्टेरॉयड को काफी लंबे समय से धरती के लिए खतरा बताया जाता है। दुनियाभर के वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर धरती से एस्टेरॉयड टकराता है, तो बड़ी तबाही मच सकती है। कहा जाता है कि एक बार धरती से एस्टेरॉयड टकराया था, जिसके बाद डायनासोर खत्म हो गए थे। अब फिर कुछ सालों में धरती की तरफ बड़ी तबाही आ रही है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक एस्टेरॉयड धरती के करीब आ रहा है, जो 305 मीटर चौड़ा है। इसका नाम मिस्र के विनाश के देवता एपोफिस के नाम पर रखा गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब इसके अध्ययन और पृथ्वी को बचाने वाले मिशन में शामिल होना चाहता है। इसके साथ ही वह इसे समझना चाहता है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ और वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने एस्टेरॉयड दिवस 2024 के मौके पर बेंगलुरु में एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में इस बारे में बताया। इसरो अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने कहा कि जब साल 2029 में एपोफिस आएगा तो हमें इस एस्टेरॉयड पर जाने और उससे मिलने में सक्षम रहना चाहिए। तब यह पृथ्वी के बेहद करीब होगा।

उन्होंने कहा कि मानवता के लिए यह एस्टेरॉयड के साथ काम करने का एक अवसर है। भारत को इस तरह कोशिशों का हिस्सा बनना चाहिए। अभी यह तय करना है कि भारत किस तरह हिस्सा लेगा। कहा जाता है कि एस्टेरॉयड टाइम कैप्शूल हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह शुरुआती दुनिया के अवशेष हैं। हमारी दुनिया का निर्माण कैसे हुआ उसे समझने में इससे मदद मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5565



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5564 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |

## सूडोकु नवताल - 5576

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5575 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |




# राम चरण ने पूरी की 'गेम चेंजर' की शूटिंग

**मुंबई।** कॉलीवुड के मशहूर निर्देशक शंकर और सुपरस्टार राम चरण की अखिल भारतीय राजनीतिक ड्रामा फिल्म 'गेम चेंजर' पर सभी की निगाहें टिकी हैं। निर्माता दिल राजू इस फिल्म को अपने करियर की यादगार परियोजना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि यह उनकी 50वीं प्रोडक्शन फिल्म है। फिल्म की शूटिंग में लगातार राम चरण और टीम व्यस्त थे। अब आखिरकार राम चरण ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं खबर यह भी है कि 'गेम चेंजर' की शूटिंग पूरी करने के बाद अब राम चरण 'उप्पेना' फेम बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म पर फिलहाल अपना ध्यान लगा सकते हैं।

लाइफ Style

# हिना
## कैंसर के कारण निकाला बाहर?

हिना खान कैंसर से जंग लड़ रही हैं और अब इसका असर उनकी प्रोफेशनल लाइफ पर भी देखने को मिल रहा है। खबर आ रही है कि उन्हें डिज्नी प्लस हॉटस्टार के 'राप्चिक रीटा' से मेकर्स ने रातोंरात रिप्लेस कर दिया है। उनकी जगह किसी और एक्ट्रेस ने ली है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डैमेज्ड' एक्ट्रेस हिना खान को डिज्नी+ हॉटस्टार की अपकमिंग कोर्ट ड्रामा 'रापचिक रीता' में एक वकील का किरदार निभाना था। लेकिन ब्रेस्ट कैंसर के खुलासे के बाद उन्हें रिप्लेस कर दिया है। जानी-मानी एक्ट्रेस को उनकी जगह कास्ट किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज में हिना की जगह 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा को लिया गया है। हालांकि, न तो निर्माताओं और न ही एक्ट्रेस ने अभी तक इस अपडेट की पुष्टि की है। जैसे ही ये खबर सामने आई, हिना खान के फैंस नाराज हो गए। वो डिज्नी प्लस हॉटस्टार और 'रापचिक रीता' के मेकर्स पर नाराजगी जाहिर करने लगे। एक फैन ने ट्विटर (अब एक्स) पर लिखा, 'वो (हिना) कैंसर से जूझ रही हैं, वे उनके ठीक होने का इंतजार नहीं कर सकते? ये बहुत क्रूर है।' दूसरे यूजर ने डिज्नी प्लस हॉटस्टार को टैग करते हुए लिखा, 'शर्मा आनी चाहिए!' हिना ने बताया कि लोगों को भले ही उनके शरीर पर निशान दिख रहे हों, लेकिन उनकी आंखों में उम्मीद है। वो इस भयानक बीमारी का डटकर सामना कर रही हैं। फैंस और सिलेब्स भी उनके लिए दुआ मांग रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला




# 'सुपरमैन' के सेट से तस्वीरें हुईं लीक

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स गन की नई फिल्म के सेट से तस्वीरें लीक हुई हैं, जिसमें सुपरमैन हथकड़ी में नजर आया। सुपरमैन बने डेविड कोरेनस्वेट को मिलिट्री ने गिरफ्तार किया है और सिटी हॉल ले जा रहे हैं। 'सुपरमैन' के साथ ब्लैक कलर की कॉस्ट्यूम में एक नकाबपोश व्यक्ति भी नजर आ रहा है। जेम्स गन की नई सुपरमैन फिल्म आ रही है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जिसने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। लीक तस्वीरों में एक्टर डेविड कोरेनस्वेट सुपरमैन के रोल में नजर आ रहे हैं।



# मैंने हमेशा गलत पुरुषों को किया डेट...

**मुंबई।** अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपनी अभिनय प्रतिभा के बूते इंडस्ट्री में अलग मुकाम हासिल किया है। नेपाली मूल की मनीषा ने बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में दी हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपने व्यक्तिगत जीवन पर बात करती नजर आईं। इस दौरान मनीषा ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में रिलेशनशिप के मामले में काफी कुछ झेला है। मनीषा ने कहा कि उन्होंने गलत पुरुषों को डेट किया है। 'मैंने इस बात पर गौर किया कि मैं सिर्फ गलत लोगों के प्यार में क्यों पड़ी। मैं सोचती थी कि मैं बार-बार ऐसा क्यों कर रही हूं या फिर मेरे साथ कुछ गड़बड़ है, जो मैं कमरे में सबसे ज्यादा परेशान रहने वाले व्यक्ति की ओर आकर्षित हो रही हूं। मैंने सोचा कि सबसे पहले मुझे इस बात पर काम करना होगा कि मुझे क्या परेशान कर रहा है।



# मल्लिका के साथ काम करना चाहते हैं

**नई दिल्ली।** अभिनेता इमरान हाशमी और अभिनेत्री मल्लिका शेरावत फिल्म 'मर्डर' में साथ नजर आए थे। 2004 में आई इस फिल्म में दोनों के बीच गजब की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। लेकिन, हैरानी की बात ये भी है कि इसी फिल्म के दौरान दोनों के बीच भयंकर झगड़ा भी हो गया था। बात इतनी बिगड़ चुकी थी कि उस फिल्म के बाद दोनों फिर किसी फिल्म में साथ नजर नहीं आए। दो दशक बाद इमरान हाशमी ने उस तकरार पर अब जाकर चुप्पी तोड़ी है। इमरान हाशमी ने कहा कि वह मल्लिका के साथ दोबारा साथ काम करना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा, 'हमने यह सब एक तरफ रख दिया, बहुत समय पहले की बात है। उसे देखना और मिलना बहुत अच्छा लगा। वह बहुत गर्मजोशी से भरी थीं और मैं भी।



# एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे बिखेरेंगे अपना जादू...

**मुंबई।** देश के बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी राधिका मर्चेंट से होने जा रही है। 12 जुलाई से 14 जुलाई तक ये कार्यक्रम होगा। जिसमें इंटरनेशनल स्टार के आने की खबर है। बताया जा रहा है कि एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे परफॉर्म कर सकते हैं। पिछले दोनों ही फंक्शन में इंटरनेशनल स्टार्स ने अपनी मौजूदगी से इसकी रौनक बढ़ाई थी। और अब शादी में भी कुछ नामी सितारों को बुलाने का प्लान हो रहा है। देश के अरब-खरबपति मुकेश अंबानी अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी के बेटे में शायद हर शौक पूरा करना चाह रहे हैं। दो प्री-वेडिंग सेरेमनी के बाद शादी भी धूमधाम से करने चा रहे हैं। मार्च महीने में तीन दिन जामनगर में तो मई के आखिर तीन दिनों तक क्रूज पर जमकर पार्टी हुई। 12 से 14 जुलाई तक चलने वाले शादी के फंक्शन में ये सिंगर्स परफॉर्मेंस देने के लिए भारत आ सकते हैं।


टीवी मसाला



# बिग बॉस 17 के टॉप 5 में पहुंचते पहुंचते रह गई थी ये कंटेस्टेंट...

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' सबसे पॉपुलर सीजन में शामिल हो चुका है, जिसकी ट्रॉफी मुनव्वर फारूकी ने अपने नाम की थीं। लेकिन कुछ ऐसे कंटेस्टेंट थे, जिन्हें फैंस ने खूब सपोर्ट किया था। इनमें अभिषेक कुमार, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, मन्नारा चोपड़ा और ईशा मालवीय जैसे कंटेस्टेंट्स का नाम शामिल है। लेकिन फिनाले में जगह बनाने वाले केवल मन्नारा, अंकिता और अभिषेक ही रह गए थे। इसी बीच एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुलासा किया कि उन्हें कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो करने को लेकर पछतावा होता है। इसका कारण बताते हुए उन्होंने बताया कि वह उन स्वार्थी लोगों के साथ रही, जो सिर्फ उनका 'इस्तेमाल' कर रहे थे। इसका उन्हें पछतावा है। ईशा मालवीय ने कहा, 'कई स्वार्थी लोग मेरे जीवन में आए, जो मेरा इस्तेमाल कर रहे थे और मुझे उस समय इसका एहसास तक नहीं हुआ। मुझे इन बातों का पछतावा होता है, लेकिन मुझे 'बिग बॉस' में हिस्सा लेने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे उन लोगों के साथ दोस्ती या रिश्ते बनाने का पछतावा है, जिन्होंने मेरी रिस्पेक्ट नहीं की और न ही मेरी कीमत समझी।' इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह डांस-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेना पसंद करेंगी।

## बिग बॉस होस्ट करना चाहते हैं गश्मीर



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में पिछले कुछ वर्षों में कई प्रमुख हस्तियों ने मेजबानी की है, लेकिन सलमान खान सीजन 4 में कमान संभालने के बाद से प्रशंसकों के पसंदीदा बन गए हैं। उनके आकर्षक अंदाज और करिश्मे ने कई दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल ही में, अभिनेता गश्मीर महाजनी ने बिग बॉस होस्ट करने की इच्छा जाहिर की है। गश्मीर रोमानिया में रोहित शेट्टी की 'खतरों के खिलाड़ी 14' की शूटिंग पूरी करने के बाद भारत लौटे हैं। अभिनेता ने बिग बॉस में अपनी रुचि के बारे में बताया, लेकिन एक प्रतियोगी के रूप में नहीं। इंस्टाग्राम सेशन के दौरान, अभिनेता से एक फैन ने पूछा कि क्या वह रिएलिटी शो के अगले सीजन में शामिल होंगे। सवाल का जवाब देते हुए, गश्मीर ने एक प्रतियोगी के बजाय शो में होस्ट के रूप में शामिल होने का अपना सपना बताया। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता को उम्मीद है कि भविष्य में यह किसी दिन हकीकत बन जाएगा।

# 'कमली' में कैट की बॉडी डबल हैं शक्ति मोहन?



**नई दिल्ली।** मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर शक्ति मोहन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें वह फिल्म 'धूम 3' के कैटरीना कैफ के कमली गाने पर स्टंट करती हुई दिखाई दे रही थीं। कैटरीना कैफ ने इसमें स्टंट किए थे। शक्ति का ये वीडियो देखकर लोगों का कहना था कि शक्ति मोहन इस गाने में कैटरीना की बॉडी डबल हैं। उन्होंने ही गाने में कैटरीना की जगह सभी मुश्किल स्टंट किए हैं। अब शक्ति मोहन ने इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। वह सेट पर कोरियोग्राफर की सहायक थीं और वह खुद फ्लिप नहीं कर सकतीं। शक्ति मोहन ने एक बातचीत में इस वीडियो पर बात करते हुए कहा, 'हां मुझे पता है। ये रील मुझे बहुत लोगों ने भेजी है कि आप बॉडी डबल हो। मैंने सोचा, जरा सोचो कि मैं बॉडी डबल कैसे बनूंगी? मेरी स्किन का रंग देखो। उनका स्किन टोन देखो, उनकी हाइट देखो। मैं वैभवी को असिस्ट कर रही थी और लोग देख सकते हैं कि मैं मैम के साथ खड़ी हूं और वह डांस कर रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरी एक पेरिस की दोस्त एमिली इसमें बॉडी डबल हैं। हालांकि, कई रूटीन बहुत चुनौतीपूर्ण थे। कैटरीना जोर दे रही थीं कि मैं यह करूंगी। वह पागलपन की हद तक काम कर रही थीं। उनके शरीर पर चोटे भी थीं।' उन्होंने कहा, 'फ्लिपिंग जैसी चीजें होती हैं और ऐसी चीजें जो कोई नहीं कर सकता। महीनों-महीनों की मेहनत के बाद भी आप ऐसा नहीं कर पाते, ये वो चीजें हैं, जो एमिली ने कीं। मगर मुझे नहीं पता कि यह कहानी कहां से आई कि मैं बॉडी डबल हूं।

# 'औरों में कहां ...' 2 अगस्त को होगी रिलीज




***नई दिल्ली।*** *अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'औरों में कहां दम था' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पहले यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे खिसका दी गई है। पहले इसकी टक्कर निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'किल' से होने वाली थी। निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट साझा की है। रोमांटिक ड्रामा फिल्म अब 2 अगस्त को रिलीज होगी। अजय और तब्बू ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया और नई रिलीज डेट की घोषणा की। तस्वीर के साथ अजय ने लिखा, '2 अगस्त को इंतजार खत्म होगा। औरों में कहां दम था।' नीरज पांडे ने भी पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'प्यारे दोस्तों, हमारी रिलीज की नई तारीख है।' अजय देवगन और तब्बू के अलावा 'औरों में कहां दम था' में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है।*

# जब एक पार्टी में एक साथ दिखे अमिताभ जया और रेखा, घूमा कैमरा तो बदल गए तेवर

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की पार्टीज हमेशा ही लोगों का ध्यान खींचने वाली रही हैं। आज के दौर में पार्टीज की खबर आती है और पैपराजी मौके पर पहुंच जाती हैं। उसके बाद शुरू होता है फोटो पर फोटो खिंचाने का सिलसिला। आज की पार्टीज में सेलिब्रेटीज के कपड़े ज्यादा अट्रैक्शन का कारण बनते हैं। जबकि एक दौर ऐसा था जब पार्टी में आने वाले सेलिब्रिटी सुर्खियां बटोरते थे। खासतौर से अगर एक ही पार्टी में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा तीनों एक साथ हों तो सोचिए वो पार्टी कैसी होगी। नब्बे के दशक की ऐसी ही एक पार्टी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें तीनों एक ही जगह कुछ इस अंदाज में दिखाई दिए।*

### फिल्म फेयर की पार्टी

स्टार रेट्रो 2 नाम के इंस्टाग्राम चैनल ने ये वीडियो शेयर किया है। जिसके कैप्शन के मुताबिक ये साल 1991 में दी गई पार्टी है। जिसे ऑर्गेनाइज किया था फिल्म फेयर ने। उस दौर के तमाम सितारे इस पार्टी में बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दिख रहे हैं। पूनम ढिल्लो और अमृता सिंह के चेहरे की ताजगी ही मूड को खुशनुमा करने के लिए काफी हैं। इसके अलावा अनु अग्रवाल, आमिर खान, अरूणा इरानी, गुलशन ग्रोवर, चिरंजीवी, जलाल आगा, जावेद जाफरी, गुलशन ग्रोवर, भाग्यश्री जैसे कई सितारे इस वीडियो में दिख रहे हैं।



### पार्टी का 'लव ट्रायंगल'

इस पार्टी का सबसे खास अट्रैक्शन हैं अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा. अपने अफेयर और फिर ब्रेकअप की खबरों के बाद अमिताभ बच्चन और रेखा कभी फिल्मी पर्दे पर साथ नजर नहीं आए। पब्लिक फंक्शन में भी दोनों एक दूसरे के आमने सामने आने से बचते रहे। लेकिन इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि तीनों एक ही पार्टी में मौजूद हैं। अमिताभ बच्चन सूट बूट में अपने एंग्री यंग मैन वाले स्वैग में दिख रहे हैं। तो, जया बच्चन रिच सूट में दिखाई दे रही हैं और रेखा अपनी ट्रेडमार्क बन चुकी गोल्डन साड़ी में खुले बालों के साथ पार्टी इंजॉय करते दिख रही हैं।

# देर रात सुनसान इलाके में अक्षय के साथ नाचते दिखे रणवीर सिंह...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार ने रणवीर सिंह को बर्थडे विश करते हुए सोशल मीडिया पर एक नगीना शेयर कर दिया। इसमें आप रणवीर और अक्षय कुमार का मस्त डांस देख सकते हैं। बॉलीवुड के सबसे एनर्जेटिक एक्टर और परफॉर्मर के नाम से मशहूर रणवीर सिंह ने 6 जुलाई को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर अक्षय कुमार ने अपने सूर्यवंशी कोस्टार को बधाई देते हुए एक अनसीन वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में रणवीर और अक्षय दोनों रात के अंधेरे में किसी बिल्डिंग या शायद किसी होटल के पावर प्लान वाले हिस्से में मस्ती से डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय कुमार के हाथ में मोबाइल है वो गाना प्ले करते हैं और रणवीर ने एक स्पीकर अपने कंधे पर उठा रखा है और दोनों नाचते हुए आगे बढ़ रहे हैं।



# इंग्लैंड और नीदरलैंड ने अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| डसेलडोर्फ

इंग्लैंड ने शनिवार रात को पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे। वर्ष 2021 में यूरो के फाइनल में बुकायो साका की पेनल्टी किक बचाए जाने के कारण इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था लेकिन शनिवार को उन्होंने भी शूट आउट में गोल दागा। इससे पहले उन्होंने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा। स्विट्जरलैंड को ब्रील एंबोलो ने 75वें मिनट में बढ़त दिलाई थी लेकिन साका में पांच मिनट बाद इंग्लैंड को बराबरी दिला दी जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय और फिर शूट आउट में खिंचा।

यूरो 2024





## नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से दी शिकस्त

*बर्लिन। नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तुर्की को 35वें मिनट में सामेत अकेदिन ने बढ़त बनाई जिसके बाद स्टीफन डि व्रिज ने 70वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। डि व्रिज के गोल के छह मिनट बाद मर्ट मुल्डुर ने आत्मघाती गोल दागा जिससे नीदरलैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली जो अंत में निर्णायक साबित हुई।*


कोपा अमेरिका

# उरूग्वे ने पेनल्टी शूट आउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

**लास वेगास।** मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने शनिवार को यहां ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए। उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया गिमिनेज की पेनल्टी किक



रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने पनामा को 5-0 से हराया।



## कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से रौंदा

ग्लेनडेल। कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप



### रग्बी : जागरुकता पैदा करना चाहते हैं सेरेवी

**मुंबई।** फिजी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और अब भारत के कोच वेसाले सेरेवी ने देश में रग्बी को लेकर जागरुकता पैदा करने को अपना पहला लक्ष्य बनाया है। 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल 56 साल के सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला सेवेन्स रग्बी टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। सेरेवी ने पीटीआई से विशेष बातचीत के दौरान कहा, 'मैं सामान्यतः दुनिया के इस हिस्से में, एशिया में, रग्बी पर ध्यान नहीं देता। लेकिन मैंने दुनिया के इस हिस्से में टीमों को रग्बी खेलते हुए देखा है।'

### राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे



**कैलगेरी।** प्रियांशु राजावत को यहां पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ सीधे गेम मे हार का सामना करना पड़ा जिससे कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत को दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी लेनियर के खिलाफ 45 मिनट में 17-21, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। राजावत ने इससे पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच एकमात्र मुकाबले में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के क्वालीफिकेशन में लेनियर को हराया था।

### क्रिकेट कोच के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था।

234 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में मेजबान के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर

# भारत ने जिम्बाब्वे को 100 रन से रौंदा, अभिषेक का तूफान

एजेंसी ▸▸| हरारे

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत ने रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था। फिर भारत ने जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली भारतीय टीम को 13 रन से हार मिली थी। भारत ने मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को हरा दिया। भारत ने इस तरह टी20 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की।



### अभिषेक-ऋतुराज ने जोड़े 137 रन

पिछले मैच में पदार्पण के दौरान चार गेंद में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई।

### सुदर्शन का डेब्यू

युवा ओपनर साई सुदर्शन को रविवार को हरारे में अपना टी20 डेब्यू करने का मौका मिला। कप्तान शुभमन गिल ने तमिलनाडु के इस ओपनर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की जगह प्लेइंग 11 में शामिल किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मेयर्स बो मास्काद्जा | 100 | 47 | 7 | 8 |
| गिल का बेनेट बो मुजारबानी | 02 | 04 | 0 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 77 | 47 | 11 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 48 | 22 | 2 | 5 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 234/2
गेंदबाजी : बेनेट 2-0-22-0, मुजारबानी 4-1-30-1, चतारा 4-0-38-0, रजा 3-0-34-0, जोंग्वे 4-0-53-0, मेयर्स 1-0-28-0, मास्काद्जा 2-0-29-1.

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इनोसेंट काइया बो मुकेश | 04 | 03 | 1 | 0 |
| वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई | 43 | 39 | 3 | 1 |
| ब्रायन बेनेट बो मुकेश | 26 | 09 | 1 | 3 |
| मेयर्स का रिंकू बो आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रजा का जुरेल बो आवेश | 04 | 04 | 1 | 0 |
| कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर | 10 | 18 | 0 | 0 |
| मडांडे पगबाधा बो बिश्नोई | 00 | 04 | 0 | 0 |
| मास्काद्जा रन आउट | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश | 33 | 26 | 4 | 0 |
| मुजारबानी का सुंदर बो आवेश | 02 | 04 | 0 | 0 |
| टेंडाई चतारा नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.4 ओवर में 134/10
गेंदबाजी : मुकेश 3.4-0-37-3, अभिषेक 3-0-36-0, आवेश 3-0-15-3, बिश्नोई 4-0-11-2, सुंदर 4-0-28-1, पराग 1-0-5-0.

# भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलंपिक में लिया था हिस्सा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने में अब कुछ ही समय शेष रह गया है और भारतीय एथलीट इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में अच्छी सफलता हासिल की थी और देश को उम्मीद है कि एक बार फिर भारतीय खिलाड़ी तिरंगे की शान बढ़ाएंगे।

भारत ने पहली बार ओलंपिक में वर्ष 1900 में हिस्सा लिया था जहां नॉर्मन प्रिचर्ड ने 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे। भारत का पदक के मामले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो 2020 में रहा जहां टीम ने एक स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीते थे। भारत 26वीं बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेगा। हालांकि, उसने 20 बार भारतीय झंडे तले इन खेलों में हिस्सा लिया है। इस बार भारत के 111 एथलीट पदक के लिए जोर लगाने उतरेंगे। टोक्यो ओलंपिक में कुल 124 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था और पिछली बार की तुलना में इस संख्या में गिरावट आई है। अपने पहले पांच ओलंपिक में भारत ब्रिटिश राज के अंतर्गत खेला था। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से होना है।

ओलंपिक इतिहास की बात करें, तो भारत के नाम अब तक कुल 35 पदक हैं। इनमें 10 स्वर्ण, नौ रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। सबसे ज्यादा आठ स्वर्ण पदक भारत की हॉकी टीम ने जीते हैं।


## कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

प्रारूप V
(नियम 10 देखे )
धारा 19 (1) के तहत् पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन घोषणा का प्रकाशन
सचिव, राजस्व विभाग

क्रमांक 960/अ.वि.अ./भू-अर्जन/2024 — नरसिंहपुर, दिनांक 10/06/2024

रा.मा.क्र.0001/अ-82/2024-25 ग्राम-कुरेला प.ह.नं. - 3 नं.ब. - 71 तहसील - नरसिंहपुर

जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु ग्राम-कुरेला प.ह.नं. -3 नं.ब. -71 तहसील नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर में कुल 4.720 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 4.720 हेक्टेयर है ग्राम पिठेहरा तहसील नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है :-

ग्राम-कुरेला, तहसील - नरसिंहपुर, प.ह. नं. - 3

| स. क्र. | हितबध्द व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मतूलाल वल्द करन सिंह गौड सा. देह | भूमिस्वामी | 51/2 | 0.235 |
| 2 | चंदन पिता अन्नीलाल मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 52/2 | 0.078- |
| 3 | कमल सिंह आ. हिम्मत सिंह मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 53/1 | 0.100 |
| 4 | कन्तोबाई पत्नि सोमसिंह मलाह सा. सुरगी | भूमिस्वामी | 53/2 | 0.416 |
| 5 | प्यारीबाई पत्नि अन्नीलाल मोहनलाल सीताराम कल्याण सियाबाई पिता अन्नीलाल मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 53/3 | 0.130 |
| 6 | रोशनलाल पिता प्रेमलाल मलाह सा. करेला | भूमिस्वामी | 54/1 | 0.298 |
| 7 | चन्दन पिता अन्नीलाल मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 54/2 | 0.182 |
| 8 | हुल्कर पिता प्रेमलाल मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 54/3 | 0.470 |
| 9 | प्रीतमसिंह पिता चेतराम मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 56/1 | 0.150 |
| 10 | सुखदेव पिता हुल्कर सिंह मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 56/2 | 0.279 |
| 11 | तोडल प्रीतम पिता झद्दू सुक्कीबाई वेवा मेरसिंह प्रताप कल्लू सिंह मनीराम ग्यारसीबाई भागवती बाई कलाबाई पिता मेरसिंह छब्बीबाई वेवा परमलाल भीकम किशन लाखन नेकीलाल इमरती बाई नीमाबाई हीराबाई पिता परमलाल मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 59 | 0.344 |
| 12 | बैजन्तीबाई वेवा हरनारायण गुंसाई सा. कामता | भूमिस्वामी | 60/1 | 0.152 |
| 13 | डोमन होरीलाल शिवराज नेतराम नन्हा देवसिंह पिता बाबूलाल ढीमर सा. देह | भूमिस्वामी | 61/1 | 0.110 |
| 14 | मुन्ना शोभाराम बटन सिंह छोटीबाई जीजीबाई सरजूबाई पाना आ. भूरे मुल्ली पत्नि भूरे धनीराम आलोक आ. नन्हेवीर गोपीबाई पत्नि नन्हेवीर | भूमिस्वामी | 62/1 63/1 | 0.052 |
| 15 | ओमकार गौतम मीराबाई कृष्णाबाई आ. दौलत मलाह भारती आ. खीरसागर मलाह | भूमिस्वामी | 129 | 0.334 |
| 16 | हल्कई वल्द रिच्छू मलाह सा. देह | भूमिस्वामी | 127 | 0.072 |
| | | | 128 | 0.713 |
| | | | 125 | 0.420 |
| 17 | सकुनबाई पत्नि प्रीतमसिंह मुकेश कुसुम पिता प्रीतमसिंह ललतोबाई पत्नि कमल जीरालाल नन्हेलाल बाबूलाल देवीसिंह पिता कमल मलाह सा. अमोदा | भूमिस्वामी | 123 | 0.040 |
| 18 | जगदीश प्रसाद वल्द जीवनलाल मेहरा सा. रोहनी सेवा खातेदार | ग्राम नौकर सेवा भूमि | 121 | 0.145 |
| | | | कुल योग | 4.720 |

1. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30 ) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात की गयी है। 2. कार्यपालन यंत्री रा.अ. बा.लो. सा. नहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्ब की संख्या निरंक है, अतः इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उद्भूत नही होता है। 3. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नही होने से धारा 19 की उपधारा (2) के तहत्19 उ पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नही है। 4. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों में जिन्हे उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है, को छोडकर आवश्यक नही है। 5. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

( मणिन्द्र कुमार सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
सह भू-अर्जन अधिकारी
नरसिंहपुर

(शीतला पटले)
कलेक्टर एवं प्रदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-13051/24


# एल्ड्रिन और अंकिता ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन और 5000 मीटर धावक अंकिता ध्यानी ने रविवार को विश्व रैंकिंग कोटे के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया जिससे भारतीय एथलेटिक्स टीम में सदस्यों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एल्ड्रिन और अंकिता का नाम विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रकाशित नवीनतम सूची में शामिल है। राष्ट्रीय महासंघों ने अंतरराष्ट्रीय संस्था को अपने उन एथलीटों के बारे में सूचित किया जो कट बनाने के बावजूद विभिन्न कारणों से पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। इसी तरह का उदाहरण भारत के शीर्ष लंबी कूद के एथलीट एम श्रीशंकर का है, जिन्हें 8.27 मीटर के क्वालिफिकेशन मानक से सीधे प्रवेश करने के बावजूद चोट के कारण खेलों से बाहर होना पड़ा। एल्ड्रिन सूची में 31वें स्थान पर हैं, जबकि 32 खिलाड़ी ओलंपिक में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में भाग लेंगे। अंकिता को 42वें स्थान पर रखा गया जो अंतिम रैंकिंग स्थान है। दो जुलाई को दोनों ही क्वालीफिकेशन ब्रैकेट से बाहर थे।





# पाकिस्तान स्टेडियमों पर खर्च करेगा 17 अरब रुपए

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों की मरम्मत के लिए लगभग 17 अरब रुपए आवंटित किए। पीसीबी के संचालन बोर्ड ने शनिवार को लाहौर में हुई बैठक में यह राशि मंजूर की, जिसमें महिला क्रिकेट पर खर्च के लिए 24 करोड़ रुपए भी आवंटित किए गए। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड के सदस्यों को यह भी बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी और इस महीने के अंत में कोलंबो में होने वाली आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में इस पर आगे चर्चा की जाएगी।




## रोहित की कप्तानी पर बीसीसीआई सचिव शाह को भरोसा

# चैंपियंस ट्रॉफी और डब्लूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।




शाह ने एक वीडियो संदेश में कहा, 'अगला चरण डब्लूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे।' अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन आठ साल बाद किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह 'हाईब्रिड मॉडल' लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मै श्रीलंका में खेले थे।

# फायनेंस की गाड़ी बिकने के बाद डकैती में उपयोग

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि बचने के लिए महज वाहन विक्रय के दस्तावेज दिखाना काफी नहीं है। लिहाजा, आवेदक का अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त किया जाता है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि जो वाहन डकैती में इस्तेमाल हुआ, वह आवेदक ने फाइनेंस कराया था। अब तक फाइनेंस कंपनी को सभी किश्तों की अदायगी नहीं की गई है। ऐसे में नियमानुसार किश्त चुकने तक जिसके नाम वाहन फाइनेंस हुआ था, वह बंधनकारी दायरे से बाहर नहीं हो सकता। इसके अलावा आवेदक ने फाइनेंस कंपनी से एनओसी के बिना वाहन बेचने की भी मनमानी की है। लिहाजा, राहत की उम्मीद बेमानी है। मामले की सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया। दलील दी कि आवेदक उमरिया निवासी बृज किशोर शर्मा को डकैती के प्रकरण में सह अभियुक्त बनाया गया है। दरअसल, उसने महिन्द्रा फाइनेंस कंपनी से गाड़ी फाइनेंस कराई थी। फाइनेंस कराए गए वाहन को उसने राजेश कुमार रैदास नामक व्यक्ति को बेच दिया था। इसके बाद उक्त गाड़ी का उपयोग डकैती के वारदात में किया गया। पुलिस ने प्रकरण में उसे भी आरोपित बना लिया है। इस संबंध में उसने पुलिस अधीक्षक उमरिया के समक्ष आवेदन भी किया गया। आवेदन के साथ वाहन बेचने का इकरारनामा भी प्रस्तुत किया था। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान उक्त आदेश के साथ कहा कि बचने के लिए सिर्फ वाहन बेचने के कागजी दस्तावेज प्रर्याप्त नहीं है। जिसके बाद याचिकाकर्ता की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी वापस लेने का आग्रह किया गया।

**बेचने वाले का जमानत आवेदन हाईकोर्ट ने किया निरस्त**

# मैक्सी पहनकर घुसा चोर, ले गया जेवर नगदी

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत छुई खदान बोरिंग के पास एक बदमाश लेडीज मेक्सी पहनकर एक अपाहिज के घर में देर रात घुसा और अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर और 15 हजार रुपये नकद पार कर दिये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुई खदान निवासी दोनों पैर से अपाहिज अंजनी शर्मा के घर में देर रात 12 से 3 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। अंजनी ने सुबह अपनी बेटी को घटना की सूचना दी, बेटी श्रीमति अरुणा अपने पापा के घर पहुंची और पापा के बताये अनुसार अलमारी में रखे सोने की एक जोड़ी झुमकी 9 मोती 2 चांदी की चैन तीन जोडी पायल, तीन खुचना, एक जोडी बच्चे के हाथ के चांदी के चूडे, 10 चांदी की बिछिया, एक जोडी मेंहदी तथा नगद 15 हजार रूपये गायब थे।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240